सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-159 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 18 नवम्बर 2023
03 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम मुठभेड़ में पांच आतंकी ढेर

**कामयाबी**

- मारे गए सभी आतंकवादी टीआरएफ और लश्कर से जुड़े थे



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के समनू गांव में मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 5 आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बीते गुरुवार को सुबह ऑपरेशन शुरू किया था। मारे गए सभी आतंकवादी टीआरएफ और लश्कर से जुड़े थे अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के नेहामा इलाके के समनो गांल में रातभर की शांति के बाद शुक्रवार तड़के गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकियों के होने की सूचना के बाद कुलगाम के नेहामा इलाके के समनो गांव की घेराबंदी कर दी थी और खोजबीन अभियान शुरू किया था. उन्होंने बताया कि आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोली चलाई, जिसके बाद खोजबीन अभियान मुठभेड़ में बदल गया। अधिकारियों ने बताया कि जिस जगह आतंकियों की मौजूदगी दर्ज की गई उसे सुरक्षाबलों ने चारों ओर से घेर लिया था। वहीं बीते बुधवार को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी।

# मध्य प्रदेश में टूटा मतदान का रिकॉर्ड

## मध्य प्रदेश में 80 प्रतिशत तो छत्तीसगढ़ में 74 प्रतिशत से ज्यादा हुआ मतदान

- सोनेवानी में हुआ 100 प्रतिशत मतदान
- सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों पर लगी भीड़
- महिलाओं में दिखा मतदान को लेकर भारी उत्साह



**शिवराज, कमलनाथ व तीन केंद्रीय मंत्री सहित कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ विधानसभा की दूसरे व अंतिम चरण की 70 सीटों पर शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गए। इससे पहले छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 सीटों पर सात नवंबर को मतदान हो चुका है।

मध्य प्रदेश में पिछले तीन विधानसभा चुनाव में हुए मतदान का रिकार्ड टूट गया। मतदाताओं ने 80 प्रतिशत मतदान कर कीर्तिमान बनाया है। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई थी, जो समय के साथ बढ़ती गई। मतदान का समय (शाम छह बजे) खत्म होने के बाद भी कई केंद्रों पर लंबी लाइन लगी हुई थी। महिलाओं में सुबह से ही मतदान को लेकर अच्छा उत्साह देखा गया। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच छिटपुट हिंसक झड़प भी हुई। मालूम हो कि परिसीमन के बाद हुए विधानसभा चुनावों यानी वर्ष 2008 में 69.52 प्रतिशत, वर्ष 2013 में 72.69 प्रतिशत और वर्ष 2018 में 75.63 प्रतिशत मतदान हुआ था। बालाघाट जिले के सोनेवानी मतदान केंद्र में सबसे कम 42 मतदाता हैं। यहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ। तीन दिसंबर को मतगणना होगी। उधर, छत्तीसगढ़ में पांचवें विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में 70 सीटों पर रात नौ बजे तक 74 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक 82.60 प्रतिशत मतदान कुरुद में और सबसे कम 52.11 प्रतिशत मतदान रायपुर दक्षिण में हुआ। खराबी के चलते 137 बैलेट यूनिट, 113 कंट्रोल यूनिट और 349 वीवीपैट मशीनों को बदला गया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक राकेश सिंह, सांसद गणेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, रीति पाठक और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय। कांग्रेस नेता डा. गोविंद सिंह, अजय सिंह और जयवर्धन सिंह का भाग्य भी ईवीएम में कैद हुआ।

# डीपफेक डिजिटल युग के लिए खतरनाक: मोदी

## पीएम मोदी ने एआई शिक्षा पर दिया जोर, डीप फेक वीडियो पर जताई चिंता

> “प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया कर्मियों से लोगों को डीपफेक में व्यक्तियों की गलत प्रस्तुति जैसी हानिकारक सामग्री फैलाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने का आग्रह किया। मैंने हाल ही में एक वीडियो देखा जिसमें मैं गरबा गीत गाते हुए नजर आ रहा था। ऐसे कई अन्य वीडियो ऑनलाइन हैं।



**नई दिल्ली।** नागरिकों और मीडिया दोनों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि डीप फेक सबसे बड़े खतरों में से एक है जिसका भारत की प्रणाली इस समय सामना कर रही है।

उन्होंने कहा कि इससे समाज में अराजकता पैदा हो सकती है। प्रधानमंत्री ने मीडिया से भी लोगों को बढ़ती समस्या के बारे में शिक्षित करने का आग्रह किया। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा के दिवाली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि जब डीपफेक के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग की बात आती है तो नागरिकों और मीडिया दोनों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। पीएम मोदी की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब डीपफेक को लेकर चर्चा लगातार जारी है। इसमें शामिल है कि कैसे डीपफेक मौजूदा विधानसभा चुनावों में चुनावी लोकतंत्र की अखंडता के लिए बड़ी चुनौतियां पैदा कर रहे हैं, जिससे नकली और असली क्लिप के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। डीप डाइव ने राजनेताओं को निशाना बनाने वाली छेड़छाड़ की गई छवियों, नकली वीडियो क्लिप और कृत्रिम वॉयसओवर जैसे डीपफेक के खतरों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि ये महज बयानबाजी नहीं है बल्कि जमीनी हकीकत है। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' को लोगों का समर्थन मिला है। कोविड-19 के वक्त भारत की उपलब्धियों ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया कि अब देश रुकने वाला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पूजा 'राष्ट्रीय पर्व' बन गया है जो बेहद प्रसन्नता की बात है।

**वॉयस ऑफ ग्लोबल समिट में पीएम मोदी ने कहा**

### भारत में होगा आर्टिफिशियल ग्लोबल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दूसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के अंतिम सत्र में आप सबका हार्दिक स्वागत है। मुझे खुशी है कि आज पूरे दिन चली इस समिट में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों से लेकर अफ्रिका, एशिया और पैसेफिक आईलैंड से करीब 130 देशों ने भाग लिया है। एक साल के भीतर ग्लोबल साउथ की दो समिट होना और उसमें बड़ी संख्या में आप सभी का जुड़ना, दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा मैसेज है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर ग्लोबल साउथ के दो समिट होना और उसमें आप सभी का जुड़ना अपने आप में दुनिया के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ये संदेश है कि ग्लोबल साउथ अपनी स्वायत्तता चाहता है।

# श्रमिकों को निकालने के लिए आधी सुरंग तैयार

**राहत**

- 30 मीटर बिछाए गए पाइप, बैकअप के लिए आई एक और मशीन
- सीएम ने ली अभियान की जानकारी



**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारधाम आलवेदर रोड परियोजना की सुरंग में छह दिन से फंसे 40 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए शुक्रवार रात तक आधी निकासी सुरंग (30 मीटर) तैयार कर ली गई।

श्रमिकों को बचाने के लिए 900 मिमी व्यास के स्टील पाइपों से करीब 60 मीटर लंबी निकासी सुरंग बननी है। इस कार्य में लगातार चुनौती पेश आ रही है, लेकिन त्वरित गति से उनका समाधान भी निकाला जा रहा है। बचाव अभियान रुकने न पाए, इसके लिए बैकअप के तौर पर मध्य प्रदेश के इंदौर से एक और औगर मशीन को एयरलिफ्ट कर सिलक्यारा लाया जा रहा है, जो शनिवार तक यहां पहुंच जाएगी।

साथ ही बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों ने सुरंग के अंदर पहुंचने के लिए प्लान-सी के तहत वर्टिकल और हारिजांटल मार्ग बनाने की दिशा में भी काम शुरू कर दिया है। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बचाव अभियान की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में बैठक कर आपदा प्रबंधन विभाग को बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# नैनीताल सड़क हादसे में नौ लोगों की दर्दनाक मौत

**दु:खद**

- वाहन अनियंत्रित होकर 500 फिट गहरी खाई में गिरा
- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया



**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में उस वक्त बड़ा सड़क हादसा हो गया जब अधौड़ा से हल्द्वानी को जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर 500 फिट गहरी खाई में जा गिरा। वाहन के खाई में गिरने से नौ लोगों की मौके पर मौत हो गई। साथ ही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया है। नैनीताल सड़क हादसे पर सीएम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। हादसे की वजह वाहन में यात्रियों की अधिक संख्या और बदहाल मोटर मार्ग को बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से खाई में गिरे यात्रियों को बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने नैनीताल में हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। क्षेत्र के प्रकाश रुवाली और रंजीत मटियाली ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बजे बजे एक वाहन 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। उन्होंने बताया कि वाहन में 11 यात्री सवार थे। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण छीड़ाकान मोटर मार्ग पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने बदहाल सड़क के लिए सरकार, प्रशासन और विभाग के लिए नाराजगी जाहिर की है।

## मुख्यमंत्री योगी ने छठ पर्व को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए

# शहीद पथ को सीसीटीवी से कवर करें: योगी

**आदेश**

- छठ पर्व को स्वच्छता व सुरक्षा का मानक बनाएं
- नदी और जलाशय घाटों की साफ-सफाई करा लें



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी छठ पर्व को स्वच्छता और सुरक्षा के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा और अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां व जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं व व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नदी और जलाशय घाटों की साफ-सफाई करा लें और ट्रैफिक प्रबंधन भी किया जाए। नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, प्रमुख सचिव नगर विकास, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लखनऊ के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगगत %स्वच्छ घाट% प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाए। इस अवसर पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ की दैनिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा भी की और निर्देश दिए कि राजधानी को उसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ रखा जाना चाहिए। सफाईकर्मियों का भुगतान समय पर हो जाए। जी-20 और जीआईएस के समय जिस प्रकार पूरे महानगर की सजावट की गई थी, उसे स्थायी रूप देने की आवश्यकता है। राजधानी के सभी प्रवेश पॉइंट्स सजाए जाएं। नगरों में ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर के लिए रुट तय करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई नाबालिग बच्चा ई-रिक्शा न चलाए। अवैध टैक्सी स्टैंड किसी भी दशा में संचालित न होने पाएं। सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा करते हुये कहा कि लखनऊ में अधिकाधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे यथाशीघ्र इंस्टॉल करा लिए जाएं।

### कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को तेलंगाना के लोगों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने कुल छह गारंटी, अभय हस्तम, सूचीबद्ध की, जो बंगारू तेलंगाना के सपने को साकार करना सुनिश्चित करेगी। घोषणापत्र जारी करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने तेलंगाना बनाया और हम कमीशन राज और बीआरएस की लूट के कारण आंदोलन के संघर्ष और बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना के लोगों को सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और बेलगाम प्रगति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। खड़गे ने कहा कि तेलंगाना की जनता अब हर हाल में कांग्रेस को सत्ता में लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की भ्रष्ट सरकार ने कालेश्वरम प्रोजेक्ट में बहुत बड़ा घोटाला किया है। लेकिन केसीआर सरकार के इन घोटालों पर मोदी जी खामोश रहते हैं।

**आफत** दिल्ली की लगातार जहरीली होती जा रही हवा

# फिर बन सकती है ऑड-ईवन की योजना

**स्तर**

- दिवाली के बाद हवा की गुणवत्ता एक बार फिर खतरनाक स्तर पर



**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर शुक्रवार की सुबह बेहद जहरीले स्तर पर रहा और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक रहा। राजधानी की बेहद प्रदूषित हवा ने एक बार फिर अटकलें तेज कर दी हैं कि यहां की आप सरकार यातायात प्रबंधन के लिए ऑड-ईवन नियम वापस लाएगी।

ऑड-ईवन यातायात प्रबंधन नियम 13 नवंबर से 10 दिनों के लिए लागू होने वाला था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे महज दिखावा करार दिए जाने और 12 नवंबर को दिवाली से पहले के दिनों में एक्यूआई में थोड़ा सुधार होने के बाद योजना को रद्द कर दिया गया था। लेकिन दिवाली के बाद हवा की गुणवत्ता एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर बेहद गंभीर माना जाता है। दिल्ली की प्रदूषित हवा के लिए दोष का एक बड़ा हिस्सा वाहनों के उत्सर्जन पर लगाया गया है और ऑड-ईवन नियम इसी को लक्ष्य बनाना चाहता है। दिल्ली सरकार और आईआईटी-कानपुर की एक जॉइन्ट प्रोजेक्ट में पाया गया है कि दिल्ली में कुल प्रदूषण स्तर में वाहन उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं है कि ऑड-ईवन नियम वास्तव में प्रदूषण के स्तर को कम करता है, जो कथित तौर पर आसपास के राज्यों में पराली जलाने और प्रतिकूल मौसम और हवा की स्थिति जैसे कारकों के कारण भी बढ़ता है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पहले ही संकेत दे चुके हैं कि प्रदूषित हवा को देखते हुए दिल्ली के लिए ऑड-ईवन नियम पर फिर से विचार किया जा सकता है। खासकर अगर एक्यूआई 450 के स्तर को पार करता है। इस बीच, ग्रैप IV उपाय लागू हैं, जो अन्य कारकों के अलावा, दिल्ली में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाते हैं। हालांकि, ऐसी रिपोर्टें हैं जो इस बात पर रोशनी डालती हैं कि प्रतिबंध जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के तरीकों पर गौर करने के लिए छह सदस्यीय टास्क फोर्स का भी गठन किया है।

### मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत पूर्व विधायक पर कार्रवाई

**लखनऊ।** पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 72.08 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जब्त कर लिया। ईडी ने यह कार्रवाई विनय तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेस लिमिटेड द्वारा बैंकों के कंसोर्टियम का करीब 1129.44 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में की है। बैंकों की शिकायत पर सीबीआई मुख्यालय ने केस दर्ज किया था, जिसके बाद ईडी ने भी विनय तिवारी समेत कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर और गारंटर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने विनय तिवारी की गोरखपुर, महराजगंज और लखनऊ स्थित कुल 27 संपत्तियों को जब्त किया है, जिनमें कृषि योग्य भूमि, व्यवसायिक कांप्लेक्स, आवासीय परिसर, आवासीय भूखंड आदि शामिल हैं।

# पराली से ज्यादा फैक्ट्रियों ने खराब की हवा: बलबीर सिद्धू

**तंज**

- पंजाब में जहरीले प्रदूषण में भी आई है कमी




**जालंधर।** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिद्धू ने शुक्रवार को गुलाब देवी अस्पताल में आयुर्वेदिक पंचकर्मा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल का भी दौरा किया और सेहत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लाला लाजपत राय का शहीदी दिवस मना रहा है, जिन्होंने गुलाब देवी अस्पताल शुरू किया था। इसके बाद सिविल अस्पताल में दौरे के दौरान वार्डों में मरीजों को देखने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पराली के धुएं का असर है जिसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र सरकार पर पंजाब का फंड रोकने का आरोप लगाया। गुलाब देवी अस्पताल में वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब में किसानों द्वारा पराली जलाने के मामले रोकने के लिए मान सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान पंजाब में जहरीले प्रदूषण में कमी भी आई है। हालांकि उन्होंने कहा कि पराली के मामले अभी तक बंद नहीं हुए। केंद्र सरकार को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि धान की बुआई पहले पंजाब में नहीं होती थी। केंद्र के कहने पर पंजाब में धान की बुआई शुरू की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों ने धान की बुआई करके देशभर के लोगों का पेट भरा है। अब जरूरत है कि किसानों को घर-घर जाकर पराली न जलाने के मामले में जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र घोषणा कर दे कि वह हजार रुपये प्रति एकड़ बेलन देंगे तो किसानों द्वारा पराली जलाने के मामले कल ही बंद हो जाएंगे। इस मामले की चाबी केंद्र के पास है।

## प्रधान सहायक के असामयिक निधन पर हुई शोकसभा

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के प्रधान सहायक जाहिद खाँ की आसामयिक मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पूरे राजस्व परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। कलेक्ट्रेट में शोकसभा हुई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने 02 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।शोकसभा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जाहिद खाँ, प्रधान सहायक, कलेक्ट्रेट की आकस्मिक मृत्यु पर हम सब कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारियों काफी दुखी है तथा उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है ईश्वर उनकी आत्मा को एवं शोक संतृप्त परिवार को इस आपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में उपजिलाधिकारी राजीव निगम, ट्रेनी एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह, सुधीर सोनी, मो. सलीम, विवेक सक्सेना, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मी शामिल हुए।

# बनकटी व भूड़ा गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जोरदार स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पलिया ब्लॉक के बनकटी और भूड़ा गांव में पहुंची। यहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रों को उससे लाभान्वित कराया गया। बतौर नोडल अधिकारी डीडीओ दिनकर विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए। जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की स्वाधीनता को स्मरण कर डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व पीओ यूके सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए है, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, उनकी कहानी उनकी जुबानी सुनी जाय। डीडीओ ने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।दोनों जनजातीय गांव में आईईसी रथ के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजातीय क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों से संबंधित वीडियो का प्रसारण भी हुआ। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, आधार नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की गई।

### बिरसा मुंडा से लें प्रेरणा, लोकतंत्र को बनाए सशक्तः पीओ

जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि हम लोगों को आजादी के महानायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। स्वाधीनता के महानायक बिरसा मुंडा का जीवन हमें लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपने दायित्व को सजगतापूर्वक निभाने के लिए प्रेरित करता है। लोगों से आह्वान किया कि वह लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपने सजग नागरिक का दायित्व निभाते हुए देश को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### बनकटी,भूड़ा गांव में सूचना-संचार-शिक्षा का संगम आईईसी रथ बना आकर्षण का केंद्र

केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ तय रोस्टर के मुताबिक जनजातीय क्षेत्र बनकटी और भूड़ा गांव में घूमकर अधिक से अधिक लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभों के बारे में जागरूक किया, ताकि संबंधित योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जा सके, जो जनजातीय क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बनी।

यह वैन (रथ) गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए उनसे जुड़ने एवं अपने जीवन को संवारने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं। विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध करते हुए उनका न केवल आवेदन प्राप्त किया बल्कि उन्हें लाभान्वित किए जाने पर भी काम हुआ। इस मौके पर सैम श्रेणी के लिए चिन्हित बच्चों को पोषण पोटली (सुपोषण किट) प्रदान की

### 18 को सरियापारा और मसानखम्भ पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्राः डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 18 नवंबर को दिवस नोडल अधिकारी डीपीओ भारत प्रसाद के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनजातीय क्षेत्र सरियापारा और मसानखम्भ पहुंचेगी, जहां उसका जोरदार स्वागत किया जाएगा। अफसर की पूरी टीम इन दोनों गांव में दस्तक देकर केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम करेगी। पूरा प्रयास है कि कोई भी जनजातीय क्षेत्र का पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

### यात्रा में कवर किए जाने वाले विषय

केंद्र सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और उनके लाभों को सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। इस यात्रा में मुख्य ध्यान लोगों से संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

## वांछित अपराधी गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी अम्बर सिंह नेतृत्व में शातिर /वांछित अपराधी मौसम उर्फ आशुतोष दीक्षित, बादल उर्फ शुभम दीक्षित, राजा उर्फ दुर्गेश मिश्रा गिरफ्तार किया।

### 25,000/- रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 503/2023 धारा 302/120बी/34 भादवि में नामित 25,000/- रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त प्रधान पुत्र गजोधर निवासी ग्राम अम्बेडकरनगर थाना मितौली को नरवा पुल से पहले मोहम्मदी रोड वहद ग्राम भीखमपुर थाना मितौली जनपद लखीमपुर खीरी से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 525/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

### आरोप पत्र को शून्य घोषित कर किया वापिसः प्रो.वकुल

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज के प्राचार्य प्रो.वकुल बंसल ने जांच समिति द्वारा निर्गत किये गये नियम विरूद्ध आरोप पत्र को शून्य घोषित करते हुए वापिस किया। जेवी जैन कालेज के प्राचार्य प्रो.वकुल बंसल को प्रबन्ध समिति द्वारा 17 अगस्त 2023 को निलंबित करते हुए जांच समिति अमित कुमार जैन, अनुज जैन तथा देवेन्द्र कुमार मित्तल का गठन किया गया, ताकि उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जा सकें। उप्र राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पैतृक चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधान 17.07 के अनुपालन में निलम्बन तिथि से चार सप्ताह के भीतर आरोप पत्र निर्गत हो जाना चाहिए था, अन्यथा की स्थिति में निलम्बन आदेश स्वतः निरस्त हो जाता है। प्रो.वकुल बंसल ने अपने प्रत्यावेदन 30 अक्टूबर 2023 द्वारा प्रबन्ध समिति तथा जांच समिति को उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराया, परन्तु जांच समिति द्वारा हठधर्मिता दिखाते हुए निर्धारित चार सप्ताह के स्थान पर 11 सप्ताह पश्चात आरोप पत्र आनन-फानन में प्रेषित किया तथा उसकी प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की। प्रो.वकुल बंसल ने जांच समिति को प्रेषित पत्र 17 नवम्बर 2023 द्वारा उनके आरोप पत्रों को शून्य घोषित करते हुए अनुरोध किया है उक्त द्वेष भावना से पूर्ण, औचित्यहीन, असत्य एवं आधारहीन आरोप पत्र को निरस्त करते हुए प्रबन्ध समिति को सूचित करने का कष्ट करते हुए अधिनियम एवं परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने कष्ट करें।

## केंद्रीय मंत्री ने सलोन तहसील में वितरित किए ऋण चेक




*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने रायबरेली की सालोन तहसील में स्वनिधि योजना के तहत 1518 लोगों को ऋण चेक वितरित किये। इनमें से 1475 लोगों को दस हज़ार,68 लोगों को बीस हज़ार और 80 से ज्यादा लोगों को पचास हज़ार का चेक वितरित किया। सांसद ने इस दौरान रेहड़ी पटरी दुकानदारों को धूप से बचाव के लिए छतरी भी वितरित किया। साथ ही उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की रायबरेली जिले में पड़ने वाली सलोन विधानसभा में विशेष ऋण कैंप लगाने का जिलाधिकारी से अनुरोध भी किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वनिधि योजना का उद्देश्य कोरोना कल में अपने रोजगार खो चुके लोगों को पुनः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पटरी दुकानदार लोगों को घर के दरवाजे तक जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराते हैं साथ ही ग्रामीण तथा शहरी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

# किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासनः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है।



कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला दे रहे है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके डा0 निरंजन लाल, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, पीके शुक्ला, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

# शहर के सेठ घाट पर मनाया जायेगा छठ पूजा का त्यौहार

## डायवर्जन व्यवस्था

डायवर्जन का समय दिनांक 19.11.2023 समय दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 20.11.2023 समय सुबह 10.00 बजे / छठ पूजा समापन तक

**1- प्रथम डायवर्जन सैधरी वाई पासः-** सैधरी बाईपास से मेला मैदान होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जाने वाले वाहनों को सैधरी बाईपास से डायवर्ट करते हुए बाईपास रोड से भेजा जायेगा सैधरी से मेला मैदान की तरफ छठ पूजा श्रृद्धालु व मेला दर्शनार्थी को जाने की अनुमति होगी।

**2-द्वितीय डायवर्जन -मेला मैदान चौराहाः-** शहर के विभिन्न स्थानों से होकर मेला मैदान चौराहा से इमली तिराहा की तरफ जाने वाले वाहनों को मेला मैदान से संकटा देवी चौराहा की तरफ भेजते हुए अपने अपने गन्तव्य स्थान को भेजा जायेगा तथा मेला मैदान से इमली तिराहे की तरफ केवल छठ पूजा श्रृद्धालुओं व उनके वाहनों को जाने की अनुमति होगी।

**3-तृतीय डायवर्जन-इमली तिराहाः-** 3-शहर के विभिन्न स्थानों से होकर इमली तिराहे से मेला मैदान की तरफ जाने वाले वाहनों को मिश्राना व कपूरथला तिराहे की तरफ डायवर्ट करते हुए अपने अपने गन्तव्य स्थान को भेजा जायेगा इमली तिराहे से मेला मैदान की तरफ केवल छठ पूजा श्रृद्धालुओं व उनके वाहनो के जाने की अनुमति होगी।

**पार्किंग व्यवस्था**

छठ पूजा मे आने वाले श्रृद्धालुओं, सुरक्षा कर्मी, मीडियाबंधु, मेला कमेटी, मेला दर्शनार्थी, आदि के वाहनों की पार्कंग के लिए छठ पूजा स्थल के आसपास 4 पार्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है जिसे मानचित्र में पीले रंग से दर्शाया गया है सम्पूर्ण पार्किंग व्यवस्था को 2 सेक्टरों मे विभाजित किया गया है जिनका विवरण निम्नवत है।

सेक्टर प्रथम (सेठ घाट तिराहे से छठ पूजा स्थल)पार्किग व्यवस्था-* सेठ घाट तिराहे से आने वाले समस्त वाहनों को सेक्टर प्रथम पार्किग जो सेठ घाट स्थल पर बनी मंदिर के बगल आम के बाग में पार्किंग-1 बनाया गया है वहां पर इस मार्ग से आने वाले समस्त वाहनों को पार्क किया जायेगा।

सेक्टर द्वितीय (निघासन रोड से आलू गोदाम से होते हुए छठ पूजा स्थल)पार्किग व्यवस्थाः-* सेक्टर द्वितीय पार्किग व्यवस्था मे कुल 3 पार्किग स्थल चिन्हित किये गये है निघासन रोड होते हुए सैधरी बाईपास से पचास मीटर आगे आलू गोदाम से होते हुए सेठ घाट छठ पूजा स्थल पर आने वाले वाहनों के लिए पार्किग व्यवस्था निम्न है।

पार्किग-2 शिव प्रापर्टी प्लाटिंग जिसमें मोटर साइकिल व साइकिल आदि पार्क की जायेगी,

पार्किग-3 जो शिवप्रापर्टी प्लाटिंग के सामने आम की बाग है उसमें चार पहिया वाहन को पार्क किया जायेगा

पार्किग-4 सेठ घाट स्थल को जाने वाले मार्ग के बगल खाली प्लाट व आम की बाग में बनाया गया है जिसमें चार पहिया वाहनों को खड़ा किया जायेगा।

**बैरियर व्यवस्थाः** छठ पूजा स्थल के आसपास 2 बैरियर की व्यवस्था की गई है जिससे छठ पूजा स्थल पर वाहनों के आवागमन को रोका जा सके तथा वाहनों को निर्धारित पार्किग में खड़ा किया जा सके।

**प्रथम बैरियरः-** प्रथम बैरियर को सेक्टर प्रथम के पार्किग प्रथम के पास बनाया गया है।

**द्वितीय बैरियरः-** शिव प्रापर्टी प्लाटिंग सेक्टर द्वितीय पार्किग स्थलों के पास बनाया गया है।

**सामान्य यातायात निर्देशः-** आमजनमानस से अनुरोध है कि छठ पूजा त्यौहार के दृष्टिगत श्रृद्धालुओं के आवागमन में कोई दिक्कत न हो ऐसे में आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने निर्धारित लेन /साइड मे अपने वाहन को चलायेगें गलत दिशा मे वाहन कदापि नही चलायेगें जिससे जाम की समस्या व कोई दुर्घटना की सम्भावना न हो सके। ज्ञात हो कि शहर में राजापुर क्रासिंग बंद होने के कारण वाहनों का आवागमन अत्यधिक है ऐसे मे यातायात नियमों का पालन करते हुए अपनी ही दिशा मे अपना वाहन चलाये जिससे कुशल यातायात संचालन किया जा सके।

### छठ पूजा स्थल पर पहुचने हेतु मार्ग व्यवस्था

1-इमली तिराहा से मेला मैदान व सेठ घाट तिराहे से सेठ घाट पूजा स्थल तक के मार्ग पर केवल श्रृद्धालुओं , सुरक्षा कर्मी, मीडियाबंधु, मेला दर्शनार्थी व छठ पूजा के अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों व उनके वाहनों को जाने की अनुमति होगी। अन्य वाहन चालकों के लिए यातायात एडवाइजरी में दिये गये डायवर्जन व्यवस्था के मुताबिक अपने गन्तव्य स्थान को भेजा जायेगा।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष छठ पूजा का त्यौहार शहर के सेठ घाट पर मनाया जायेगा छठ पूजा में दिनांक 19.11.2023 की शाम को ढलते हुए सूरज को अर्घ देकर तथा दिनांक 20.11.2023 की सुबह सूर्य उगने से पहले अर्घ देते हुए इस त्यौहार को मान्यता के मुताबिक मनाया जाता है छठ पूजा में पूजास्थल सेठ घाठ पर करीब 15 से 20 हजार श्रृद्धालुओं के आने की सम्भावना है पूजा स्थल पर श्रृद्धालु प्रायः अपने निजी वाहन कार, मोटरसाइकिल, व अन्य साधन ई-रिक्शा, मैजिक आदि से आते है, छठपूजा स्थल पर श्रृद्धालुओं /दर्शनार्थियों का आवागमन दिनांक 19.11.2023 को दोपरह करीब 12 बजे से प्रारम्भ हो जायेगा व जिनका आवागमन दिनांक 20.11.2023 को सुबह करीब 10.00 बजे तक बना रहेगा सेठ घाट पूजा स्थल पर श्रृद्धालुओं के सुगमता से पहुचने के लिए इमली तिराहा व मेला मैदान से होते हुए आने वाले वाहन व श्रृद्धालु सेठ घाट तिराहा से होकर सेठ घाट छठ पूजा स्थल पर पहुचते है छठ पूजा स्थल पर पहुचने हेतु एक अन्य मार्ग सैधरी बाईपास से करीब 50 मीटर आगे से आलूगोदाम से होता हुआ छठ पूजा स्थल तक आया है श्रृद्धालुओं के यातायात सुगमता के लिए यातायात पुलिस द्वारा गूगल मैप के माध्यम से मानचित्र सेठ घाट पूजा स्थल पर इस यातायात एडवाइजरी के साथ प्रेषित किया जा रहै है जसमें छठ पूजा स्थल पार्किग के स्थान व आने जाने वाले मार्ग को दर्शाया गया है छठ पूजा स्थल का अक्षाश व देशान्तर क्रमशः 27.963944 , 80.786833 है, जिसकी सहायता से भी गूगल मैप के माध्यम से छठ पूजा स्थल पर पहुचा जा सकता है श्रृद्धालुओं के सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सिविल पुलिस, पीएसी, एलआईयू, महिला पुलिस, की डियूटी लगाई गई है, साथ ही साथ श्रृद्धालुओं के यातायात सुगमता के लिए जगह जगह पर यातायात पुलिस लगाई गई है सम्पूर्ण यातायात व्यवस्था को 3 सेक्टर में विभाजित कर यातायात पुलिस कर्मियो की डियूटी लगाई गई है छठ पूजा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत यातायात से सम्बन्धित डायवर्जन प्लान व पार्किग आदि की व्यवस्था की गई है जिस सम्बन्ध मे यातायात निर्देश/एडवाइजरी निम्नवत है।

# ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएगा शिक्षक, महानिदेशक के आदेश का करेगा विरोध

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की 20 नवंबर से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होने जा रही है। महानिदेशक की तरफ से दिए गए इस आदेश का विरोध शिक्षकों में शुरू हो गया है। बिना सुविधाओं के जबरदस्ती थोपी जा रही इस व्यवस्था का निजी फोन से ऑनलाइन काम न करके विरोध करने जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने महानिदेशक को पत्र देकर इस आदेश के बहिष्कार की घोषणा की है। उसी क्रम में अब जिले में भी शिक्षकों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।

संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिला सरंक्षक समर बहादुर सिंह और जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि महानिदेशक की तरफ से 10 नवंबर को पत्र जारी करके प्रदेश के सात जनपदों में 20 नवंबर से विद्यालय स्तर पर व्यवहृत 12 पंजिकाओं को डिजिटाइजेशन करने और आनलाइन उपस्थिति देने का निर्देश प्रदान किया गया है। इस संबंध में शिक्षकों को किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया है और न ही पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कुछ विद्यालयों में टैबलेट तो दिए गए हैं परंतु उनको चलाने के लिए सिम भी प्रदान नहीं किया गया है।

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने बताया कि विभाग ने फिर से 16 नवंबर को पत्र जारी करके कंपोजिट ग्रांट मद से सिम क्रय किए जाने का आदेश भी दिया गया है। लेकिन विभाग की तरफ से यह नहीं बताया गया है कि यह सिमकॉर्ड किसके नाम रहेगा और आईडी किसकी लगेगी। जिन विद्यालयों को टैबलेट नहीं दिया गया है उन विद्यालय के शिक्षकों को अपने अपने मोबाइल से अपनी उपस्थिति प्रेषित करने तथा पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन का निर्देश दिया गया है,जो कि पूर्णतया अव्यावहारिक है। कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने महानिदेशक को पत्र देकर इस आदेश के बहिष्कार की घोषणा की है।

उन्होंने यह कहा है कि हम अपने निजी मोबाइल ,निजी सिम, निजी डेटा से अपनी उपस्थिति नहीं देंगे, साथ ही पूरे प्रदेश के शिक्षकों से यह अपील भी किया है कि सभी शिक्षक एकजुट होकर इस आदेश का बहिष्कार करें।

उन्होंने कहा कि प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर अपने मान सम्मान तथा स्वाभिमान की रक्षा के लिए एकजुट होकर इस आदेश का पूर्ण बहिष्कार करें। हम सब यह संकल्प व्यक्त करें कि पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षण मिले बिना तथा हमारी जायज मांगी पूरी होने तक इस व्यवस्था को कदापि स्वीकार नहीं करेंगे।

# जूडो प्रतियोगिता के महिला वर्ग में एसडी कॉलेज मु.नगर बना विजेता

## पुरूष वर्ग में हुकम सिंह कॉलेज सहारनपुर ने कब्जायी ट्राफी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुन्नालाल और जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज द्वारा मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता एवं कबड्डी ट्रायल 2023-24 का आयोजन का किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। आज गांधी पार्क के डा.बीआर अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूडो चैंपियनशिप में महिला व पुरुष दोनों वर्गो की खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। कबड्डी ट्रायल में महिलाओं ने प्रतिभाग किया एवं अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जूडो प्रतियोगिता में महिला वर्ग में 8 महाविद्यालयों ने एवं पुरुष वर्ग में 7 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना जी रहे। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की साक्षी, 52 किलोग्राम भार वर्ग में मुन्नालाल एवं जय



नारायण खेमका कॉलेज की करिश्मा, 57 किलोग्राम भार वर्ग में आईआईएमटी कोटा कॉलेज की विनीता, 63 किलोग्राम भार वर्ग में एस.डी. कॉलेज मुजफ्फरनगर की मीनाक्षी, 70 किलोग्राम भार वर्ग में आरके कॉलेज शामली की यश्वी, 78 किलोग्राम भार वर्ग में एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की जानवी एवं 78 किलोग्राम से अधिक भार-वर्ग में मुन्नालाल डिग्री कॉलेज की शैली धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम भार वर्ग में हुकुम सिंह कॉलेज के कृष्णवीर, 66 किलोग्राम भार वर्ग में हुकुम सिंह कॉलेज, सहारनपुर के संजू कश्यप, 73 किलोग्राम भार वर्ग में एसडी कॉलेज, मुजफ्फरनगर के तुषार कुमार, 81 किलोग्राम भार वर्ग में जेवी जैन कॉलेज, सहारनपुर के मोहम्मद शोएब, 90 किलोग्राम भार वर्ग में आईआईएमटी कॉलेज, सहारनपुर के आयुष यादव एवं 100 किलोग्राम भार वर्ग में दिशा भारती कॉलेज, सहारनपुर के यश ने अपने-अपने वर्गो में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। टीम चैंपियनशिप के महिला वर्ग में प्रथम स्थान एसडी कॉलेज, मुजफ्फरनगर एवं द्वितीय स्थान मुन्नालाल डिग्री कॉलेज सहारनपुर ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान हुकुम सिंह कॉलेज सहारनपुर ने एवं द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर एवं एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर ने हासिल किया। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डा.शरद चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय बेहट, अतिथि काशी नरेश यादव उप क्रीड़ा अधिकारी, महाविद्यालय क्रीडा परिषद की सदस्या प्रोफेसर सीमा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर अनुपम गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा सिंह, दीक्षा सिंह, दीपाली सिंह, श्रीमती निधि सैनी, कु.शिखा रानी उपस्थिति रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या मेजर प्रोफेसर पंकज छाबड़ा ने विजेताओं को पुरुष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की अध्यक्षा एसोसिएट प्रोफेसर डा.रीता बोरा ने बताया कि जूडो प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में होने वाली उत्तर पूर्वी जोनल जूडो चैंपियनशिप 2023-24 में प्रतिभाग करने का एवं कबड्डी ट्रायल में चयनित प्रतिभागियों को गुरु काशी यूनिवर्सिटी, भटिंडा में होने वाली उत्तर जोनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगें।

# प्रवेश फार्म की अवैध वसूली के विरोध में छात्र-छात्राओं ने जाम लगा किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में प्रवेश फार्म के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को लेकर आज छात्र-छात्राओं आक्रोश फूट पड़ा। गुस्सायें छात्र-छात्र.।ओं ने कलेक्ट्रेट तिराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया तथा महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

जेवी जैन डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश फार्म के रुपये ज्यादा लेने के आरोप लगाते हुए आज जमकर हंगामा काटा। आज महाविद्यालय से सभी प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राए जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तिराहे पर पहुंचे ओर प्रबंध समिति सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके प्रवेश के फार्म के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए जोरदान प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मानव श्रखंला बना कलेक्ट्रेट तिराहे पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्र नितिन पंवार ने आरोप लगाते हुए बताया कि कॉलेज मे बिकने वालो प्रवेश फार्म जो 400 रुपये का है, वो यूनिवर्सिटी की तरफ से मात्र 50 रुपये का है। मामले को लेकर प्रार्थना पत्र प्राचार्य व सक्रेटरी को दिये गये। फिर भी कोई सुनवाई नही हो रही हैं।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 18 नवम्बर, 2023



# शिकायतो की निस्तारण आख्या न भेजने पर सात विभागों को चेतावनी जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को किसान दिवस का कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। सात शिकायतों की निस्तारण आख्या संबंधित विभागों द्वारा ना भेजने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी के गत माह हुए किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की कार्यवाही से सम्बधिंत समीक्षा की गयी, जिसमें उप कृषि निदेशक ने बताया कि कुल 15 शिकायतों पर चर्चा हुयी थी, जिसमें से कुल 08 शिकायतों की निस्तारण आख्याएं प्राप्त हुयी थी जिसमें से पुलिस अधीक्षक, खनन अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, कायमगंज एवं अमृतपुर से सम्बधित 07 शिकायतों के निस्तारण आख्या अप्राप्त थी जिसमें जिलाधिकारी ने सम्बधित अधिकारियों को अनुस्मारक पत्र जारी करने एवं उपस्थिति अधिकारियों को समय से शिकायतो का परीक्षण कर निस्तारित करने के निर्देश दिये। साथ ही साथ खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि जरूरतमंद कृषको को बालू सरकारी दर पर उपलब्ध करायें। प्रगतिशील कृषक राममोहन दीक्षित निवासी ग्राम सिरोली विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा विकास खण्ड स्तर पर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए माँग की गयी जिसके लिये मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हम लोग शासन स्तर पर बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेगें। नये एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के गठन के बारे में जानकारी चाही गयी नहर में पानी छोड़े जाने की माँग की गयी जिसमें सिचाई विभाग द्वारा बताया गया कि नहरों में पानी एक सप्ताह के अन्दर छोड दिया जायेगा। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा सिरोली में श्याम कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम खेडा सिरोली विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा लोन के लिये आवेदन किया था जो कि अभी तक बैक द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया।

# घर बैठे लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ेगा डाक विभाग




**वित्तीय समावेशन महोत्सव का पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने भदोही जिले के औराई में किया शुभारंभ, खुले 8 हजार खाते**

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। बदलते परिवेश में वित्तीय समावेशन, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है।

उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने भदोही जिले के औराई में आयोजित डाक व्यवसाय एवम वित्तीय समावेशन महोत्सव में संबोधन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल ने विभिन्न बचत योजनाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की। डाक अधीक्षक विनय कुमार ने बताया कि डाक मेले में 8,000 से अधिक बचत खाते खोले गए। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आइपीपीबी, आधार, पासपोर्ट, रेलवे टिकट, कॉमन सर्विस सेंटर, गंगाजल, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। आकर्षक ब्याज दरों के कारण आज भी डाकघर की बचत योजनाएँ सर्वाधिक लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत आरंभ सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली पीएम किसान सम्मान निधि सहित तमाम डीबीटी राशि की निकासी के लिए बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाओं का लाभ डाकिया के माध्यम से घर बैठे लिया जा सकता है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आधार से मोबाइल लिंक होना जरूरी है, ऐसे में अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से ही आधार से मोबाइल नम्बर लिंक या अपडेट किया जा सकता है। डाकिया अब घर बैठे पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र भी बना रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि आमजन को विभिन्न सेवाओं के लिए भटकना न पड़े और सारी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें, इसके लिए अब डाकघरों में भी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएँ मिल रही हैं।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु संशोधित समय-सारणी जारी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9-10 ) के समस्त वर्गों हेतु मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने, छात्रों द्वारा आनलाइन ओवदन से छात्रवृत्ति वितरण तक समस्त कार्यवाही हेतु संशोधित समय-सारणी जारी कर दी गयी है, जो छात्रवृत्ति https://scholarship.up.gov.in पोर्टल पर भी उपलब्ध है। छात्र / छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 08 दिसम्बर, आनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र / छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित संस्था/ विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर, छात्र / छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मूल अभिलेखों से मिलान के उपरान्त आनलाईन आवेदन प्राप्त करने, सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। आवेदन में एनपीसीआई की ए0पी0आई0 की इंटीग्रेशन होना अनिवार्य है। डीएससी0रिसेट होने पर स्वतः उक्त विवरण भी रिसेट हो जायेगा। नोडल अधिकारी आदि की डी0एससी किसी अन्य संस्था में प्रयोग नही होना चाहिये। छात्रों का व्यक्तिगत विवरण को डिजीलॉकर के माध्यम से आटोफेच किया जाना है। जनपद के समस्त पूर्वदशम विद्यालयों / समस्त वर्ग के छात्र/ छात्राएं द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही किया जाना अनिवार्य है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 18 नवम्बर को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील भोगांव में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील भोगांव में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील करहल में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील किशनी में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य जोनल रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | | आवृति/चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04047 | पूर्णियाँ जं. (अनारक्षित विशेष) | 16:55 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 04051 | सहरसा जं. (अनारक्षित विशेष) | 07:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 04057 | जयनगर (अनारक्षित विशेष) | 11:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | | रविवार | 19.11.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 12.12.2023 तक |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 27.11.2023 से 04.12.2023 |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2023 से 05.12.2023 |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | रवि, मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध | 19, 21, 23, 25, 27 एवं 29.11.23 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | शनि, सोम, बुध, शुक्र, रवि, मंगल, वीर | 18, 20, 22, 24, 26, 28 एवं 30.11.23 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 19.12.2023 तक |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 20 एवं 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | शनि, रवि, सोम, वीर | 18, 19, 20 से 30.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शनि,रवि, सोम, मंगल, शुक्र | 18, 19, 20, 21.11.23 से 01.12.23 |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 18, 21 24 27 & 30.11.2023 |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | | सोम, वीर, रवि, बुध | 20, 23, 26, 29.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25, 28.11.2023 |
| 02259 | भागलपुर | 20:00 | नई दिल्ली | 17:00 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 18, 21, 24, 27, 30.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | रवि, बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 19, 22, 25, 28.11.2023 & 01.12.2023 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार | 21 एवं 23.11.23 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार, शनिवार | 18, 22 एवं 24.11.23 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04003 | सीतामढ़ी (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 02:00 | नई दिल्ली | 01:30 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | शनिवार, मंगलवार | 18 एवं 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | रविवार, बुधवार | 19 एवं 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | शनिवार, वीरवार | 18, 23, 25, 30.11.23 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:50 | | शनिवार, वीरवार | 18, 23, 25, 30.11.23 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.एवं 01.12.23 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 18, 25.11 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | सोम, बुध, शनि | 18, 22, 25, 29.11 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | मंगल, गुरु, रवि | 19, 23, 26, 30.11 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | ानि, मंगल, शुक्र, सोम | 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04534 | सरहिन्द | 20:20 | सहरसा जं. | 23:45 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04533 | सहरसा जं. | 03:00 | अम्बाला कैंट | 05:00 | | शनिवार, मंगल | 18 एवं 21.11.2023 |
| 04536 | चंडीगढ़ | 23:55 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | चंडीगढ़ | 12:30 | | शनिवार, मंगल | 18 एवं 21.11.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | तिथि वार | मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध, शुक्र | 21, 23, 25, 27, 29.11.23 एवं 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | बुध, शुक्र, रवि, मंगल, गुरु, शनि | 22, 24, 26, 28, 30.11.23 एवं 02.12.23 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | तिथि वार | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | बुधवार, शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05089 | बनारस | 21:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 |
| 05090 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 09:50 | | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05464 | वाराणसी शहर | 10:40 | जौनपुर | 13:00 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 05463 | जौनपुर | 13:20 | वाराणसी शहर | 15:30 | | वीरवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 02365 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार और मंगलवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02366 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | राजगीर | 19:10 | | रविवार और बुधवार | 22.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05473 | जौनपुर जं. | 13:20 | औंड़िहार जं. | 14:40 | साप्ताहिक | वीरवार | 30.11.2023 तक |
| 05474 | औंड़िहार जं. | 11:35 | जौनपुर जं. | 13:00 | | शुक्रवार | 30.11.2023 तक |
| 09623 | अजमेर जं. | 16:10 | बरौनी जं. | 19:00 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 09624 | बरौनी जं. | 11:00 | अजमेर जं. | 13:35 | | सोमवार | 20.11.2023 |
| 05073 | गोरखपुर | 20:55 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:30 | तिथि वार | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05074 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:30 | गोरखपुर | 07:30 | | बुधवार एवं शनिवार | 22 एवं 25.11.2023 |
| 05075 | छपरा जं. | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:00 | तिथि वार | सोमवार एवं वीरवार | 20 एवं 23.11.2023 |
| 05076 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 16:00 | छपरा जं. | 09:30 | | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05041 | छपरा कचहरी | 09:30 | अमृतसर जं. | 14:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं शनिवार | 21 एवं 25.11.2023 |
| 05042 | अमृतसर जं. | 17:45 | छपरा कचहरी | 22:00 | | बुधवार एवं रविवार | 22 एवं 26.11.2023 |
| 02261 | दरभंगा जं. | 22:00 | नई दिल्ली | 18:15 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 02263 | सहरसा जं. | 23:45 | नई दिल्ली | 21:45 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 05575 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला छावनी जं. | 23:15 | तिथि वार | बुधवार | 22.11.2023 |
| 05571 | जयनगर | 06:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | तिथि वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 02265 | नई दिल्ली | 17:00 | साबरमती | 07:15 | तिथि वार | शनिवार | 18.11.2023 |
| 02266 | साबरमती | 02:30 | नई दिल्ली | 19:05 | | सोमवार | 20.11.2023 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05522 | दरभंगा जं. | 18:15 | अहमदाबाद जं. | 17:00 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |

17.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# भाजपा की संस्कृति में जवाबदेही, विनम्रता व अनुशासन का समावेश: अर्चना मिश्रा

## कुर्सी विधान सभा के बीडीसी का प्रशिक्षण आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मिशन 2024 के लिए भाजपा ने कमर कस ली है।पार्टी की विचारधारा व नीतियों के साथ गरीब कल्याण की योजनाओं को जन- जन



तक पहुंचाने की कवायद में जुटी भाजपा ने शुक्रवार को निंदुरा के ब्लॉक सभागार में बीडीसी का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया।चार सत्रों में संपन्न हुए वर्ग में कुर्सी विधानसभा के क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति में लोक दरबार के प्रति जवाबदेही, विनम्रता तथा अनुशासन समाहित है, जो भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा नेताओं को अन्य राजनैतिक दलों से अलग पहचान देते हैं। बीडीसी के साथ संवाद करते हुए कहा कि जनता के बीच रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सेवा सुशासन तथा गरीब कल्याण को समर्पित साढ़े नौ वर्ष की उपलब्धियां तथा ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयों के साथ प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच संवाद करें। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, गांव, गली, मोहल्लें, मजरों से लेकर चौपालों तक संवाद व सम्पर्क से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं पहुंचाने का काम करना है। भाजपा जितनी अधिक मजबूत होगी, अन्त्योदय की विचारधारा उतनी ही मजबूत होगी। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि पंचायतों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था से महिलायें राजनैतिक रूप से भी सशक्त हुई हैं और उनकी निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास हुआ है। जिससे पंचायती राज में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी बढ़ी है।तृतीय सत्र को भाजपा रेहड़ी पटरी के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह एवम समापन सत्र में कुशल जनप्रतिनिधि विषय पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने अपने विचार रखे।संचालन जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर ने किया। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# ग्यारहवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा से याद किये गए शिवसेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे

**बाराबंकी।** शिवसेना संस्थापक स्व बाला साहब ठाकरे की ग्यारहवीं पुण्य तिथि के मौके पर शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के शिवसैनिकों ने पार्टी जिला मुख्यालय सोमैया नगर देवा रोड पर आयोजित कार्यक्रम पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके सिद्धांतो पर चलते हुए राष्ट्र हित और हिंदू हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पार्टी के जिला प्रमुख



मनोज मिश्र विद्रोही ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाल ठाकरे ने कार्टूनिस्ट के तौर पर करियर की शुरुआत की थी। वो अपने बयानों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहे। उन्होंने शिवसेना नाम की पार्टी बनाई, जो महाराष्ट्र की सियासत में कामयाबी से शिखर तक पहुंची। शिवसेना ने कई बार प्रदेश में सरकार शामिल रही जबकि बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री भी बने। एक बार बाल ठाकरे को धर्म के नाम पर वोट मांगने पर वोट डालने के अधिकार से वंचित भी कर दिया गया था। बाला साहेब ठाकरे को एक पहचान में कैद नहीं रखा जा सकता। उन्होंने सबसे पहले कार्टूनिस्ट के तौर पर पहचान बनाई लेकिन जल्द ही उनकी ये पहचान फीकी पड़ गई और वो मराठी मानुष के हितैषी के तौर पर फेमस हो गए लेकिन बाला साहेब ठाकरे इस पहचान में भी कैद नहीं रह सके और कट्टर हिंदू का लिबास पहना और हिंदू हृदय सम्राट के तौर पर पहचाने जाने लगे।

# केंद्रीय टीम से किसानों ने रखी मांग, गांव स्तर पर हो गेंहू धान खरीद की सुविधा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने वाली आरक्श पालिसी रिसर्च की टीम ने शुक्रवार को मंडी समिति सफदरगंज मे किसान गौष्ठी कर लगातार घट रही गेहू खेती एव सरकारी क्रय केन्द्रो पर गेहूं खरीद मे होने वाली समस्याओ एव निराकरण के संबंध मे किसानों से संवाद किया।

आरक्श पालिसी रिसर्च दिल्ली की सीईओ स्वेता सैनी ने क्षेत्र मे लगातार हो रही गेहूं खेती की कमी पर किसानो से संवाद किया तो केशरीपुर निवासी किसान भगौती प्रसाद वर्मा ने बताया कि क्षेत्र मे छुट्टा पशुओं की बढ़ती संख्या गेहूं के घटते रकबे की बड़ी समस्या है किसान मेहनत कर फ़सल बोता है लेकिन छुट्टा पशु खा जाते है और एक बार फ़सल चर गयी तो उसमे गेहूं पैदा नही होता है। सीईओ स्वेता सैनी ने सरकारी गेहूं क्रय केन्द्रो पर खरीद कम होने पर किसानो से जानकारी ली तो किसानो ने बताया कि क्रय केंद्र पर किसानों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे किसान अपनी उपज को ब्रोकरो को बेच देते है इसके आलावा सरकारी रेट एव बाजार रेट मे फर्क होता जिससे किसान सरकार केन्द्रो पर बेचने के बजाय ब्रोकरो के हाथ बेचना अच्छा समझते है। टीम के सदस्यों ने बताया कि सरकार न्यूतम मुल्य् का निर्धारण करती है यदि बाजार मे सरकारी दाम से ज्यादा पैसा मिल रहा है तो अच्छी बात है कि किसानो को वाजिब दाम मिल रहा है। टीम के सदस्यों ने सरकारी केन्द्रो पर होने वाली सुविधाओं एव दिक्क़तो की जानकारी ली तो किसानो ने मोबाईल क्रय केंद्र संचालित करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए गाँव स्तर पर खरीद केंद्र बनाने की बात कही। जिससे किसानो को सुविधानुसार अपने गाँव मे हीं सरकारी रेट पर अपनी उपज को बेंच सके। सीईओ स्वेता सैनी ने किसानो से संवाद करते हुए कहा कि अब बटाईदार व ठेके पर खेती लेकर उपज तैयार करने वाले लोग भी सरकारी केन्द्रो पर गेहूं बेंच सकते है जिसके लिए बटाईदार और ठेकेदार को किसान और लेखपाल से संस्तुति करानी होगी। इसके साथ ही बटाईदार और ठेकेदार को वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप मे पुलकित खत्री, अपर आयुक्त खाद्य एव रसद राजीव कुमार मिश्रा, अयोध्या मंडल के आर एफ सी ए के पाल, डिपटी आर एम ओ रमेश कुमार श्रीवास्तव,जवाहर भवन से आये डिपटी आर एम ओ यूपी सिंह सिसौदिया ने कार्यक्रम मे आये किसान् अंकित वर्मा, ब्रजेश कुमार, संदीप कुमार, उमेश, ब्रजराज, लवकुश आदि किसानों से सीधा संवाद किया।

# सपा नेता के साथ सवा लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी, दर्ज हुई एफआईआर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लखपेड़ाबाग मैरिज लॉन के संचालको में से एक व सपा नेता के साथ एक लाख की ऑनलाइन ठगी हो गई। बीमा कंपनी में लम्बे बकाए की अदायगी के लिए काल आई और संचालक ने उस व्यक्ति के बताए खाता संख्या पर भुगतान कर दिया। जब कम्पनी से सवाल किया गया तो वहां से कोई भुगतान न मिलने का जवाब मिला। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मो0 सबाह पुत्र रेहान अहमद निवासी लखपेड़ा बाग जो लखपेड़ाबाग मैरिज लान के संचालक होने के साथ ही सपा के नेता भी हैं ने बताया कि उन्होंने पीएनबी मेट लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी में एक पलिसी ले रखी थी। जिसका प्रीमियम विगत 3 वर्षों से लगातार जमा करता आ रहा था। कोरोना काल में वर्ष 21, 22 की पलिसी का प्रीमियम नहीं जमा कर पाया था। दिनांक 20 अक्टूबर को उसको काल आई, बताया कि आपका पीएनबी मेट लाइफ का 2 वर्ष का प्रीमियम जमा नहीं हुआ है उसने पलिसी का नंबर व जन्मतिथि का पलिसी का सारा ब्योरा बताया और कहा कि शीघ्र ही अपनी पलिसी का प्रीमियम मेरे बताए हुए बैंक पर जाकर जमा कर दें।

बात पर भरोसा करके दूसरे दिन बैंक आफ बडौदा शाखा से खाता से आरटीजीएस के माध्यम से जो उक्त मोबाइल नं0 से फेडरल बैंक आगरा को पीएनबी मैट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के रुपये एक लाख 14 हजार का भुगतान कर दिया। जब पीएनबी मेटलाइफ की हेल्पलाइन से जानकारी की तो मालूम हुआ कि उसकी उक्त पलिसी में अभी तक प्रीमियम नहीं जमा हुआ है। कई बार जानकारी करी तो यही मालूम हुआ कि कोई भी प्रीमियम नहीं आया है जिससे पक्का यकीन हो गया कि इसके साथ धोखाधड़ी वह जाल शाजी का शिकार हुआ है।

# अयोध्या में आयोजित होगा पांच दिवसीय अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आध्यात्मिक नगरी अयोध्या आज जहां विश्व भर में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर को लेकर चर्चित है वहीं अब पहली बार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हजारों कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, पर्यटकों, समाजसेवियों और पर्यावरणीय विशेषज्ञों का महाकुम्भ श्री अयोध्या धाम में 35 संस्थाओं एवं जिला प्रशासन अयोध्या के सहयोग से 20 दिसम्बर 2023 से आयोजित होगा।

उक्त बातें सागर कला भवन अयोध्या में एक विशेष बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति ने कहा कि स्वदेश संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ के माध्यम से संपूर्ण भारत को अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से इस महाकुम्भ का भव्य आयोजन 20 से 24 दिसंबर 2023 तक होना सुनिश्चित किया गया है। यह महाकुम्भ कला, क्रॉफ्ट, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान एवं जनसेवा को समर्पित होगा जिसमें



सम्पूर्ण भारत देश व विदेशों से भी विविध विधाओं के कलाकार, कवि, साहित्यकार, पर्यटक दर्शक, समाजसेवी, सांस्कृतिक व अन्य कई क्षेत्रों के लाखों लोगों का आगमन होगा जिससे अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान आदि को बढ़ावा मिलेगा जिससे निश्चित रूप से इन क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा और देश विदेश में अयोध्या की एक सुन्दर छवि प्रस्तुत करते हुए एक नया इतिहास रचा जा सके। स्वदेश संस्थान में सम्पूर्ण भारत के साथ ही साथ अन्य देशों से हजारों विविध विधाओं के कलाकार, समाजसेवी, विद्वान और भी कई क्षेत्रों उच्च स्तरीय लोग सदस्य हैं। स्वदेश संस्थान द्वारा पिछले 7 वर्षो से स्वदेश महोत्सव के रूप में अयोध्या कला संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्वदेश भारत स्मारिका पुस्तक प्रकाशित करके सम्पूर्ण भारत देश में वितरित किया जा रहा है तथा प्रत्येक माह स्वदेश संस्थान द्वारा तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा भी समय समय पर कार्यक्रम कराया जा रहा है।

वहीं इस महाकुम्भ आयोजन के निदेशक अम्बरीष चंद्र पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या शैली में अपनी कला का जलवा बिखेरने और पहचान बनाकर सम्मानित होकर एक नया इतिहास बनाने सुनहरा अवसर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में मिलेगा। इस महाकुम्भ में मुख्य संरक्षक मा सांसद लल्लू सिंह, संरक्षक के रुप में हरिओम पाण्डेय एमएलसी वेद प्रकाश गुप्त विधायक,गिरीश पति त्रिपाठी महापौर, डॉ.भारत भूषण - समन्वयक, राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., अंकुर पेंटर संयोजक, भारतीय कलाकार संघ, इंद्रेश कौशिक कामाख्या धाम, मं बृज मोहन दास दशरथ गद्दी अयोध्या हैं।

# सरवाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**बाराबंकी।** सरवाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में सरवाईकल कैंसर के प्रति जागरूकता विषयक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीमती नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव ने सरवाईकल कैंसर के बारे में जागरूक करते हुये बताया गया कि बच्चेदानी के मुंह का कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर में दूसरे स्थान पर आता है। यह न केवल रोका जा सकता है अपितु इसे बहुत जल्दी



पकड़ा जा सकता है और समय पर पकड़ा जाए तो इसका पूर्णतः इलाज भी संभव है। बच्चे दानी से गंदें पानी का रिसाव, माहवारी का अनियमित होना, संभोग के समय खून आना, कमर या पैर में अधिक दर्द होना या पेशाब में रूकावट इसके प्रारंभिक लक्षण हैं। महिलायें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे, समय से भोजन करें, व्यायाम करें व प्रसन्न रहे और हंसते खेलते, मुस्कुराते हुए अपने परिवार के साथ आनंदित जीवन व्यतीत करें। प्रदीप कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि अधिक बच्चे होना या कई पुरूषों से यौन संबंध, गुप्तांगों की सफाई में कमी या एड्स इसके खतरे को बढ़ा देते हैं, पर खुशखबरी यह है कि इसके बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है जो 9 साल की उम्र से लेकर 45 वर्ष तक की महिलाओं को दी जानी चाहिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोआर्डिनेशन सेण्टर मेकेनिज्म की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के सभागार में नार्को कोआर्डिनेशन सेण्टर मेकेनिज्म की जिला स्तरीय



समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ड्रग ला एनफोर्समेण्ट एजेंसीज द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में नशों के खिलाफ निरन्तर जागरूकता कार्यक्रमों को चलाने, नशा पीड़ित मरीजों को इस बुराई से दृढ़ता से छुटकारा दिलाने व उनकी उचित काउंसलिंग करने के निर्देश के साथ ही उन्हें व उनके परिजनों को रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ने जैसे विभिन्न कार्यो पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने मादक पदार्थो को बेचने वालों पर सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नशा से होने वाले नुकसान के प्रति बच्चों को भी जागरूक करने तथा समय समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी बीकापुर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर उपजिलाधिकारी सोहावल जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, ड्रग इंस्पेक्टर सहित इन्टेलीजेण्टस, स्थानीय अभिसूचना इकाई, शिक्षा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया ककरहिया में कूड़ा निस्तारण संयंत्र का निरीक्षण

**बाराबंकी।** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आज सुबह तहसील नवाबगंज में ककरहिया में लगे कूड़ा निस्तारण संयंत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नवाबगंज को निर्देश दिए कि यहां के कूड़े के निस्तारण के लिए तत्काल कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो कूड़ा प्रतिदिन आ रहा है, उसे डम्प न किया जाए बल्कि उसका नियमित रूप से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कूड़े के कारण आस पास रहने वाले लोगों की होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कूड़ा निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के प्रयास किए जाएं। ज़िलाधिकारी ने कहा कि कुड़े से पॉलीथीन आदि को निकलवा कर उसके कम्पोस्ट बनाने तथा शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार इसके वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण के लिए एक सप्ताह में कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। इस कार्य के लिए धन की व्यवस्था 15 वें वित्त आयोग से कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य योजना में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कूड़े के निस्तारण का कार्य साफ सुथरे ढंग से किया जाए।

# पूर्व प्रधानांचार्य के निधन पर शोक

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** नगर पालिका क्षेत्र के राजाजीपुरम नगर बेलवां में स्थित किसान आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व प्रधानांचार्य साहेब सिंह 78 वर्ष की उम्र में गुरुवार की रात्रि में अपने आवास पर अंतिम सांस लिए। वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे, उनके निधन पर शुक्रवार को विद्यालय परिवार एव प्रबुद्धजनों ने एक शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा और मृतआत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल, प्रधानांचार्य जगदीश प्रसाद, पूर्व प्रधानांचार्य मदन किशोर, सहदेव पांडेय, व्यास सिंह, कृष्ण मोहन पांडेय, दिनेश पांडेय, नवीन उपाध्याय, नवीन सिंह, जयंतनाथ पांडेय, लालबिहारी, अवधेश वेदकर, मनोज शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महापर्व छठ की तैयारी को लेकर पुलिस अधिकारियों ने लिया पूजा स्थलों का जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोक आस्था का महापर्व छठ आज नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। 18 नवंबर को खरना, 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 20 को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों के पर्व का समापन होगा।आदि गंगा गोमती व त्रेता युग कालीन तमसा तट के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में अस्थाई घाटों पर छठ पर्व की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशीष निगम ने प्रभारी निरीक्षकों के साथ तहसील क्षेत्र के विभिन्न घाटों और मंदिरों पर पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। पर्व का पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय खाय के रूप में मनाया जा रहा है। भोजन के रूप में कद्दू, चने की दाल और चावल ग्रहण किया जाता है। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजन करने के बाद ही भोज ग्रहण करते हैं। इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं गुड़ की खीर का प्रसाद बनाती हैं। कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रती महिलाएं दिन भर



उपवास रखने के बाद शाम को भोजन करती हैं। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस की बनी चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिट्ठा और घी चुपड़ी रोटी बनाई जाती है। तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। इसे ठेकुआ या टिकरी भी कहते हैं। शाम को पूरी तैयारी कर बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है। व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य देती हैं। चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा की खरीदारी के लिए गुरुवार की शाम बाजारों में रौनक रही। महिलाओं ने कोसी, पीतल का सूप, बांस का सूप, दहरा, डगरा, गन्ना, नारियल सहित पूजा के अन्य सामानों की खरीदारी की। कपड़े की दुकानों पर साड़ियों की खरीदारी भी खूब हुई। श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ रही देर रात तक बनी रही।

# पाठशाला से छात्र छात्राओं की सुधरेगी हिन्दी

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** सामाजिक संस्था सिटिजन फोरम की ओर से जनपद मुख्यालय के आसपास के 20 इंटर



कॉलेज में हिंदी की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राओं में हिंदी के प्रति जागरूकता के अलावा उनके वर्तनी को शुद्ध करने का प्रयास किया जाएगा। हिंदी की पाठशाला कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज महाराजगंज में आयोजित प्रथम कार्यक्रम में वर्तनी की शुद्धता के संदर्भ में एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विजेता छात्राओं को शुक्रवार को विद्यालय में एक आयोजन करके उन्हें फोरम की ओर से सम्मानित किया गया । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिटीजन फॉर्म के अध्यक्ष डॉ आर के मिश्रा ने कहा कि यह पहला प्रयास था और इस प्रयास के क्रम में अब जनपद मुख्यालय के आसपास के 20 इंटर कॉलेज में हिंदी की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें छात्र-छात्राओं में हिंदी के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने के साथ ही प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और उनकी वर्तनी संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास विशेषज्ञों द्वारा कराया जाएगा । इस दौरान उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि किस तरह के कार्यक्रम से हिंदी के प्रति काम हो रही।

इस दौरान महासचिव विमल पांडे इस दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 42 छात्राओं को पारितोषिक पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सिटीजन फोरम के मीडिया प्रभारी डॉक्टर शांति शरण मिश्र ने किया। इस दौरान सिटीजन फॉर्म आईटी सेल के प्रभारी इंजीनियर रूपेश यादव राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका अर्चना त्रिपाठी शशि बाला गौतम सदंबिके पटेल सविता सेठ डॉ सर्वेश पटेल सहित अन्य शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# एडीएम ने कैंप लगाकर श्रमिकों के पंजीकरण का दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अपर जिलाधिकारी डां पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिया कि सक्सेना चौराहे पर इकट्ठा होने वाले श्रमिकों का पंजीकरण कैम्प के माध्यम से कराया जाय। श्रमिक पंजीकरण में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सहयोग करने हेतु निर्देशित किया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कार्य कर रहे कार्यदाई संस्थाओं को भी निर्देश दिया गया कि श्रमकार्य करने वाले श्रमिकों का पंजीयन अवश्य करायें, जिससे असामयिक मृत्यु अथवा दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा घायल होने पर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। दुर्घटना से मृत्यु पश्चात पांच लाख व सामान्य मृत्यु पर दो लाख तथा अन्त्येष्टि हेतु ? 25 हजार का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है।



इसके अलावा 100 प्रतिशत दिव्यांगता पर चार लाख की धनराशि चार वर्षों में किस्तवार देय होगा। अपंजीकृत श्रमिकों को भी मृत्यु पर एक लाख का अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी जनसेवा केन्द्रो पर श्रमिक अपना पंजीयन करा सकते हैं। श्रमिक वेबसाइट ह्वश्चड्ढश्rष्2.द्वठ्ठ पर अपने फोटो, बैंक खाते का पास बुक, परिवार सदस्यों का विवरण, आधार कार्ड, राशनकार्ड एवं स्वयं की घोषणा पत्र के साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं। जनपद में अभी तक पंजीकृत श्रमिकों की संख्या 216383 है जिसमें सक्रिय श्रमिक 74783 है। कन्या विवाह अनुदान योजना में कुल आवेदन 1455 प्राप्त हुए जिसमें 826 को स्वीकृत किया जा चुका है। 110 को निरस्त किया गया है तथा 519 की जांच की जा रही है। विवाह हेतु 55 हजार तथा अंतर्जातीय विवाह में 61 हजार का अनुदान दिया जाता है। सामूहिक विवाह में अधिकतम दो पुत्रियों की शादि हेतु 75 हजार का अनुदान दिया जाता है। पंजीकृत श्रमिकों के 06 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चो को आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा देने का भी प्रावधान है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नीना वर्मा,श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीओ , कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व श्रमिक सदस्य भी उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क जाम से मिलेगी निजात

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए जाम की समस्याओं से निजात के लिए योगी सरकार ने तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए सहादतगंज से सरयू पुल के बीच विभिन्न परियोजनाओं को लेकर कवायद शुरू हो गई है। इसके अलावा ऐसी सभी परियोजनाओं को कार्य में तेजी लाकर पूरा करने और जिन परियोजनाओं का अभी टेंडर नहीं हुआ है उसका टेंडर कराकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश योगी सरकार की ओर से दे दिये गये हैं।

**218 करोड़ की परियोजनाओं के लिए हो रही टेंडर प्रक्रिया**

करीब 218 करोड़ की इन योजनाओं के लिए टेण्डर प्रक्रिया चल रही है। इन्हीं योजनाओं में सहादतगंज स्थिति पालीटेक्निक के पास फ्लाईओवर को टू-लेन से फोर-लेन में तब्दील करने का भी प्रस्ताव शामिल हैं। इसके अलावा हाईवे पर स्थित अण्डरपास का डीपीआर तैयार किया जा रहा हैं, जोअन्तरराज्यीय बस अड्डे के पास है। अंडरपास निर्माण की योजना को फ्लाईओवर संशोधित करते हुए एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव कर दिया गया है। एनएचएआई के स्थानिय अभियंता हुसैन ने बताया कि आवास परिषद की ओर से हाईवे के किनारे प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप योजना तैयार की गई है। जो बालू घाट मांझा बरेहटा चौराहे से लेकर बूथ नंबर चार तक है। 12 सौ मीटर एलिवेटेड रोड का स्वीकृत हो गया है।

इसके लिए डीपीआर तैयार कर प्रेषित कर दिया हैं। उन्होंने बताया कि सहादतगंज फ्लाईओवर को फोरलेन बनाने के अलावा पालीटेक्निक व बूथ नंबर चार के पास वीयूपी (हैवी व्हीकल्स अंडरपास) का निर्माण कराने के अलावा एप्रोच के दोनों तरफ पीयूपी (लाइट व्हीकल्स अंडरपास) का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह से रायबरेली रोड पर दुर्गा पुरी के निकट भी अतिरिक्त फ्लाईओवर का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि डिवाइडर का सौन्दर्यीकरण कार्य करीब 66 करोड़ की लागत से सहादतगंज से सरयू पुल तक 12 किमी. डिवाइडर सौन्दर्यीकरण का कार्य चल रहा हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम भव्यता के साथ किया जाएगा: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जनसामान्य/आम नागरिकों को केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी/ लाभार्थीपरक योजनाओं के विषय में जानकारी/ लाभान्वित कर उन्हें जागरूकता किया जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ सुगमता से पहुंच सके और जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपस में सामंजस्य बनाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बंधित स्टाल लगाए जाएंगे और उनको भव्यता के रूप में आयोजित करें। उन्होंने कहा की पात्रता का निर्धारण उचित प्रकार से हो जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील पर मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति जो छूट गए हैं उनका चयन करके लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव में जाएगी, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति को योजनाओ का लाभ प्रदान कर जागरूक करना है। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम भव्यता के साथ किया जाएगा इसे गंभीरता से ले सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी और उन्होंने कहा ऐसे कर्मचारी लगाये जाए जो गांव-गांव जाकर लोगों को चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दें। जिलाधिकारी ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु एक रूट चार्ट बनाया जाए और जिला स्तर और ग्राम स्तर पर कमेटी गठित करें। उन्होंने विभागवार सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि जिसको जो दायित्व दिए गए हैं उनको विस्तार से अवगत कराया जाए और कहा जो दायित्व दिए गए हैं उनका पालन उचित प्रकार से करे। इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए टीम बनाकर कार्य करें और अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जो भी योजनाएं से लाभान्वित लाभार्थी हैं उसका डॉक्यूमेंटेशन अवश्य बनाएं ताकि जो लाभार्थी हैं वह और लोगों को प्रेरित कर सके कि किस योजना से उन्हें क्या लाभ प्राप्त हुआ।

**प्रत्येक तहसील पर मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा**

## जनपद की हवाएं हुई ज़हरीली क्वालिटी इंडेक्स 200 के पार पहुँचा

**अम्बेडकरनगर।** बीते रविवार को दिवाली का पर्व मना। पर्व पर जमकर आतिशबाजी हुई। देर शाम से मध्यरात्रि तक फोड़े गए पटाखों से हवा में जहर घुल गया। हवा खराब हो गई। दो साल बाद पहली बार दिवाली के बाद एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 प्राइमरी पॉपुलेशन (पीएम)से पार पहुंच गया। साल 2022 की दिवाली की अपेक्षा इस बार एक्यूआई में 25 पीएम से अधिक का इजाफा हुआ है। साल 2022 की दिवाली के तीसरे दिन जिले का एक्यूआई 203 पीएम पर था। वहीं साल 2021 की दिवाली के तीसरे दिन जनपद का एक्यूआई तो 200 से भी कम लेकिन खतरनाक 189 पीएम था। जबकि इस बार की दिवाली के तीसरे दिवस मंगलवार को दिन में ही जिले का एक्यूआई 227 पीएम रिकार्ड किया गया। वैसे इस बार नवंबर माह के आरंभ से ही हवा में प्रदूषण की मात्रा बढ़ने लगी थी। बीते अक्तूबर माह में 65 पीएम एक्यूआई पांच नवंबर को बढ़कर 95 पर पहुंच गया था। नवंबर माह में एक्यूआई लगातार बढ़ोत्तरी हो रही थी। इसका कारण शासन और प्रशासन की सख्ती के बाद भी जलाई जा रही धान की पराली थी।

# दो दिवसीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांसी के प्रांगण में प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी बांसी अखिलेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात आइडियल पब्लिक स्कूल एवं कंपोजिट विद्यालय गोल्हौरा के बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, ध्वजारोहण के पश्चात गतवर्ष की चैंपियन सुलोचना के द्वारा मसाल दौड़ संपन्न हुआ उसके बाद कंपोजिट विद्यालय जनिया जोत के स्काउट गाइड टीम के नेतृत्व में ब्लॉक के सभी न्याय पंचायत के प्रतिभागियों ने मार्च पास किया जिसका सलामी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा लिया गया यह प्रतियोगिता दो दिन तक चलेगी पहले दिन में सामूहिक प्रतियोगिताएं जैसे कबड्डी, खो-खो, पीटी आदि प्रतियोगिताएं होंगी दूसरे दिन व्यक्तिगत स्पर्धा जैसे दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद प्रतियोगिताएं संपन्न होंगे। यहां की विजेता टीमें एवं प्रतिभागी तहसील स्तर उसके बाद जिले स्तर एवं प्रदेश स्तर पर अपने जिले एवं ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक किशन वर्मा, सहयोगी इफ्तेखार खां, ब्लॉक अध्यक्ष -नंदीश्वर यादव, सुधेन्दु धर द्विवेदी, रणन्जय मिश्रा मंत्री- अब्दुल रऊफ, राम अभिलाष त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह सहित अनिल वरुण, जनार्दन पांडे, गिरिजेश पाठक, सुनील चौधरी, गिरीश चंद्र गुप्ता पूनम त्रिपाठी, ज्योत्सना त्रिपाठी, कल्पना श्रीवास्तव, इफ्तिखारूनिशा, मुदिता सिंह, सीमा द्विवेदी, अनुदेशक दिनेश कुमार यादव सीमा निषाद आदि शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशक उपस्थित रहे।

# सड़को को समय से गड्ढ़ामुक्त करने का डीएम ने दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री डेस्क बोर्ड एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने सम्बंधित अधिकारियों को जनपद के सड़को को समय से गड्ढ़ामुक्त करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में बचे हुए सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा उसका जियो टैगिंग कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को गोशाला का निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा निरीक्षण रिपोर्ट प्रेषित करे। गौशाला पर गोवंश के लिए पर्याप्त चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इसके साथ ही पराली को भी संरक्षित कर ले। निराश्रित पशु सड़को पर न घूमने पायें उन्हे गोशाला में संरक्षित करायें तथा पशुओं का टीकाकरण कराया जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगो को गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान भवः के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्य में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अधि0 अभि0 विद्युत को निर्धारित शेड्यूल के हिसाब से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी को जनपद में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर दुकानदारों द्वारा खाद की बिक्री किया जाये, कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। कृषि रक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि रसायन एवं कीटनाशक दवाओं पर पारदर्शिता से कराने तथा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी को सीधे खाते में प्रेषित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलो की बाउन्ड्रीवाल ठीक करा ले। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हो वहां पर टीम गठित कर दिव्यांगो का प्रमाण-पत्र बनाने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना), महिला नसबन्दी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में अंकिता मिश्रा बुंदेला संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन की उपस्थिति में सर्किट हाउस अकबरपुर अंबेडकर नगर सभागार में तैयारी बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव महोदय द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल आयोजन कराये जाने के संबंध में बिंदुवार सभी विभागीय अधिकारियों से कार्यक्रम के तैयारी की जानकारी ली गई।

संयुक्त सचिव द्वारा निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन करते हुए वंचित लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में आईईसी मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। मोबाइल वैन जनपद में उपलब्ध होने के उपरांत 20 नवंबर 2023 को जनपद में एक कार्यक्रम आयोजित कर विकास खण्डों में भेजी जाएगी। ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में योजनाओं से पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए।कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र / राज्य सरकार की योजनाओं में से स्वच्छ भारत मिशन की सुविधायें आवश्यक वित्त पोषण सेवायें, एल0पी0जी0 कनेक्शन, गरीबों के लिये आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ सेवायें, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं के सम्बन्ध में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के अन्तर्गत नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने एवं अन्तिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुचाने के भी निर्देश दिये गये है।विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रमुख उद्देश यह है कि–प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से पात्र व्यक्तियों व असंतृप्त लोगो तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना। जनसामान्य को जागरूक करते हुये वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। नागरिकों से सीखना - लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों / अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना। यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण द्वारा सम्भावित लाभार्थियों का नामाकंन / चयन स्वच्छता सुविधायें, आवश्यक वित पोषण सेवायें, एल0पी0जी0 कनेक्शन, गरीबों के लिये आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ सेवायें स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधायें जैसी प्रमुख योजनाओं से संतृप्त किया जाना है। जनपद स्तर पर संकल्प यात्रा माह नवम्बर 2023 के तीसरे सप्ताह (दिनांक 20.11.2023 ) से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी, 2024 के मध्य किया जायेगा।

## पीड़ित की तहरीर पर अधिवक्ता के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ता के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है । मालीपुर थाना क्षेत्र के ताहापुर गांव निवासी अजय कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुए मैं कर्ज के रूप में 21 -3 -2023 को थाना क्षेत्र के भदोही गांव निवासी वृजेंद्र कुमार यादव से जो पेशे से अधिवक्ता है उनसे 70000 रुपए ब्याज पर लिया था अनपढ़ होने की वजह से विपक्षी ने धोखाधड़ी करके पैसे देने के उपरांत जमीन का एग्रीमेंट करवा लिया जिसका पता मुझे नहीं था।

प्रकरण की संबंध में जब मेरे बडे भाई को पता चला तो अधिवक्ता के मोबाइल पर फोन कर जानना चाहा कि ऐसा क्यों किया गया विपक्षी ने बड़े भाई को मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए कहा कि ज्यादा बोलोगे तो मैं तुझे गोली मार दूंगा तुम्हारे भाई से जमीन 200000 में ले लूंगा। पीड़ित ने बताया कि उस व्यक्ति से मुझे और मेरे बड़े भाई को जान का खतरा है विपक्षी की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।

# काकोरी में चोरों ने घर पर बोला धावा, ले उड़े गहने और नगदी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** काकोरी कठिगरा मे चोरो ने एक घर में धावा बोलकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। घर पर दो लोग ही रहते थे पति और पत्नी रूबी भैयादूज मे अपने मायके गई हुई कमल किशोर टैक्टर चलाने गया था चोर कमरे में रखी अलमारी बक्सों से नगदी व जेवरात समेत अन्य सामान ले गए। सुबह जब घर पर कमल किशोर का भतीजा भैस को चारा करने गया तो देखा घर का ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा देखकर घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। काकोरी के कठिगरा निवासी कमल किशोर पुत्र महावीर टैक्टर चलाने गया था पत्नी रूबी मायके गई हुई थी , घर मे कोई नहीं था इसी का फायदा उठाकर चोर देर रात मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। सामने घर मे कैमरा लगा हुआ है कैमरा मे देखा गया दो लोग आये ताला तोड़ा एक अंदर चाला गया एक बाहर ही दरवाजे के पास बैठे देखता रहा चोर सीधे एक कमरे में गए और वहां रखी अलमारी ताले तोड़कर उसमें रखे जेवरात व नगदी समेत अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए। कमल किशोर ने बताया कि चोर घर से अलमारी व बक्सों में रखे 35 हजार रुपये जेवरात, जिनमें सोने के हार, जंजीर, एक जोड़ी झुमकी, पैल एक मंगलसूत्र समेत घर में रखा अन्य जरूरी सामान चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने पुलिस को घर में हुई चोरी की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# बकाये धनराशि का किश्तों में भुगतान का विकल्प

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर विद्युत बिलों के बकाये पर सरचार्ज में छूट की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ 08 नवम्बर, 2023 से दे रही है। इस योजना का 31 दिसम्बर, 2023 तक उपभोक्ता लाभ ले सकेंगे।

अभी तक 2.32 लाख उपभोक्ताओं ने योजना के तहत पंजीकरण कराकर 180 करोड़ रूपये से अधिक का बकाया चुकाया है। इस योजना में छोटे घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को सरचार्ज में शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही, उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु किश्तों में भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। साथ ही बिजली चोरी के मामले में जुर्माने पर 65 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



ओटीएस योजना के पहले चरण में 08 से 30 नवम्बर, 2023 तक बकायेदार उपभोक्ताओं को सर्वाधिक छूट दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि बकाये से मुक्ति के लिए योजना के तहत शीघ्र पंजीकरण कराकर लाभ लें और अपने बकाये के झंझट से हमेशा के लिए मुक्ति पाएं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा आज शक्ति भवन में सभी डिस्काम के साथ ओटीएस योजना, आरडीएसएस योजना, विद्युत आपूर्ति और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी डिस्काम के एमडी को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बेहतर विद्युत आपूर्ति के सख्त निर्देश दिये और कहा कि प्रदेश में बिजली की कमी नहीं है, उपभोक्ताओं को अंधेरे में न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ पूजा महापर्व की शुरूआत हो रही है। छठ पूजा घाटों और वहां के रास्तों पर बिजली की पर्याप्त एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। श्रद्धालुओं को कहीं पर भी अंधेरे का सामना न करना पड़े। विद्युत पोलों पर करंट न हो इसकी भी सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में जांच कर लें। सभी छठ पूजा स्थलों पर ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार कराया जाय। रजिस्ट्रेशन के लिए स्टाल भी लगाये जाएं। ऊर्जा मंत्री ने सख्त निर्देश दिया कि ओटीएस योजना के तहत 01 अप्रैल, 2023 से किसानों के निजी नलकूपों में सरचार्ज पर दी जा रही शत-प्रतिशत की छूट पर किसी भी प्रकार की गलतफहमी न फैलायी जाय, नहीं तो ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ओटीएस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार बढ़ाने के लिए बैनर, पोस्टर, छोटे पैम्फलेट, लाउडस्पीकर, मोबाइल संदेश व विज्ञापन आदि का भी प्रयोग करने को कहा। उन्होंने सभी डिस्काम के एमडी को आरडीएसएस योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये तथा कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर में कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गत माह चलाये गये अनुरक्षण कार्यों के अधूरे कार्यो को भी पूरा करने के निर्देश दिये।

**अभी तक 2.32 लाख उपभोक्ताओं ने ओटीएस के तहत पंजीकरण कराकर 180 करोड़ से अधिक का बकाया चुकाया**

# शिक्षा से ही सभी अभाव समाज मे दूर होंगें: कपिल देव वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** टाण्डा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बृज बिहारी राम प्यारे इण्टर कालेज संजयनगर देवहट का वार्षिकोत्सव समारोह धूम धाम से गुरुवार को विद्यालय प्रबंध समिति और शिक्षकों छात्रों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा रहे। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कालेज की प्रबंध समिति के विशेष प्रयास और विद्यालय के कुशल शिक्षकों की अच्छी शिक्षा और अनुशासित विद्यार्थियों की मेहनत और लगन से अध्ययन के कारण यह विद्यालय क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर रहा है।उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा ग्रहण कर हमारे परिश्रमी विद्यार्थी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में अच्छे अच्छे पदों पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों के साथ विद्यालय प्रबंध समिति को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि पठन पाठन कोई कमी नहीं रहे प्रबंध समिति की ऐसी सोच ही विद्यालय के उन्नति और उपलब्धि हासिल करने में महत्व पूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा का बुके भेंट कर स्वागत करते हुए विद्यालय प्रबंधक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार आपको अपने बीच पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्य चंद्रकेश शर्मा, शंभू नाथ मौर्य ने स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में आपकी गरिमामई उपस्थिति से हमें अटूट समर्थन और मार्गदर्शन ने समारोह को वास्तव में असाधारण और यादगार बना दिया है। सफल व ज्ञानवर्धक संचालन बालमुकुंद ने किया।

# नहाया-खाये के साथ शुरू हुआ सूर्योपासना का पर्व छठ





अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाये के साथ प्रारंभ हो गया। 18 नवम्बर शनिवार को खरना, 19 नवम्बर रविवार को सूर्यदेव को सायंकालीन अर्घ्य तथा 20 नवम्बर सोमवार को प्रातःकालीन अर्घ्य देने के साथ ही व्रत-पर्व संपन्न होगा।

चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व वैसे तो यह बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों का प्रमुख पर्व है, लेकिन समय के साथ अब दूसरे प्रदेश के लोग भी अब इस महापर्व को मनाने लगे हैं। गौरतलब है कि लोक आस्था व भगवान सूर्य की आराधना का महापर्व छठ को लेकर प्रातः उठकर व्रती महिलाओं ने गंगा स्नान करने के बाद विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर कद्दू व सरसो के साग के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया। छठ पूजा की पूर्णाहुति सोमवार को उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगी। यूपी और बिहार में मनाए जाने वाला छठ महापर्व अब पूरे देश में आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। शुक्रवार से नहाए खाये के साथ शुरू हुआ भगवान तपन का यह महापर्व उगते हुए भगवान मार्तड को अध्य देने तक कुल चार चरणो मे संपन्न होती है। कथावाचक व श्री चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर श्री अजयदास महाराज के अनुसार पहले दिन की पूजा के बाद से नमक का त्याग कर दिया जाता है। छठ पर्व के दुसरे दिन को खरना के रुप मे मनाया जाता है। इस दिन भूखे-प्यासे रहकर व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद तैयार करती है। महत्वपूर्ण बात है कि यह खीर गन्ने के रस की बनी होती है इसमें चीनी व नमक का प्रयोग नही किया जाता है। सायंकाल इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद माताएं निर्जल व्रत की शुरुआत करती है। तीसरे दिन रविवार की शाम डूबते हुए भगवान लोक प्रकाशक को अध्य देगी। चौथे व आखिरी दिन सोमवार को उगते हुए भगवान गृहश्वेर की पूजा करेगी। उसके बाद व्रती महिलाए कच्चा दूध व प्रसाद ग्रहण करके व्रत व पूजा की पूर्णाहुति करेगी।

**डूबते और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा**

छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को पूर्ण उपवास रहकर व्रती माताए सायंकाल 5 बजकर 43 मिनट पर डूबते हुए भगवान कर्ता-धर्ता को अर्घ्य देगी। षष्ठी महापर्व की पूर्णाहुति चतुर्थ दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होती है। इस दिन सूर्योदय 6 बजकर 48 मिनट पर है। अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाएं पारन (अल्पाहार) करेंगी।

## अभय अलीगंज व सन्तोष कोतवाली की सम्भालेंगे कमान

**अंबेडकरनगर।** तीन वर्ष का कार्यकाल जिले में पूरा करने वाले 12 इंस्पेक्टरों का गत अक्टूबर माह की चार तारीख को गैरजनपद स्थानांतरण हो गया था। जिनमें से टांडा व अलीगंज थाने में तैनात रहे निरीक्षकों को गुरुवार को रिलीव किया गया। पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने कानून व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त करने के लिए थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे संतोष कुमार सिंह को टांडा थाने का दायित्व सौंपा गया है। गुरूवार देर रात ही बेवाना थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य को अलीगंज का चार्ज दे दिया गया। पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक अजेंद्र सिंह को अहिरौली थाने में भेजा गया है। एनटीपीसी चौकी प्रभारी शशांक कुमार शुक्ला को बेवाना थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, अहिरौली थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी को एनटीपीसी चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी नए प्रभारियों को तत्काल अपना-अपना कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

# खुलेआम धड़ल्ले से बेचा रहा अवैध गांजा बिक्री पर अंकुश लगाने पर प्रशासन नाकाम

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** शहर को नशा मुक्त बनाने की बात भी पुलिस के आला अधिकारियों ने कही थी। लेकिन शहर में आज भी खुले में नशा बिक रहा है।इसके लिए मीडिया जनपद मुख्यालय के बगल अरिया बाजार में पहुंचा तो वहां पर पुरुष नशे की पुड़ियां बेचता मिला।

पुड़ियां बेचता हुआ व्यक्ति कैमरे में कैद हो गया।जिले में अकसर देखा जा रहा है कि नाबालिक कम उम्र में ही नशे में धुत नजर आ रहे है जिसका असर जिले में देखा जा सकता है वहीं बात की जाए तो जनपद मुख्यालय के बगल अरिया जैसे छोटे बाजार जैसे छोटे जगहों में गांजे को बड़ी ही आसानी से मुहैया करवाया जाता है जिसे अधिक दाम में बेच कर लोगो कि जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जाता है आपको बता दें कि नशे के कारोबार को बंद करने के लिए कई बार ख़बर लगाए गए । लेकिन नशे के सौदागर, बिना रोक टोक के गांजा खुलेआम बेच रहे है जिस पर शासन प्रशासन के आंख के नीचे यह कार्य जोरों शोरों से किया जाता है जिस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में लोगों की जिंदगी अंधकार में रहेगी और नाबालिक अपना जीवन नशे में ही बिताते रहेंगे जिससे चोरी डकैती हत्या जैसे कांड देखने को मिलेंगे।क्षेत्रीय जनता द्वारा यह बताया गया की गांजा व्यवसायी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की पहुंच बताने लगते हैं जिस पर कार्रवाई नहीं की जाती है जिसके हौसले बुलंद है जिसके वजह से नशे के कारोबार बेखोफ किए जा रहे हैं एक अनुमान के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में प्रतिमाह लाखों रुपयों का गांजा बेचा जाता है गांजे का अवैध कारोबार प्रशासन के संरक्षण में फल फूल रहा है इसी तरह गांजे की कारोबार को रोका नहीं गया तो आगे चलकर लोगों तक गांजे की लत युवाओं को बर्बाद कर देगी और उनकी जिंदगी पूरी तरह नष्ट हो जाएगा।



**खुलेआम बिक रहा गांजा, जिले में बड़ी ही आसानी से मुहैया कराया जा रहा नशा**

## सबसे खतरनाक पेसर आक्रमण

ये बात एकदम सच है। क्रिकेट विशेषज्ञों को छोड़िए, शौकिया मैच देखने वाले भी जानते हैं कि भारतीय टीम में इससे पहले कभी वाकई तेज गेंद फेंकने वाले तीन या चार तेज गेंदबाज एक साथ कभी नहीं आये।कपिल देव,जहीर खान,जवागल श्रीनाथ, आशीष नेहरा, इरफान पठान,उमेश यादव और इशांत शर्मा टीम आये और खासा सफल भी हुए लेकिन कभी एक साथ तीन नहीं खेले। मीडियम पेसर की बात अलग है।आप देखिए बुमराह,शमी और सिराज की रफ्तार 145 किलोमीटर से अधिक है।यही नहीं तीनों इस गति से लगातार गेंद फेंकते भी हैं। भविष्य में जब इसमें हार्दिक पंड्या भी शामिल हो जाएंगे तो फिर एक ही रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले चार तेज गेंदबाज हो जाएंगे।अभी बेंच पर 157 किलोमीटर की रफ्तार निकालने वाले उमरान मलिक और करीब 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले कुलदीप सेन बैठे हैं।तेज गेंदबाजी भारत की कभी ताकत नहीं रही है। विश्व क्रिकेट में वेस्टइंडीज ने लगातार चार तेज गेंदबाज खिलाएं और खूब सफलता हासिल की। कोई माने या माने, लेकिन इस विश्व कप में भारत की लगातार सफलता का राज़ ये तेज गेंदबाजी आक्रमण ही है। बल्लेबाज रन बना सकते हैं लेकिन उसका बचाव करने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली गेंदबाजी भी होनी चाहिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में डेरिल मिशेल और केन विलियमसन ने जिस तरह से विकेट पर खूंटा गाड़ा था,वह सबके सामने है।करीब 140 गेंदों पर 180 रन की पार्टनरशिप खुद गवाही दे रही है।अगर शमी ने लगातार दो झटके नहीं दिए होते तो फिर शायद कोहली का शानदार पचासवां शतक और श्रेयस अय्यर की तूफानी पारी देखने में ही अच्छी लगती। सबसे बड़ी बात ये है कि पेस बैटरी की तिगड़ी को सपाट और पाटा विकेट पर भी स्विंग मिल रहा है।आज विश्व क्रिकेट में शमी, बुमराह और सिराज जैसी गेंद कोई नचा नहीं पाता है।भारत में कपिल देव अपने पीक पर और जहीर खान भी गेंद को घुमाते थे, लेकिन उनके प्रयास एकांगी थे।वह व्यक्तिगत सफलता तो हासिल कर सकें, लेकिन टीम को कामयाबी के पायदान पर ऊपर नहीं चढ़ा सके।ये हमारे लिए गर्व की बात है कि जिस टीम को कभी स्पिन गेंदबाजी के लिए जाना जाता था,आज वही टीम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ मैदान में उतरती है।जिसकी आक्रमकता का तोड़ दुनियां की किसी भी टीम के पास नहीं है। विश्व कप 2023 में अब तक इनकी सफलता खुद इनकी काबिलियत की कहानी कह रही है। मोहम्मद शमी ने केवल छह मैचों में 23 विकेट लिए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह (18), रवींद्र जडेजा (16), कुलदीप यादव (15 विकेट) और मोहम्मद सिराज (13 विकेट) भी बहुत पीछे नहीं हैं।तो ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोस हेज़लवुड (14 विकेट) और मिचेल स्टार्क (13 विकेट)निकाल चुके हैं।जिस आस्ट्रेलिया में मिचेल स्टार्क हैं,उस टीम का सबसे सफल गेंदबाज एक स्पिनर एडम ज़ेम्पा है। वह अब तक 22 विकेट ले चुके हैं। भारत अपनी जमीन पर विश्व कप खेल रहा है तो इस बात की पूरी सम्भावना है कि रोहित शर्मा तीसरी बार भारत को विश्व चैंपियन का खिताब दियेगें।

**शाहिद नकवी**

# गरीबी पर खुलकर बहस होनी चाहिए



संतोष कुमार भार्गव

**चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताया है। कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के चुनावी वायदे से होने वाले संभावित नुकसान की काट के तौर पर श्री मोदी गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताकर उन वर्गों को साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं जो ओबीसी श्रेणी में आने के बावजूद लाभान्वित नहीं हो सके। बिहार में जातिगत जनगणना के बाद उससे जुड़ी विसंगतियां जिस तरह से सामने आने लगी हैं उसका सूक्ष्म अध्ययन करते हुए भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस और मंडलवादी अन्य पार्टियों के हाथ से ये हथियार छीनने की फिराक में हैं।**

सुनने में आ रहा है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी आरक्षण और जातिगत जनगणना के राजनीतिक प्रभाव का आकलन करने के बाद किसी ऐसी नीति का ऐलान करने पर विचार करेगी जिससे आरक्षण का मौजूदा ढांचा बदले बिना ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर तबके को सभी प्रकार से संतुष्ट कर दिया जाए। आज के राजनीतिक माहौल में जातिगत आरक्षण को आर्थिक आधार प्रदान करना तो खतरे से खाली नहीं होगा परंतु एक बात अब निष्कर्ष में बदलने लगी है कि जातिगत आरक्षण केवल राजनीतिक नेताओं और उनके परिवारों की मिल्कियत बनकर रह गया है। उनके अलावा नौकरशाहों का एक वर्ग भी उसके फायदों पर कुंडली मारकर बैठा हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस संबंध में अनेक बार टिप्पणी भी की।



सामाजिक मंचों पर भी इस बारे में मंथन चल रहा है। लेकिन राजनेता साहस नहीं दिखा पा रहे। कुछ साल पहले बिहार विधानसभा के चुनाव के समय आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने सहज रूप से आरक्षण की समीक्षा किए जाने का सुझाव दिया था। उसकी बेहद तीखी प्रतिक्रिया हुई और भाजपा को काफी नुकसान हो गया। हालांकि बाद में संघ प्रमुख ने इस बात को कई बार दोहराया कि फिलहाल आरक्षण को हटाने की स्थितियां नहीं बनी हैं। तभी से भाजपा भी इस विषय में सतर्क हो गई। और सोशल इन्जीनियरिंग का उपयोग करते हुए पिछड़ी जातियों को अपने साथ जोड़ लिया जिससे दूसरी पार्टियों को तकलीफहै। जातिगत जनगणना का अस्त्र दरअसल इसी के जवाब में निकाला गया। भाजपा की दुविधा ये है कि इसका समर्थन करने पर उसका सवर्ण जनाधार खिसक जाएगा और विरोध करने पर पिछड़ी और दलित जातियां हाथ से निकल जाएंगी। प्रधानमंत्री चूंकि इस बात को समझ गए हैं इसीलिए उन्होंने जातिगत जनगणना के जवाब में गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताकर नए विमर्श को जन्म दे दिया। हालांकि अभी तक ये मुख्यधारा की राजनीति का विषय तो नहीं बन सका किंतु जिस तरह वे लगातार इसे दोहरा रहे हैं उससे लगता है कि गरीबी को सबसे बड़ी जाति बनाना किसी बड़े खेल का पूर्वाभ्यास है। गौरतलब है कि श्री मोदी शतरंज के खेल की तरह बहुत आगे की सोचकर चाल चलते हैं। मध्य प्रदेश में चूंकि कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को अपने चुनावी वायदे में शामिल कर लिया है इसलिए उन्होंने भी पलटवार कर दिया है। लेकिन भाजपा के बाकी नेता इस बारे में उतने मुखर नहीं है। सही मायनों में अब समय आ गया है जब आरक्षण के मामले में राजनेताओं को खुलकर अपने विचार व्यक्त करना चाहिए क्योंकि ये मुद्दा अब समाज में जातिगत दरारें चौड़ी करने का कारण बनता जा रहा है। एक समय था जब बिहार और उ.प्र ही जाति की राजनीति का बोलबाला था किंतु वोटों की राजनीति ने अब जाति को भारतीय राजनीति की अनिवार्य बुराई बना दिया है। पहले क्षेत्रीय पार्टियां ही इस बारे में मुखर थीं किंतु जिस तरह से राष्ट्रीय पार्टियां इससे जुड़ती जा रही हैं वह खतरनाक है।

भाजपा शुरू में हालांकि सवर्ण जातियों की हितचिंतक मानी जाती थी किंतु धीरेकृधीरे उसने भी जाति की राजनीति को अपना हथियार बनाया। हालांकि उसे इसका लाभ भी हुआ किंतु एक राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर उसे साहस के साथ आगे आना होगा। इसके पहले कि स्वार्थी राजनेता देश को जातीय गृहयुद्ध की आग में झोंक दें, इस मुद्दे को सही दिशा देना जरूरी है। गरीबी वाकई एक कलंक है जो हमारी सारी प्रगति पर सवालिया निशान लगा देती है। गरीबी हमारी सबसे बड़ी समस्या है, बावजूद इसके राजनीतिक मंचों पर इसके बारे में शायद ही कभी बहस होती है। हम गरीब क्यों हैं? हमारा मुल्क विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां दुनिया के ज्यादातर गरीब भी बसते हैं, लिहाजा कोई भी व्यक्ति यही सोचेगा कि यह सवाल ही हर राजनीतिक बहस के केंद्र में होगा। वह यह भी सोच सकता है कि हम इस तरह के विषयों पर गहन व दिलचस्प बहस-परिचर्चाएं करते होंगे कि गरीबी के कारण क्या हैं, अमीर बनने के लिए एक देश के तौर पर हम क्या कर सकते हैं तथा दुनिया के बाकी हिस्सों में इस दिशा में क्या कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

आखिरकार भारत के तकरीबन सवा अरब लोगों की सर्वाधिक उत्कट उम्मीदें व आकांक्षाएं किसी न किसी तरह से अपने अमीर होने से ही तो जुड़ी हुई हैं। लेकिन हमारी राजनीति के बारे में आश्चर्यजनक बात यह है कि हम राजनीतिक मंच पर शायद ही कभी इन मसलों पर बहस करते हैं। लेकिन 'हम गरीब क्यों हैं?' इस बेहद अहम सवाल (जिस पर हरेक भारतीय का भविष्य निर्भर है) पर कभी कोई जीवंत, ज्ञानवर्धक बहस नहीं होती। इसकी बजाय हमें इस सवाल पर एक चिपचिपी, लिसलिसी-सी एक-राय नजर आती है। महंगाई और बेरोजगारी के तमाम आंकड़ों के बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि भारत में 2005 से 2021 के बीच करीब 41.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए।

## सत्य सास्वत है



संजीव ठाकुर

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है।

धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्त्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# मीडिया की स्वतंत्रता जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला है



किशन सनमुखदास

"वैश्विक स्तरपर आज डिजिटाइजेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी के बढ़ते नए-नए आयाम के बीच एक ओर जहां प्रिंट मीडिया के लिए चुनौतियां अति तेजी के साथ है बढ़कर उन्हें विलुप्तता की ओर धकेले जा रही है तो वहीं इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के लिए भी चुनौतियां खड़ी हो गई है। जहां एक और फेक न्यूज़ का प्रचलन बढ़ते हुए कठिनाइयां एवं पत्रकारों, संपादकों सहित मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति के लिए परेशानियां खड़ी कर रही है, तो दूसरी ओर बढ़ती ग्राउंड रिपोर्टिंग से पारदर्शिता का स्तर उंचाइयां छू रहा है जिसमें पत्रकारों से लेकर मीडिया हाउसेस के मालिकों तक और शासकीय स्तर पर चपरासी से लेकर मंत्री तक तथा राजनीतिक स्तरपर कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक हर व्यक्ति आज मीडिया के घेरे में आ गया है, चाहे फिर प्रिंट इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया हो जिससे मीडिया हाउसों की जवाबदारियां फेक न्यूज़ के चलते बढ़ गई है, क्योंकि लोकतंत्र की आधारशिला और चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2023 का आगाज़**




साथियों बात अगर हम भारत में निर्भीक और स्वतंत्र जिम्मेदार पत्रकारिता की करें तो, इसके मुख्य कार्य लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना, समाज की गतिविधियों का आकलन करना, जनता की तकलीफों को शासन तक पहुंचाना, शासकीय, निष्क्रियता, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता, गैर जिम्मेदारी को ऊजगार कर जनता के सामने रखना ताकि ऐसे शासकीय अधिकारियों, राजनेताओं को जनता सबक सिखाएं और जनता जनार्दन ही शासन व सत्ता की मालिक है ऐसा एहसास आए, इसलिए ही संपूर्ण भारत में दिनांक 16 नवंबर 2023 को राष्ट्रीय पत्रकारितादिवस बड़ीसंजीदगी के साथ मनाया गया।

साथियों बात अगर हम 16 नवंबर 2023 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में मनाए गए राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2023 के उद्घाटन सत्र में माननीय उपराष्ट्रपति के संबोधन की करें तो, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मीडिया को राजनीति का हिस्सा या हितधारक नहीं होना चाहिए, मीडिया को लोकतंत्र की ताकत होना चाहिए, कमजोरी नहीं। मीडिया को राजनीतिक भागीदारी से बचना चाहिए ताकि प्रगतिशील मीडिया हमारे लोकतंत्र में सच्चाई और जवाब देही का प्रतीक बना रहे।उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि फेक न्यूज़ शब्द जितना आज सुना जा रहा है उतना इससे पहले कभी नहीं सुना। मीडिया की कम होती विश्वसनीयता को सबसे बड़ी चुनौती बताया और सोशल मिडिया का भ्रामक खबरें फैलाने के उपयोग पर चिंता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि भारत के उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस, 2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि मीडिया का नैतिक कर्तव्य है कि वह सच बताए। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह समाज को सच बताए चाहे वह पत्रकार हो, अखबारों से जुड़ा हो या संचार माध्यमों से जुड़े लोग हों। उन्होंने कहा कि अविश्वसनीय और गलत खबरों ने समाज में मीडिया के विश्वास को कम किया है। आगे कहा कि हमें बदलते हुए समय के साथ बदलना होगा और अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी अपनाना होगा लेकिन इसके साथ ही उसके दुरुपयोग से भी अपना बचाव करना होगा।उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया संगठनों को पत्रकारिता की नैतिकता निष्पक्ष रिपोर्टिंग और तत्वों को जानने के जनता के अधिकार के प्रति अटूट समर्पण और अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता की वचनबद्धता को निभाना चाहिए ताकि जनता को सच का पता चल सके। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया तकनीकी परिवर्तनो से और उनसे जुड़ी चुनौतियों से निपटने में हमेशा सक्षम रहा है, हाल की तकनीकी प्रगति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जीपीटी जैसे नवाचारों ने नई चुनौतियां पेश की हैं,इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना होगा।उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया सामायिक और बहुत ही महत्वपूर्ण है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे सूचना और मनोरंजन के तौर तरीकों को बदल दिया है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनता चला जा रहा है। लोकतंत्र में मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया सूचना प्रदाता के साथ-साथ लोकतंत्र की आधारशिला रहा है और चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका अदा करता रहा है। मीडिया ने सच के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका अदा की है, मीडिया बेजुबानों की आवाज उठाने के लिए सदैव तत्पर रहा है और सत्ता में बैठे लोगों का निगरानी करता रहा है।उन्होंने कहा आज सूचना की भरमार है और ऐसे में पत्रकार और मीडिया घराने ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखें, तथ्यों और विश्वसनीय स्रोतों तथा सत्यापन और संपादकीय स्वतंत्रता बनी रहनी चाहिए आज यह पहले से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने मीडिया में गलत सूचना के प्रसार, डीप फेक, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और समाज में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने जैसी चुनौतियों से निपटने पर ज़ोर दिया। आगे कहा कि आज के परिपेक्ष में पत्रकारों और मीडिया के लोगों की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं । उपराष्ट्रपती ने किसी भी सूचना को प्रसारित करने से पहले मीडिया संगठन और मीडिया से जुड़े लोगों को अत्यंत सावधानी और सतर्कता बरतने को कहा जिससे समाज में झूठ का ज़हर न घुल सके। साथियों बात अगर हम भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने को समझने की करें तो, भारत में प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। अगर प्रेस की ताकत को समझना हो तो अकबर इलाहाबादी की मशहूर पंक्तियां काफी कुछ बयां करती हैं. अकबर इलाहाबादी ने कहा है कि खींचो न कमान न तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तब अखबार निकालो।

# अन्यायी की मदद वकील न करे



के. विक्रम राव

**बड़ा जटिल और विषम है सहमत होना प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ की राय से कि वकील भी डॉक्टर की भांति किसी की मदद करने से मना नहीं कर सकता। (दैनिक दि हिन्दू - 17 नवंबर 2023 - पृष्ठ 12, कालम 5 से 8)। दोनों की कार्यशैली अलग है। चिकित्सक प्राण बचाता है। उसके द्वारा दी गई मदद मानवीय होती है। वकालत का पेशा भी आदर्श था। जन सुरक्षा हेतु। मगर अनुभव भिन्न रहा। डॉक्टर को नैतिकता की शपथ लेनी पड़ती है। विशिष्ट मानकों को संजोने के लिए। अतः नीति संबंधी सिद्धांतों को शामिल किया जाता है। मूल शपथ ईसा पूर्व पाँचवीं और तीसरी शताब्दी के बीच आयनिक ग्रीक में लिखी गई थी। हालांकि पारंपरिक रूप से इसका श्रेय ग्रीक डॉक्टर हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है। इसे आमतौर पर हिप्पोक्रेटिक कॉर्पस में शामिल किया जाता है।**

ग्रीक में हिप्पोक्रेटिक शपथ है, जिसके अनुवाद हैं - ÷मैं अपोलो हीलर की, एस्क्लेपियस की, हाइजीया की, पैनेसिया की, और सभी देवी-देवताओं की शपथ लेता हूं, उन्हें अपना गवाह बनाते हुए, कि मैं अपनी क्षमता और निर्णय के अनुसार, इस शपथ और इस अनुबंध को पूरा करूंगा। मैं उन आहार नियमों का उपयोग करूंगा जो मेरी सबसे बड़ी क्षमता और विवेक के अनुसार मेरे रोगियों को लाभान्वित करेंगे, और मैं उन्हें कोई नुकसान या अन्याय नहीं करूंगा। न तो मैं ऐसा करने के लिए कहे जाने पर किसी को जहर दूंगा और न ही ऐसा कोई उपाय सुझाऊंगा। इसी प्रकार मैं किसी स्त्री को गर्भपात कराने के लिये दवा नहीं दूँगा। लेकिन मैं अपना जीवन और अपनी कला दोनों को शुद्ध और पवित्र रखूंगा।





यूं तो विधिवेत्ताओं हेतु बार काउंसिल की भी नियमावली भी है। मगर उसका कितना पालन किया जाता है ? मसलन दिल्ली बार काउंसिल की नियम (संख्या-103) है, जिसके तहत हर वकील को केवल कानूनी-संबंधी काम ही करना है। किसी भी अन्य व्यवसाय, उद्देश्य अथवा पेशे से आय पाना सरासर वर्जित है। क्या सारे वकील इसका अनुपालन करते हैं ? वकीलों से आम आदमी का आग्रह सदैव यही रहा है कि अत्याचारी की सहायता मत कीजिए। पैरवी न करें। जज साहब पर छोड़ दें। वकीलों से अपेक्षा है कि मुवाक्किल की सुनते समय ही तय कर लें कि वह मदद के लायक है। जैसे बलात्कारी, हत्यारा, भू-माफिया, गुंडा, पेशेवर अपराधी। इनकी मदद तो किसी को भी कभी भी नहीं करना चाहिए। भले ही मोटी फीस का लालच हो। उदाहरणार्थ रेप के मुकदमों को आत्ममंथन के बाद स्वीकारना चाहिये। अमूमन हर वकील को इसी विषयवस्तु पर दक्षिण भारत की एक फिल्म (जख्मी औरत) बनी थी पर गौर करना था कि इसमें अधिवक्ता की भूमिका में अनुपम खेर बलात्कारी युवकों को साफ बचा लेते हैं। मगर वे युवक फिर वकील साहब की बेटी को ही उठा ले जाते हैं। तब अनुपम खेर को परपीड़ा का एहसास होता है। एक मुद्दा (8 जून 2021 का) सर्वोच्च न्यायालय की खण्डपीठ का है। न्यायमूर्ति द्वय इन्दिरा बनर्जी तथा मुक्तेश्वरनाथ रसिकलाल शाह की अदालत का है। वकील महोदय दो खाद्य व्यापारियों प्रवर और विनीत गोयल (नीमच, मध्य प्रदेश) के लिये अग्रिम जमानत की पैरवी कर रहे थे। इन दोनों पर आरोप है कि वे मिलावटी खाद्य पदार्थ का विक्रय करते हैं।

गेहूं को पोलिश कर बेचते थे। उन पर मुकदमा कायम हुआ और गिरफ्तारी का अंदेशा है। सुनवाई के दौरान खण्डपीठ ने पूछा - वकील साहब क्या आप तथा आपके कुटुम्बीजन उस अन्न को खा सकेंगे? पीठ ने फिर पूछा भी इतने सरल प्रश्न का उत्तर देना क्यों कठिन है? या फिर जनता मरे, उसकी क्यों फ़िक्र करें? तार्किक अंत हुआ, अग्रिम जमानत की याचिका खारिज हो गयी। अब गौर करें वकीलों द्वारा प्रतिरोध की कार्यवाही पर। हाईकोर्ट के लखनऊ खण्डपीठ ने (जून 2016 में) मेडिकल कालेजों के जूनियर डाक्टरों की हड़ताल के दौरान मरे मरीजों के आश्रितों को मुआवजे के तौर पर पच्चीस-पच्चीस लाख रूपये देने का आदेश दिया था। यह राशि इन हड़ताली डाक्टरों के वेतन-भत्ते से वसूली जायेगी। न्यायालय ने कहा कि चिकित्सकों का काम सेवा करना है, काम बन्द करना नहीं। निरीह मरीज लोग इस निर्णय में दैवी इंसाफ देखेंगे। हाई कोर्ट ने मेडिकल काउंसिल से अपेक्षा की है कि वह इन हड़ताली डाक्टरों की कारगुजारी पर विचार करे तथा उनके निलम्बन और लाइसेंस निरस्त करने पर भी गौर करें।

वकीलों द्वारा हड़ताल पर कानूनन पाबन्दी लगनी चाहिए। देर से दिया गया न्याय भी अन्याय ही कहलाता है। हड़ताल के कारण अदालतें निष्क्रिय हो जाती है और सुनवाई टलती जाती है। आज आम जन हाईकोर्ट से अपेक्षा करेगा कि मेडिकल डाक्टरों की भांति वह उन वकीलों के विरूद्ध भी कदम उठाये जो हड़ताल पर अक्सर उतारू हो जाते हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वकीलों के बारे में छान बीन शुरू हो गई है 7 सबसे पेशेवर विवरण मांगा जा रहा है। कई वकील केवल नाममात्र के अधिवक्ता है। उनमे से एक रपट के अनुसार कई लोग अन्य पेशे तथा धंधों में लगे है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय है कि वकालत में रहने वाले दूसरे पेशे में नहीं रह सकते। दो घोड़ों पर सवारी निषिद्ध है।

# माफियाओं व उनके गुर्गों को सरकारी ठेके-पट्टे न दें, सीएम योगी का अधिकारियों को निर्देश

**ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नयी नीति तैयार करें**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित तथा भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी या ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। ग्रामीण मार्गों का यातायात एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें। निविदा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए। योग्यता अनुभव, निष्ठा को वरीयता दें। उन्होंने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें। सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफडीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें। उन्होंने कहा कि कहीं भी मैनपावर की कमी न रहे। हमें नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्य युवाओं को जोड़ना चाहिए। गेट जैसे राष्ट्रीय परीक्षा को आधार मानकर उनकी योग्यता का प्रारंभिक आंकलन किया जा सकता है। ऐसे युवाओं को नियमित सेवा में वेटेज दिया जाए। इस संबंध में नीति और गाइडलाइन तैयार कर प्रस्तुत करें। भवन कार्यों हेतु केंद्रीय लोक निर्माण विभाग आधारित प्रदेशव्यापी एकल यूनिफाइड शेड्यूल रेट्स को अपनाया जाना चाहिए। इस पर विधिवत विचार किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नयी नीति तैयार करें। व्यापक जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है। अयोध्या में रामपथ एवं भक्ति पथ के निर्माण में प्रदेश में प्रथम बार वाइट टॉपिंग व स्टैम्प्ड कंक्रीट तकनीक का प्रयोग कर नए उच्च स्तरीय मानकों के साथ मार्गों का निर्माण किया जा रहा है।

# यूपी में शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का जताया विरोध

**पूरे प्रदेश के सभी बीईओ कार्यालय में देंगे धरना**



**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने हाल ही में शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। कुछ जिलों में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने इसका विरोध किया है। साथ ही यह आदेश वापस न लेने पर एक दिसंबर को प्रदेश के सभी 824 बीईओ ऑफिस पर धरना देने की घोषणा की। इसी दिन जिला व प्रदेश स्तर के आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, महामंत्री नरेश कौशिक ने शुक्रवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद को ज्ञापन देकर आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह उचित और व्यावहारिक नहीं है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रेरणा एप के संबंध में तीन सितंबर 2019 को तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी की अध्यक्षता में संगठन के साथ बैठक हुई थी। इसमें संघ एप की कमियों के बारे में बताया था। साथ ही प्रेरणा एप को पर्सनल मोबाइल में डाउनलोड करने से इन्कार किया था।

बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों ने संगठन को आश्वस्त किया था कि प्रेरणा एप से बेसिक शिक्षकों की उपस्थिति नहीं ली जाएगी। मगर चार साल बाद शासन उस निर्णय से मुकर कर फिर इसी एप के जरिए शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश जारी किया है। इसके खिलाफ शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति, वेतनमान की विसंगति, परस्पर तबादला प्रक्रिया, कैसलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ जैसी मांग भी विभाग ने आज तक पूरी नहीं की है। शासनादेश के विरुद्ध शिक्षकों से मिड डे मील बनवाया जा रहा है। उनसे गैर शैक्षणिक कार्य लिया जा रहा है। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि नहीं की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. प्रभाकांत, सुधीर सहगल आदि शामिल थे।

# अजय राय ने पोस्टर जारी करते हुए प्रदेश सरकार को घेरा

**राजस्थान में 450, छत्तीसगढ़ में 500 में सिलेंडर का वादा, तो यूपी में क्यों नहीं देती बीजेपी**




**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को एक पोस्टर जारी करते हुए प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने पोस्टर जारी करते हुए सवाल किया कि अगर आप (भाजपा) राजस्थान में 450 रुपये और छत्तीसगढ़ में 500 रुपये में सिलेंडर दे सकते हैं तो उप्र में क्यों नहीं? क्या ये सिर्फ चुनावी जुमले हैं? उन्होंने यह पोस्टर प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी (मध्य जोन) की लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक में जारी किया।

अजय राय ने कहा कि आप इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि महंगाई को भी प्रदेश में बांटकर सिर्फ वोट की राजनीति करना चाह रहे है। चुनावी राज्यों में आपको सिलेंडर महंगा लगता है और अन्य राज्यों में नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चारों ओर भय का माहौल है, कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। आए दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनायें घट रहीं है और उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जा रही है। बैठक में उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि जबसे देश-प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, महंगाई ने महिलाओं के घरों का बजट बिगाड़ रखा है। रसोई गैस से लेकर तमाम खाद्य सामाग्रियों के दाम आसमान छू रहें है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है। इसके लिए महिला कांग्रेस सड़क पर उतरकर संघर्ष करेगी। बैठक में सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, अनामिका यादव, आशा कनौजिया, ममता सक्सेना, प्रतिभा अटल पाल, तनवीर फातिमा, इमराना, रोहिणी, रजिया कादिर, विभा त्रिपाठी, कंचन सिंह आदि उपस्थित थीं।

# हापुड़, लखीमपुर खीरी और सोनभद्र में जारी है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**लखनऊ।** जनजाति गौरव दिवस पर सोनभद्र से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा आज तीसरे दिन सोनभद्र जिले के पहाड़ी क्षेत्र परसोई और पनारी पहुची ।विकास खण्ड चोपन के इन अतिसुदुर क्षेत्रो में आयोजित इस कार्यक्रम में लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को न सिर्फ रूबरू कराया गया बल्कि वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश को भी प्रसारित कर अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया गया ।इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टालों के माध्यम से लोगो को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हित पत्र भी प्रदान किया गया । साथ ही चयनित लाभार्थियों का पँजिकरण भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद खण्डविकास अधिकारी शुभम बरनवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के संदेश के क्रम में हमे हर हाल में शत प्रतिशत लाभार्थियों को उनके लाभ से आच्छादित करना है जिससे देश को विकासशील से विकसित भारत की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जा सके। हापुड़ की न्याय पंचायत कस्तला कस्माबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा का नोडल अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी वीरेंद्र सिंह को बनाया गया है। नोडल अधिकारी ने कहा कि इस यात्रा के जरिए सरकार जनता के द्वार जाकर उनको योजनाओं की जानकारी दे रही है। साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार की कोशिश है कि कोई भी पात्र योजनाओं का लाभ से वंचित न रह जाए। न्याय पंचायत अच्छेजा में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। उप निदेशक कृषि ने इस मौके पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य कृषि योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पांच किसानों को कृषि सम्मान निधि का प्रमाण पत्र जारी किया गया। समाज कल्याण अधिकारी ने विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। महिला थाना इंस्पेक्टर प्रतिमा त्यागी ने महिलाओं और ग्रामीणों को हेल्प लाइनों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण शाला के विजेता 10 छात्रों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा का आईईसी रथ कल उत्तर प्रदेश के खीरी जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम सिगाहिया और कजरिया पहुंचा। यहां नोडल अधिकारी डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी एवं परियोजना अधिकारी यूके सिंह के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। श्री चौधरी ने कहा कि यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने के साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, आधार नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की गईं। यह रथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए उनसे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि इस यात्रा के जरिए योजनाओं के बारे में फीडबैक भी एकत्रित किया जा रहा है।

# छठ महापर्व के दृष्टिगत अमृत सरोवरो पर सफाई की जाए विशेष व्यवस्था



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दृष्टिगत गांवों में बने अमृत सरोवरो पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने छठ पूजा स्थलों व नदियों के घाटों आदि पर विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सूर्यदेव और प्रकृति की उपासना को समर्पित महापर्व छठ पर लोग शुद्ध अन्तःकरण एवं निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियो को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भास्कर से राज्य में प्रगति, सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की है और कहा कि भगवान भास्कर की आभा और छठी मइया के आशीर्वाद से हर किसी का जीवन सदैव आलोकित रहे।

# गांधी परिवार का चार दशकों तक राज रहा: स्मृति ईरानी

**50 लाभर्थियों को स्मृति ईरानी ने दिया चेक व छतरी**

**केन्द्रीय मंत्री ने किया श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज का भूमिपूजन**

**लखनऊ।** रायबरेली की सलोन विधानसभा क्षेत्र के छतोह व नगर पंचायत नसीराबाद में एक दिवसीय दौरे पर आई केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चार दशक तक गांधी खानदान का राज रहा, उनके बच्चे विदेशों में पढ़ें पर स्कूलों की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ।

केन्द्रीय मंत्री ने राजाराम चेतना डिग्री कालेज में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से अमेठी लोकसभा क्षेत्र के 560 परिषदीय विद्यालयों में पहली बार फर्नीचर लगवाया गया है। इसके पहले केन्द्रीय मंत्री ने नसीराबाद के रामलीला मैदान पर पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक व छतरी वितरण किया। उन्होंने कहा कि सब्जी की दुकान पर चाय वाले को छतरी दी गई। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है जितने भी दर्शक गण देख रहे हैं। छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में उनसे कहना है कि लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और वोट डालने जरुर जायें। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रामलीला मैदान में पीएम



स्वनिधि योजना के अंतर्गत नसीराबाद के 45 व परशदेपुर के पांच लाभार्थियों को चेक व छतरी का वितरण किया। केन्द्रीय मंत्री ने वितरण के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं जिन्होंने पटरी दुकानदारों को स्वरोजगार के लिए बैंकों से ऋण देने की व्यवस्था कराई। कहा कि यहां 85 से अधिक ऐसे दुकानदार हैं जो एक बार 10 हजार का ऋण लेकर बैंक को लौटा चुके हैं। सलोन विधानसभा क्षेत्र में 1858 लोगों ने ऋण का आवेदन किया था, जिसमें 1475 लोगों को दस दस हजार का ऋण दिया गया। 680 लोगों को बीस-बीस हजार तथा 80 से अधिक लोगों को 50 हजार का ऋण दिया गया। अब तक पूरे देश में 53 लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि बैंक, सांसद व देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि आप सभी विकसित हों। लोगों से कहा कि अपना सामान अपने लोगों से ही खरीदें। उन्होंने विधायक अशोक कुमार कोरी से सलोन विधानसभा क्षेत्र में विशेष ऋण मेला लगवाने को कहा जिससे सभी को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, विधायक अशोक कुमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक सिंह, पूर्व विधायक गजाधर सिंह, पूर्व प्रमुख सैय्यद अहमद, छतोह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने केन्द्रीय मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस मौके पर चेयरमैन मोहम्मद अली, अधिशासी अधिकारी राकेश सरोज, मोहम्मद नासिर, मंडल अध्यक्ष अभय सिंह,मदन तिवारी, राघवेन्द्र पांडेय और विवेक तिवारी आदि मौजूद थे। विकास खंड छतोह के चतुरपुर गांव में श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज का केन्द्रीय मंत्री ने भूमि पूजन किया। आचार्य हरिनाथ शुक्ल ने विधि विधान से पूजन कराई और लोगों को तिलक लगाया। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, विद्यालय की प्रबंधक रीता वर्मा, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, विधायक अशोक कुमार ने नींव में ईट डालकर विद्यालय का निर्माण शुरू कराया। केन्द्रीय मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार लोकसभा क्षेत्र के 560 विद्यालयों में सरकार के द्वारा फर्नीचर की व्यवस्था की गई।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में 06 राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं स्टेट पुलिस नोडल आफिसर के साथ रीजनल कांफ्रेंस आयोजित करेगा।

लोकसभा निर्वाचन की दृष्टि से मध्य क्षेत्र जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, बिहार, झारखण्ड तथा उड़ीसा राज्य सम्मिलित हैं, रीजनल कांफ्रेंस आगामी 18 दिसम्बर 2023 को लखनऊ में प्रस्तावित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को जनपथ स्थित कार्यालय के सभागार कक्ष में रीजनल कांफ्रेंस की तैयारी के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस तरह का रीजनल कांफ्रेंस पहली बार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि मध्य क्षेत्र में लखनऊ को इस कॉन्फ्रेंस के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीजनल कांफ्रेंस आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान दूसरे राज्यों के बॉर्डर के साथ आपसी समन्वय स्थापित कराने तथा निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, भयरहित सपन्न कराने के लिये आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा अभी हाल ही में 75 जनपदो के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ पांच चरणों में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान अगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विभिन्न विषयों पर आयोग की टीम के द्वारा चर्चा की गई है।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर, सुश्री निधि श्रीवास्तव, श्री कुमार विनीत, श्री रत्नेश सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ श्री सूर्यपाल गंगवार, उप महा निरीक्षक कानून व्यवस्था श्री एल आर कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ श्री उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, अपर निदेशक सूचना श्री अंशुमान राम त्रिपाठी, राज्य सम्पत्ति विभाग, प्रोटोकॉल, नियोजन से नामित अधिकारी तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनजाति समाज की जीवन शैली ही आध्यात्म है: मालिनी अवस्थी

## संगीत नाटक अकादमी में जनजातीय भागीदारी उत्सव के तहत आयोजित हुई संस्कृति और विकास गोष्ठी

**जनजातीय समुदाय की सहज जीवन शैली ही इनकी विशेषता है: सिंह**

**जनजाति लोगों ने अपनी संस्कृति और परम्परा को बनाये रखा: मंगलामुखी**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर लखनऊ में चल रहे जनजातीय भागीदारी उत्सव के तहत आयोजित संस्कृति और विकास गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह ने कहा कि जनजाति संस्कृति की विशेष पहचान केवल लोकनृत्य से नहीं है बल्कि उनसे जुड़े हर गतिविधि एवं क्रियाकलापों से है। जनजातीय समुदाय की सहज जीवन शैली ही इनकी विशेषता है। आज पूरा विश्व जनजातीय संस्कृति की ओर सहज ही आकर्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इनके विवाह संस्कार एवं अंतिम संस्कार की अपनी खास विशेषता है। इनके यहां विवाह तय होने से पहले यह सुनिश्चित किया जाता है कि वर को कोई एक कला आती है अथवा नहीं, तभी विवाह होता है। इनके यहां मुखिया का अनुशासन पाया जाना इनकी खास विशेषता है।

श्रीमती सिंह ने कहा कि पर्यावरण की चिंता करना इनकी खास विशेषता है। इनका भोला निष्छल मन सहज भाव से ही आध्यात्म से जुड़ा है। सहनशीलता प्रकृति की निर्भरता, मातृ शक्ति को महत्व इनकी अपनी संस्कृति से ही इन्हें मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं एवं प्रकृति के क्षेत्र में न केवल इनका भय बल्कि विश्वास दोनों ही शामिल हैं। जहां ये एक तरफ प्रकृति को नुकसान करने से डरते हैं वहीं भगवान से उम्मीद करते हैं कि वह दिव्य शक्ति उनकी प्राकृतिक आपदाओं से उनकी रक्षा करेगा। जनजाति समुदाय के लोग वीरता को खासा महत्व देते हैं। बिरसा मुण्डा को उनके बलिदान, साहस एवं शौर्य के कारण ही जनजाति के लोग उन्हें भगवान मानकर पूजते हैं। जनजाति लोग घुमक्कड़ जीवन शैली पसंद करते हैं और प्रकृति के बीच में रहना चाहते हैं। भारत पर बहुत से बाहरी आक्रान्ताओं ने आक्रमण किया परन्तु जनजाति समुदाय के लोगों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता को बनाये रखा। आज की नवीन संस्कृति औपचारिकता की तरफ बढ़ती जा रही है। जरूरत है कि हम अपनी संस्कृति की अनौपचारिकता को बनाये रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा0 मालिनी अवस्थी ने कहा कि कोरोना के बाद पूरे विश्व की सोच में बदलाव आया। आज लोग लौटकर पुनः प्रकृति की ओर आ रहे हैं। लोगों ने प्रकृति के महत्व को समझा और अनुभव किया कि प्रकृति हमें आक्सीजन, जल इत्यादि प्रदान करती है। आज सभी आध्यात्मिक जीवन और आध्यात्मिक सुख की ओर लौट रहे हैं।

हावर्ड विश्वविद्यालय आज शोध कर रहा है कि कैसे सुख और शांति प्राप्त की जाए। जनजाति समाज की जीवन शैली ही आध्यात्म है। प्रसन्नता व साझेदारी से कार्य किया जाए तो आध्यात्म को खोजना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सोनभद्र इलाके में रहने वाली खरवार जनजाति में कर्मा लोकनृत्य प्रसिद्ध है और यह उनकी जीवन शैली का अंग है। जनजाति लोग आज भी अपनी साक-सब्जी स्वयं उगाते हैं। कपड़ा भी स्वयं बुनते हैं और इस प्रकार वे सुखी एवं खुशहाल जीवन व्यतीत करते हैं। इस अवसर पर जनजाति समाज से दर्जा प्राप्त मंत्री ट्रसजेन्डर वेलफेयर बोर्ड देविका देवेन्द्र एस0 मंगलामुखी ने कहा कि संस्कृति का ही भाग है आध्यात्म। उन्होंने कहा कि सहरिया एवं गरसिया जनजाति राजस्थान, यूपी में प्रमुखता से पाई जाती है।

उन्होंने कहा कि दोनों ही जनजातियों में बेटी के जन्म को अच्छा माना जाता है। दोनों ही जनजातियों में बेटी को ब्याहने के जगह पर दामाद को घरजमाई बनाने की परम्परा है। इस जनजाति के लोग अपने हाथों पर सीता की रसोई इत्यादि गुदवाते है। यह उनका आध्यात्मिक पहलू है। मिशनरियों ने दलित व आदिवासी समाज पर ही अपना प्रभाव जमाना शुरू किया।

# सभी अपनों के सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे सुब्रत राय: मंजीत कुमार

**लखनऊ।** डा अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब व् मांगरीश वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सुब्रत रॉय जी के निधन पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन डा अशोक नेता जी सभागार, नौका विहार, तारामण्डल पर हुआ। सुब्रत रॉय जी के निधन से हमारा शहर दुखी है। केवल इसलिए नहीं कि आप गोरखपुर के थे , इसलिए भी की आपने हमेशा गोरखपुर शहर का नाम लिया और गोरखपुर के हजारों लोगों को सहारा से जोड़ा और सपने देखना सिखाया हमारी पीढ़ी आपकी कायल है। एक बजाज प्रिया स्कूटर से शुरू हुई यात्रा विमानों के बेड़ों तक और गोलघर के।एक कमरे के ऑफिस की यात्रा लंदन के बड़े बड़े पांच सितारा होटलों के स्वामित्व तक पहुंची।



सच में आपने सिखाया कि सभी कल्पनाएं सच हो सकती हैं। आपको विनम्र श्रद्धांजलि और नमन सहारा इंडिया परिवार के अभिभावक माननीय सहारा श्री के निधन से राष्ट्र को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है। सहारा श्री के निधन से सहारा इंडिया परिवार के लाखों कार्यकर्ताओ के ऊपर से एक अभिभावक का साया उठ गया। महान कर्मयोगी के निधन से पूरा परिवार दुखी है। ईश्वर महान कर्मयोगी के पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। दुख की इस घड़ी में सबको साहस प्रदान करें। सोच भारत माता के आदर की...सोच खेल खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय बनाने की...सोच लाखों सहाराकर्मियों के उज्जवल भविष्य की...बहुत कुछ था आपमें सहारा श्री...आपके स्वर्गारोहण से मन व्यथित आँखें नम है भावभीनी श्रद्धांजली। उक्त वक्तव्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी इंजीनियर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव प्रख्यात शिक्षा विद डॉक्टर मनोज कुमार श्रीवास्तव, रेलवे एक्टिविस्ट इंजीनियर रंजीत कुमार ,मांगरिश वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्रसिद्ध उद्यमी इंजीनियर संजीत कुमार श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब के संयोजक व् सामाजिक कार्यकर्त्ता मनजीत कुमार उर्फ बाबू ,वरिष्ठ एथलीट व विश्व शांति मिशन के संयोजक अरुण कुमार ब्रह्मचारी शरद चंद्र त्रिपाठी सहित भारी संख्याओं संख्या में लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला व श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर दिल्ली में हुआ भव्य आयोजन, ब्रज के पत्रकारों ने लिया भाग



एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के नेतृत्व में ब्रज के पत्रकारों ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष से की मुलाकात, ब्रज आने का दिया निमंत्रण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय प्रेस परिषद द्वारा गुरुवार को समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विशिष्ट अतिथि सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर, देश के सूचना एवं प्रसारण और मत्स्य पशुपालन एवं डेरी राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन, कार्यक्रम में मुख्य व्याख्याता वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमिताभ कांत, जी 20 शेरपा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश की पूर्व चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई अध्यक्ष भारतीय प्रेस परिषद तथा धन्यवाद भारतीय प्रेस परिषद के सचिव नंगसंग्लेम्बा आओ द्वारा किया गया। समारोह में एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के नेतृत्व में ब्रज भूमि के पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री उपमन्यु व इयान मीडिया हाउस के एमडी व आम आदमी पार्टी से मथुरा लोकसभा का चुनाव लड़े अनुज गर्ग द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना प्रसाद देसाई को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें ब्रज भूमि में आने का निमंत्रण भी दिया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार भी किया। इस दौरान श्री उपमन्यु ने सूचना प्रसारण मंत्री से मांग की कि फेक न्यूज़ रुकनी चाहिए और जो फर्जी पत्रकारों की संख्या बढ़ रही है, जो समाज में पत्रकारिता के स्तर को गिरा रहे हैं उन पर भी कोई कठोर कदम सरकार को उठाना चाहिए। जिस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री ठाकुर द्वारा जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं एनयूजेआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रज्ञानंद चौधरी, एनयूजेआई के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य प्रसन्ना मोहंती, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सदस्य विकास द्विवेदी, भारतीय दूरदर्शन के पत्रकार अमरेंद्र गुप्ता, आयुष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## मोटा अनाज मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक: डीएम

**मथुरा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन न्यूट्रीसीरियल घटक के योजनांतर्गत श्री अन्न मोटा अनाज मिलेट्स जिला स्तरीय रोड शो को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रायफल क्लब से रवाना किया। रोड शो के माध्यम से मोटे अनाज की मानव स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता, खानपान की आदतों में सुधार लाने एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली को अपनाये जाने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान हमने भी मन में ठाना है, श्री अन्न अपनाना है नारा गूंजा।

जिलाधिकारी ने कहा कि मोटा अनाज के अनेक फायदे हैं। मोटे अनाज की खेती करना आसान तथा कम उपजाऊ भूमि में भी आसानी से की जा सकती है। मोटे अनाजों के गुणों के कारण ही इन्हें स्मार्ट फूड और सुपरफूड कहा जाता है। इसके प्रयोग से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। श्री अन्न में ज्वार में 9.97, बाजरा मे 11.92, रागी 7.16, चना 12.50, कोदो मे 12.30, कुटकी में 8.92, सांवा में 6.20, गेहूं में 10.59, चावल में 7.94 ग्राम प्रोटीन होती है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज की उपयोगिता एवं गुणवत्ता परक खाद्य पदार्थो के उपयोग तथा स्वच्छता व खानपान की आदतों में सुधार लाकर जीवन शैली को और अच्छा बनाएं।

# श्री खाटू श्यामजी मंदिर इकदिल में सुंदर काण्ड का आठवां आयोजन सम्पन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** निर्माणधीन श्रीखाटू श्यामजी मंदिर इकदिल पर सुंदर काण्ड का आठवां आयोजन सम्पन्न हुआ पूजन आरती का शुभारंभ उमा ईट भट्ठा के मालिक और महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी के जिला डिस्ट्रीब्यूटर समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया सर्वश्री, रामदास बाथम, अखिलेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, वकील सिंह पाल, राजनरायन दुबे, कृष्ण गोपाल सक्सेना, दिनेश चंद्र अग्निहोत्री, संजीव दुबे, सुशील सक्सेना, गिरजेश सारस्वत, निखिल कुमार, दीपक दुबे, श्याम त्रिपाठी, अरुण दीक्षित, दीपक त्रिपाठी, देव मिश्रा, शिवशंकर शाक्य, भल्लू शर्मा, सचिन यादव, गोविंद तिवारी, संतू मिश्रा, मनोज दुबे, शशिबाला, मोनिका अग्निहोत्री, प्राची सक्सेना, संजीव दुबे, सचिन यादव, आराध्या, सौम्या, श्रीआ आदि ने सुन्दर काण्ड के आयोजन में भाग लेकर प्रभु का गुणगान किया आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम के समापन पर सेवाश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदास बाथम ने श्री चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत किया सेवाश्रम प्रमुख चौ.अमित त्रिपाठी एड.ने खाटू श्यामजी का

## युवा अपनी प्रतिभा मंचों के माध्यम से लोगों तक पहुंचायें

**हरदोई।** स्थानीय गांधी भवन हाल में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलिकर कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को अपने देश की संस्कृति एवं सभ्यता की पूरी जानकारी होनी चाहिए और हर युवा को देश के उत्थान में अपना सम्पूर्ण करना चाहिए। उन्होने कहा युवा अपनी प्रतिभा मंचों के माध्यम से लोगों तक पहुंचायें और जनपद तथा प्रदेश का मान बढ़ायें। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा वाद-विवाद, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

# सहयोग से पूरा होगा कचरा मुक्त वार्ड का सपना: डॉ. मजहर

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम।** घर के लोग कूड़े को अलग अलग कर के नहीं देते जिसके वजह से इसका बेहतर प्रबन्धन के दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यदि प्रत्येक परिवार से सहयोग मिले तो पुरा होगा कचरा मुक्त वार्ड का सपना पुरा होगा हो सकेगा उक बाते आई जी एस एस और एच सी एल फाउन्डेशन के सहयोग से स्वच्छ नगर परियोजना के तहत गली मुहल्ला समितियों के सशक्तिकरण के लिए नगर पालिका बिलग्राम हरदोई में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागी विधियों पर साझ रखने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षक डा मजहर रसीदी में अपने संबोधन में कहा, प्रशिक्षण में आगे बतया कि हमें हरा डस्टबिन में गीला कचरा, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके आदि को डालना है और नीला डस्टबिन में प्लास्टिक, , बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े आदि को डालना है। स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा करते हुए बताया की इसके तहत के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ साथ थ्री आर के सिद्धांत पर काम करने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें रिड्यूस, रीयूज एवं रीसाइकल का ध्यान रखा जाएगा। रिड्यूस में प्लास्टिक पर रोक लगाने और उसकी जगह जूट के थैले, पेपर, फोम आदि का प्रयोग, रीयूज के तहत किसी वस्तु को फेंकने से पहले उसके दोबारा प्रयोग कर सकने और रिसाइकल के तहत लोहा, एल्युमीनियम, प्लास्टिक, कांच इत्यादि को इकट्ठा कर कबाड़ी वाले के मार्फत पुनः चक्रित करना। प्रशिक्षक ने कूड़े कचरे की शमशान यात्रा के अभिनव टूल के मध्यम से बताया की ये कूड़े की आत्मा भी देश में बहुत लोगो को मालामाल बना रहा है समितोयों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया और बैठक रजिस्टर को लिखने पर चर्चा भी किया गया। प्रेम नाथ अधिशाषी आधिकारी ने कूड़े को उत्पति स्थान पर ही अलग करने पर जोर दिया और और बजार से निकल रहे कूड़े की तरफ भी ध्यान देने पर जोर दिया।

अमित कुमार इम्पेक्ट आफिसर ने नियमित बैठक करने पर चर्चा करते हुए बताया की बैठक में अपनर वार्ड के जोखिम की पहचान करके योजना बनाना होगा साथ ही गीले कचरे को पारंपरिक, अर्ध-स्वचालित या पूरी तरह से स्वचालित खाद प्रक्रियाओं के माध्यम से खाद/वर्मीकम्पोस्ट में परिवर्तित किया जाता है। खाद बनाना कार्बनिक पदार्थो का एक एरोबिक क्षरण है जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक पोषक खाद बनती है।

यह परियोजना योगेश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है इस प्रशिक्षण वार्ड नंबर- एक के सभासद प्रतिनिधि रोहित कुमार और 9 निम्बर के अमन यादव साथ मुहम्मद शमीम उपस्थित रहे

प्रशिक्षण ले बाद में सफाई कर्मियों के साथ प्रयोग किये जा रहे सामानों के बारे में भी सफाई कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया गया और इस का अभ्यास करके भी सफाई कर्मियों को दिखया गया जिससे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पकचरा मुक्त वार्ड के सपने में अपना योगदान दे सके।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने किया प्रतिभा एवं अभिनंदन समारोह

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जनपद द्वारा डीवाइन लाइट पब्लिक स्कूल में प्रतिभा एवम अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्यअथिति सेवानिवृत डीआईजी (आइपीएस)डा हरीश कुमार, अतिविशिष्ट अथिति प्राचार्य के के कालेज प्रो महेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व महाधिवक्ता राजबहादुर एड, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य पंचायत राज्य महिला महाविद्यालय प्रो श्याम पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व हाकी खिलाड़ी जमीरुद्दीन, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि एवम राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक दीन मुहम्मद दीन का बुके भेंट कर, अंगवस्त्र एवम प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर जनपद इटावा के 44 कालेजों के 214 मेधावी विद्यार्थियो , जिनके अंक हाईस्कूल एवम इंटर में 80 प्रतिशत से अधिक थे उनको सम्मानित किया गया। समारोह में ग्रामीड परिवेश के कालेजों का अधिक प्रतिनिधित्तव रहने के साथ साथ पिछड़े, दलित एवम अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की प्रतिभागिता अधिक रही। 50 से अधिक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने जनपद इटावा में समाजसेवा या अन्य किसी क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिया, उनको भी सम्मानित किया गया। आईपीएस डा हरीश कुमार ने अपने विद्यार्थियो को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन की राह बहुत ही पथरीली एवम ऊबड़ खाबड़ है पर इससे घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि कोशिश करने वाले की कभी हार नही होती। कठिन कुछ नही होता सिर्फ आपको अपने अंदर चिंगारी जलाने की जरूरत है। जीवन में कुछ भी असंभव नही है। आप लोग हाल में क्रिकेट खिलाड़ी मुहम्मद शमी का उदाहरण देख सकते है, जिसके ऊपर उसकी पत्नी ने मुकदमा किया, पिता का देहांत हुआ, देशद्रोह का आरोप लगा, कई बार आत्महत्या की सोचना। परंतु जनून से उसने पूरे वर्ल्ड कप सहित सेमीफाइनल में ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि आज शमी देश का हीरो है। इसलिए बच्चो कोई भी लक्ष्य असंभव नही है बस जनून को चिंगारी में बदलने की आवश्यकता है। पढ़ाई के साथ साथ कुछ समय अपने शरीर को भी देने की आवश्यकता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। प्राचार्य के के कालेज प्रो महेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियो आपको अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी के अनुरूप तैयारी करने की आवश्यकता है। हो सकता है इस दौरान आपको कुछ असफलता का भी सामना करना पड़े, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। समारोह को प्राचार्य पंचायत राज महिला महाविद्यालय प्रो श्यामपाल सिंह, पूर्व महाधिवक्ता राजबहादुर यादव एड, 92 वर्षीय पूर्व हाकी खिलाड़ी जमीरुद्दीन, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि एवम सेवानिवृत शिक्षक दीन मुहम्मद दीन ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक एवम जिला अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा प्रो शिवराज सिंह यादव ने अतिथियों, आगंतुकों एवम डीवाइन पब्लिक स्कूल के संस्थापक रामनरेश यादव का संबोधन द्वारा स्वागत एवम आभार प्रकट किया। समारोह का संचालन श्री चित्रगुप्त इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उमेश यादव ने किया। समारोह में चित्रगुप्त इंटर कालेज की छात्रा सुहानी ने रानी लक्ष्मीबाई के गाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में डा रामनरेश यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, मुनेश यादव, डा आनंद कुशवाह, डा सुनीता यादव, डा सरोज यादव, विपिन कुमार राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी, डा रामयश सिंह यादव, डा ओमकार सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद यादव, डा धर्मेन्द्र यादव, उदयभान सिंह यादव, जगदीश यादव, डा ब्रजेश यादव, मेधावृत आचार्य, संतप्रकाश, नंदकुमारयादव, संजीव यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। यह जानकारी प्रो शिवराज सिंह यादव कार्यक्रम संयोजक /अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने दी।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा आकाशवाणी का प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**

- 5 दिन की छुट्टियों में घर बैठे रहे अफसर, अटेंडेंस मशीन खराब
- कैजुअल कंपेयर अनाउंसरों के भरोसे आकाशवाणी
- कैजुअल्स को मानदेय के लिए कई कई महीने करना पड़ता है इंतजार

**मथुरा।** आकाशवाणी का मथुरा वृंदावन केंद्र यानी एफएम 102.2 कल रात से बंद है। श्रोता प्रसारण में खामी बार-बार की ट्रिपिंग और आवाज कम आने जैसी शिकायतें लंबे समय से कर रहे थे लेकिन आकाशवाणी के अधिकारियों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। दीपावली की छुट्टियों में ऑनलाइन अटेंडेंस वाली थंब मशीन को खराब कर अधिकारी घर पर त्योहार मनाते रहे। इधर स्टेशन की ट्रांसमिशन व्यवस्था ध्वस्त हो गई। व्यवस्थाओं का आलम यह है कि कैजुअल अनाउंसर और कंपेयर को अपनी ड्यूटी के भुगतान के लिए कई कई महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत सूचना एवं प्रसारण मंत्री से की गई है।

उल्लेखनीय है कि आकाशवाणी का प्रसारण केवल दो ढाई किलोमीटर तक सुनाई दे रहा है। गुजरे कुछ महीनो से आकाशवाणी के मथुरा वृंदावन केंद्र का हाल बेहाल है। आए दिन तकनीकी खामियां बनी रहती हैं और उन्हें ठीक नहीं किया जाता। ट्रांसमिशन को बैकअप देने वाले इनवर्टर्स लंबे समय से खराब हैं। रिकॉर्डिंग स्टूडियो में मौजूद कंसोल आदि भी खराब पड़े हुए हैं। इन्हें ठीक करने की फुर्सत किसी भी अभियंता को नहीं है। पांच दिवसीय त्योहारों के समय पर ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने वाली थंब मशीन खराब कर अधिकारी घरों पर त्योहार मनाने मसगूल रहे। इस दौरान आकाशवाणी केन्द्र की ट्रांसमिशन की व्यवस्था भी कल रात्रि से पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। गुरुवार शाम से भरतपुर, अलवर, होटल और आगरा तक सुने जाने वाले आकाशवाणी के प्रसारण केवल शहर में दो किलोमीटर फ्रीक्वेंसी में सिमट कर रह गए।

# बाल कल्याण समिति ने परखी जिला महिला अस्पताल की व्यवस्थाएं

**अवधनामा संवाददाता**

- तस्कर गिरोह से मुक्त कराए बच्चे का जाना हाल

**मथुरा।** बाल कल्याण समिति मथुरा के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में बाल कल्याण समिति कक सदस्यों के द्वारा जिला महिला चिकित्सालय सहित अस्पताल के एनआईसीयू एवं बच्चा वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सदस्य मोहिनी शर्मा, अंजू शर्मा, अनीता गुप्ता एवं सीमा उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं व्यवस्थाएं संतोष जनक पायी गयी। समिति के अध्यक्ष ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से भी पूछताछ की कि उनको अस्पताल से दवाईयां मिल रहीं हैं या नहीं। निरीक्षण के उपरांत महिला चिकित्सालय की अधीक्षिका डॉ. रितू कात्यायन से वार्ता कर बच्चा तस्कर गिरोह से रेस्क्यू की गई बालिका के स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की गई। अधीक्षिका द्वारा बताया गया की बालिका वर्तमान में स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक है परंतु अभी लगभग एक महीने तक उसे चिकित्सकीय देखरेख में रखने की आवश्यकता है।

# स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा के साथ हुआ गैंगरेप

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना सुरीर इलाके में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। स्कूल जाते वक्त छात्रा को आरोपी अपने घर में जबरन खींच कर ले गया। घर में मौजूद चार लोगों ने छात्रा के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों के ख़िलाफ़ तहरीर दी है। पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।थाना सुरीर क्षेत्र निवासी नाबालिग छात्रा उम्र करीब 17 वर्ष घर से स्कूल पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि तभी रास्ते में नामजद युवक बेटी को जबरन खींच कर अपने घर में ले गया। वहां बेटी को मकान में बंधक बना नामजद ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पिता ने दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा है कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी पढ़ने स्कूल जा रही थी। तभी रास्ते में नामजद युवक उसकी नाबालिग बेटी को जबरन खींच कर अपने मकान में ले गया। वहां उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ कमरे में तीन घंटे तक बंधक बनाकर सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया।

# बसपा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी

**अवधनामा संवाददाता**

- कार्यकर्ता वोट बढ़ाने के कार्य में सक्रिय योगदान दें

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु. मायावती के निर्देशनुसार जनपद मथुरा के( 82) मांट विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर स्तरीय मांट अंबेडकर पार्क में केडर कैंप लगाया गया केडर कैंप में मुख्य अतिथि पूर्व एससी एसटी आयोग उत्तर प्रदेश एव आगरा मण्डल प्रभारी गोरेलाल जाटव ने बताया की बहुजन समाज पार्टी की जब सरकार थी तब हर अधिकारी व कर्मचारी अपने अपने दफ्तर में समय पर पहुंच जाते थे हर समाज हर वर्ग के लोगो की सुनवाई तत्काल प्रभाव से होती थीं और बहन बेटियों की तरफ़ कोई आंख उठाकर नही देख सकता था। अंबेडकर ग्राम विकास योजना के तहत गांव में विकास कार्य किया गया और काशीराम आवास योजना के तहत बेघरों को घर देने का काम किया ईवीएम को हटाना है वेलेड पेपर से चुनाव कराना है और वोट बढ़ाने का कार्य शुरू हो चुका है हर बूथ पर पहुचकर और घर-घर जाकर वोट बढ़वाये और चुनाव के दिन एक एक वोट डलवाएं और बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी को 2024 के चुनाव में देश का प्रधानमंत्री बनाए पूर्व प्रधान पूरन सिंह ने बैठक की समापन की घोषणा की केडर कैंप में उपस्थित रहे, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल बामसेफ सयोजक उमेश कुमार वीवीएफ सयोजक सतेन्द्र कुमार जिला पंचायत सदस्य कुंवर सेन विधानसभा प्रभारी प्रेमसिंह बनवारी लाल राजेश बघेल कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मौर्य समुंद्र सिंह हरिश चन्द बघेल सैक्टर अध्यक्ष हरीश चन्द आदि पदाधिकरी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## खाना पकाने के उपरान्त बर्तनों को ढक्कन से ढका जाए



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में हॉट मील योजना के प्रभावी अनुश्रवण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत बच्चों को मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। भोजन पकाने में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। खाना पकाने के उपरान्त बर्तनों को ढक्कन से ढका जाए। आवश्यक बर्तनों की खरीद जल्द सुनिश्चित की जाए। खाना पकाने के स्थान पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। खाद्यान्न का उठान ससमय कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी व सीडीपीओ 5 केन्द्रों का प्रतिमाह निरीक्षण करें। पोषण ट्रैकर ऐप पर ससमय फीडिंग कार्य कराया जाए। स्वास्थ्य एवं पोषण मेलों का आयोजन प्रत्येक 6 माह में कराया जाए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा, कार्यक्रम विभाग के संबंधित अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लायी जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खुली बैठकों का आयोजन किया जाए। व्यक्तिगत शौचालय के पैसे का हस्तांतरण जल्द किया जाए। आरआरसी केन्द्रों के लिए भूमि चिन्हीकरण का कार्य जल्द कराया जाए। एडीओ पंचायत, खण्ड प्रेरकों व ऑपरेटरों को मोबाइल डाटा के लिए निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने बावन में गोवर्धन संयंत्र के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, ब्लॉक प्रमुख भरखनी व शाहाबाद, ग्राम प्रधान बांसा, नेदुरा व खजूर मई तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी को मुख्य सचिव की ओर से मिला प्रशंसा पत्र

**हरदोई।** जनपद में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये गए आयुष्मान भव कार्यक्रम की व्यापक सफलता की उच्च स्तर पर काफी सराहना हुई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को इस संबंध में एक प्रशस्ति पत्र मिला है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी की ओर से निरंतर सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद हतदोई में आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 218826 आयुष्मान कार्ड बनाये गए और जनपद इस अवधि में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में समस्त जनपदों की रैंकिंग में द्वितीय स्थान पर रहा। जनपद के कारण पूरे देश मे उत्तर प्रदेश की उपलब्धि में भी सुधार हुआ है। प्रशस्ति पत्र में जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व की सराहना की। विदित हो कि जिलाधिकारी ने बीते समय मे अत्यंत कल्याणकारी योजना आयुष्मान को लेकर काफी गंभीरता दिखाई। अंतर्विभागीय समन्वय से जनपद ने आयुष्मान कार्ड बनाने में रिकॉर्ड कायम कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशंसा पत्र सिर्फ जिलाधिकारी के लिए नही बल्कि समस्त प्रशासनिक टीमो व जनपद की जनता के लिए प्रसंसा पत्र है।

## एस एस पी ने रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी।तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों,थानाध्यक्षों की गाडियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट,मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करते हुए संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित कैण्टीन,बैरक,एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि सहालग का मौसम देखते हुए व्यापारियों से अपील है कि बाजारों में खरीददारों की भीड़ है,ऐसी स्थिति में दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें,ज्यादातर बाजारों में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है ऐसी सिस्थति में खरीददार सड़कों पर अपने वाहन खड़े कर रहे है,वह जाम का कारण बन रहे हैं,सबसे ज्यादा खराब माहौल शहर के पक्की सराय बाजार का है,जहां लगभग पूरी सड़क ब्लाक हो गयी है, दिवाली का समय होने से पटाखे आदि चलनें के कारण अग्नि कांड की सूचनाएं रोज आ रहीं हैं,इस कारण अगर किसी शोरूम में कोई अनहोनी हो गयी तो अग्निशमन वाहनों का बाजार में पहुंचना दुष्कर हो जायेगा है,जिससे भारी जनहानि एंव धनहानि की संभावना हो सकती है,व्यापार मंडल व्यापारियों से आग्रह करता है कि एक दूसरे की देखादेखी अपनी दुकानों का सामान आगे न बड़ाये।

## राया आतिशबाजी प्रकरण: जिलाधिकारी ने जांच कमेटी गठित की

**मथुरा।** जिलाधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट शैलेंद्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उप जिलाधिकारी मांट से प्राप्त आख्या के अनुसार 12 नवंबर (दिन रविवार) को राधा गोपाल बाग राया तहसील मांट जनपद मथुरा स्थित खुले मैदान में आतिशबाजी (पटाखों) की कुल 22 दुकान में से 07 दुकानों में जिनकी क्रमांक संख्या- 01, 02, 03, 04, 05, 06 व 07 में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण दुकानें जल गई एवं मौके पर उपस्थित 13 व्यक्ति घायल हो गए थे। उक्त घटित घटना की जांच हेतु जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश संख्या 1020 / ओ.एस.डी / 2023 12 नवंबर के द्वारा गठित जांच समिति को निरस्त करते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की संयुक्त जांच समिति गठित की है। समिति घटना के कारण की जांच, किस स्तर पर शिथिलता बरती गई के संबंध में आख्या एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो के संबंध में अपने सुझाव से जिलाधिकारी को 01 सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

# मेकअप किट शेयर करने से हो सकती हैं स्किन संबंधी समस्याएं, कहीं खराब ना हो जाए आपका चेहरा

अपनी लाइफ में कभी ना कभी हर महिला ने किसी न किसी के साथ अपना मेकअप किट जरूर शेयर किया होगा। हालांकि शेयरिंग एक अच्छी आदत मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं मेकएप किट को कभी शेयर नहीं करना चाहिए।



हर महिला के लिए मेकअप कितना ज्यादा जरूरी होता है। यह बात तो हम सभी बहुत अच्छे से जानते हैं। वहीं अपनी लाइफ में कभी ना कभी हर महिला ने किसी न किसी के साथ अपना मेकअप किट जरूर शेयर किया होगा। हालांकि शेयरिंग एक अच्छी आदत मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं मेकअप किट को कभी शेयर नहीं करना चाहिए। क्योंकि मेकअप किट शेयर करने की वजह से आपको कई स्किन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेकअप किट शेयर करने से आपको कौन-कौन सी स्किन संबंधी समस्याएं होने का खतरा होता है।

***आंखों में इंफेक्शन का खतरा***

आपको जानकर भले ही हैरानी हो लेकिन यह बात बिलकुल सच है कि मेकअप किट शेयर करने से आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। क्योंकि अगर आप दूसरों के साथ आंखों में काजल लगाने वाले ब्रश का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा अगर किसी की आंखों में कोई समस्या या इंफेक्शन आदि है, तब भी एक ही ब्रश इस्तेमाल करना आपकी आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

***स्किन प्रॉब्लम***

अगर आप दूसरों के ब्लश लगाने वाले ब्रश का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि यह आपके लिए नई समस्या को जन्म दे सकता है। इस कारण आपकी स्किन पर रैशेज, खुजली जैसी अन्य समस्याएं हो सकती हैं। वहीं दूसरे व्यक्ति को यदि स्किन से जुड़ी समस्या जैसे एक्जिमा या हीव्स आदि है, तो यह समस्या आपको भी हो सकती है।

***होंठों में दाने***

कभी भी किसी रिश्तेदार या फ्रेंड्स के साथ लिपस्टिक शेयर करने की गलती नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको कोल्ड सोर यानी की होठों के आसपास छोटे-छोटे दाने निकल सकते हैं। इन दानों में खुजली, जलन व दर्द भी हो सकता है। आपको यह बीमारी होने पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी ऐसा हो सकता है।

***आंखों में जुएं***

हालांकि आखों की पलकों में जुएं की समस्या काफी कम लोगों के साथ होती है। लेकिन यह समस्या उन लोगों के साथ ज्यादा होती है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखते हैं। अगर किसी व्यक्ति को ऐसी समस्या को तो उसके मेकअप प्रोडक्ट जैसे काजल और आईलाइनर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

***वॉर्ट***

ह्यूमन पेपिलोमा वायरस की वजह से वॉर्ट के संक्रमण हो सकते हैं। इस वायरस के होने पर स्किन की ऊपरी परत में काफी ज्यादा मात्रा में केरोटिन विकसीत होने लगता है। जिसके कारण स्किन खुरदुरी होने लगती है। साथ ही उस जगह पर मस्सा जैसी गांठ बन जाती है। इसे वॉर्ट कहा जाता है। ऐसे में किसी को यह समस्या होने पर अगर आप उसकी मेकअप किट का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको भी यह समस्या हो सकती है।

***इन बातों का रखें खास ध्यान***

अगर आपने भी मेकअप किट शेयर की है, तो उसे इस्तेमाल करने से पहले स्पंज, ब्रश आदि को अच्छे से धो लें।

इंफेक्टेड व्यक्ति के साथ मेकअप किट शेयर करने से बचना चाहिए।

किसी के साथ भी लिपस्टिक और काजल नहीं शेयर करना चाहिए।

मेकअप अप्लाई करने से पहले अच्छे से फेस वॉस कर लें।

पेंसिल काजल को यदि किसी से शेयर किया है, तो उसे दोबारा इस्तेमाल में लाने से पहले शार्प कर लें।

# पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लेते हैं फिश स्पा, तो जरूर जान लें इसके साइड इफेक्ट

आज के समय में लोग खूबसूरत दिखने के लिए तमाम तरह के ब्यूटी और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मॉल से लेकर स्पा तक हर जगह फिश पेडिक्योर या फिश स्पा का ऑप्शन दिख जाएगा। हालांकि कई देशों में फिश स्पा को बैन कर दिया गया है।



आज के समय में लोग खूबसूरत दिखने के लिए तमाम तरह के ब्यूटी और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। वहीं सुंदर दिखने के लिए लोग तमाम तरह की ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। परफेक्ट लुक पाने के लिए लोग ब्यूटी ट्रीटमेंट पर काफी रुपए खर्च कर देते हैं। पार्लर में फेशियल, वैक्सिंग से लेकर पेडिक्योर जैसे कई ब्यूटी ट्रीटमेंट कराई जाती है। आजकल के समय में फिश पेडिक्योर या फिश स्पा बहुत तेजी से पॉपुलर हो रहा है।

मॉल से लेकर स्पा तक हर जगह फिश पेडिक्योर या फिश स्पा का ऑप्शन दिख जाएगा। हालांकि कई देशों में फिश स्पा को बैन कर दिया गया है। बता दें कि फिश पेडिक्योर एक मसाज है। इस मसाज को लेकर कहा जाता है कि यह आपको मानसिक रूप से सुकून देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिश स्पा से आपको कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

***फिश स्पा के नुकसान***

लोग सुंदर दिखने और रिलैक्सेशन के लिए फिश स्पा का इस्तेमाल करते हैं। यह एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। पैरों की स्किन को खूबसूरत और सुंदर बनाने के लिए फिश स्पा का सहारा लेते हैं। इसके लिए आपको पानी से भरे टैंक में पैर डालकर बैठना होता है। उस टैंक में मछलियां मौजूद होती हैं। यह मछलियां आपके पैरों की डेड स्किन को खा जाती हैं। साथ ही इससे आपकी स्किन सॉफ्ट और एक्सफोलिएट करने का काम करती है। लेकिन कहा जाता है कि फिश स्पा से आपको कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। आि इस स्पा को कराने से कई स्किन संबंधी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं।

***इन बीमारियों का खतरा***

फिश स्पा कराने से आपको एक्जिमा, सोरायसिस और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। क्योंकि इन बीमारियों से संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद अगर मछलियां आपको काटती हैं, तो इसकी वजह से आपको भी इन गंभीर बीमारियों से संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है।

***स्किन इन्फेक्शन***

फिश स्पा लेने से स्किन इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। टैंक में मौजूद मछलियों के साथ तमाम तरह के बैक्टीरिया भी पाए जाते हैं। ऐसे में जब आप इन बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं तो आपको भी स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसी वजह से अमेरिका से लेकर कनाडा तक दुनिया के कई देशों में फिश स्पा को बैन कर दिया गया है।

# कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए इस घरेलू नस्खे का करें इस्तेमाल, फॉलो करें ये टिप्स

आजकल कोरियन ग्लास स्किन ब्यूटी ट्रेंड में नजर आ रही है। इसके लिए आपको मार्केट में कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे। लेकिन इनके इस्तेमाल से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए आप इन घरेलू तरीकों को आजमा सकती हैं।



आजकल कोरियन ग्लास स्किन ब्यूटी ट्रेंड में नजर आ रही है। इसके लिए आपको मार्केट में कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे। इन बाहरी प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं। यह शीशे की तरह ग्लो देने की बजाय आपकी स्किन को बेजान बना सकती है। स्किन पर शीशे की तरह ग्लो लाने के लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए आप एक घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं इन घरेलू चीजों के इस्तेमाल करने का तरीका और इससे आपकी स्किन को क्या फायदे होते हैं।

***इन चीजों का करें इस्तेमाल***

*शहद*

*पपीता*

***पपीता इस्तेमाल करने के फायदे***

पपीता का स्किन पर इस्तेमाल करने से स्किन की इलास्टिसिटी को बरकरार रखने में सहायक होता है।

पपीते में मौजूद तत्व स्किन की ड्राईनेस को कम करता है और नेचुरल मॉइस्चराइजर का काम करता है।

पपीता स्किन की पिगमेंटेशन को कम करने के लिए फायदेमंद होता है।

***शहद इस्तेमाल करने के फायदे***

बता दें कि शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को हाइड्रेटेड बनाने में मददगार होती है।

शहद आपकी त्वचा में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करता है।

***कैसे पाएं कोरियन स्किन***

शहद और पपीते का फेस पैक बनाने के लिए पपीते को अच्छे से मिक्सर में मैश कर लें।

फिर इसमें 2-3 चम्मच शहद मिलाएं।

इन दोनों को अच्छे से मिक्स करने के बाद ब्रश की मदद से इसे फेस पर अप्लाई करें।

इस फेस पैक को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर पानी की मदद से फेस को धो लें।

आप हफ्ते में 3 बार तक इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इस फेसपैक को अप्लाई करने से आपका फेस शीशे की तरह ग्लो करने लगता है।

# करीना कपूर से लेकर प्रियंका चोपड़ा की तरह फ्लॉलेस स्किन का राज

आज के समय में ग्लोइंग और हेल्दी स्किन पाना हर किसी की चाहत होती है। लेकिन दमकती त्वचा पाना इतना भी आसान नहीं है। ऐसे में आज हम आपकी बॉलीवुड की अभिनेत्रियों का ब्यूटी सीक्रेट बताने जा रहे हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप भी दमकती त्वचा पा सकती हैं।



आज के समय में ग्लोइंग और हेल्दी स्किन पाना हर किसी की चाहत होती है। लेकिन दमकती त्वचा पाना इतना भी आसान नहीं है। इसके लिए अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ती है। बता दें कि आज के समय में ग्लोइंग स्किन पाने के लिए लड़कियां महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उम्मीद के मुताबिक यह प्रोडक्ट्स भी असर नहीं करते हैं। ऐसे में बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखकर उनके जैसी स्किन पाने की लालसा हर किसी के मन में आने लगती है।

दरअसल, इंडस्ट्री की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनकी त्वचा काफी ज्यादा ग्लोइंग हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि यह अभिनेत्रियां ग्लोइंग स्किन पाने के लिए कोई खास महंगा ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी नहीं करती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बॉलीवुड की कुछ ऐसी ही अभिनेत्रियों के ब्यूटी सीक्रेट बताने जा रहे हैं। इन अभिनेत्रियों के तरीकों को आजमाकर आप भी ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं।

***प्रियंका चोपड़ा का ब्यूटी सीक्रेट***

अपनी एक्टिंग स्किल और खूबसूरती से देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पहचान बना चुकी प्रियंका चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं है। बता दें कि एक्ट्रेस महंगे ट्रीटमेंट की बजाए घर में बने हुए एक फेसपैक का इस्तेमाल करती हैं। प्रियंका चोपड़ा अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए होल व्हीट फ्लोर, हल्दी, नींबू का रस, फुल क्रीम योगर्ट और रोज वाटर को मिक्स कर फेसपैक तैयार करती हैं। इस पैक को फेस पर अप्लाई करने के कुछ देर बाद चेहरा धो लें। इससे आपकी भी स्किन ग्लोइंग बनेगी।

***दीपिका पादुकोण का ब्यूटी सीक्रेट***

बॉलीवुड डीवा दीपिका पादुकोण की खूबसूरती का हर कोई दीवाना है। वह ग्लोइंग त्वचा के लिए बेसन, दही, मलाई का पैक बनाकर चेहरे पर अप्लाई करती हैं। इस फेसपैक के इस्तेमाल से उनकी स्किन हमेशा खिली-खिली रहती है।

***अनन्या पांडे का ब्यूटी सीक्रेट***

आपने नोटिस क्या होगा कि एक्ट्रेस अनन्या पांडे का चेहरा हर समय ग्लो करता रहता है। अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए अनन्या 2 टेबलस्पून दही, हल्दी और हनी का फेसपैक बनाकर तैयार करती हैं। इस फेसपैक को 15 मिनट चेहरे पर अप्लाई करने से चेहरा दमक उठता है।

***करीना कपूर खान का ब्यूटी सीक्रेट***

करीना की ग्लोइंग स्किन देखने के बाद हर कोई उनका ब्यूटी सीक्रेट जानना चाहता है। ग्लोइंग स्किन पाने के लिए एक्ट्रेस सैंडलवुड - 2 टेबलस्पून, विटामिन- 2 ड्राप और थोड़ी सी हल्दी से फेसपैक बनाती हैं। इसे फेसपैक को चेहरे पर अप्लाई करने से आपकी त्वचा भी खिल उठेगी।

# शादी में दूल्हे जरूर अपनाएं ये मेकअप टिप्स, दुल्हन क्या सहेलियां भी हो जाएंगी लट्टू



अधिकतर लड़कों को यह पता नहीं होता है कि शादी के दिन उनको भी मेकअप करवाना होता है। जिससे कि वह भी ब्राइडल को टक्कर दे सकें और अपनी लाइफ के सबसे खास दिन पर सबसे स्मार्ट दिखें। हम आपको घर पर ही मेकअप के कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

इन दिनों शादी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में हर दूल्हे और दुल्हन को अपनी शादी के दिन को खास बनाना चाहते हैं। क्योंकि सभी यह चाहते हैं कि अपनी शादी के दिन वह सबसे खूबसूरत और अलग दिखें। जिसके लिए महीनों पहले से तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। वहीं अगर बात लड़की होती है, तो हर लड़की अपनी शादी के लिए सबसे अच्छा पार्लर बुक करती है। जिससे कि उसका मेकअप अच्छा होने के साथ ही लांग-लास्टिक रह सके। लेकिन कई बार लड़के इन बातों का ख्याल नहीं रखते हैं।

अधिकतर लड़कों को यह पता नहीं होता है कि शादी के दिन उनको भी मेकअप करवाना होता है। जिससे कि वह भी ब्राइडल को टक्कर दे सकें और अपनी लाइफ के सबसे खास दिन पर सबसे स्मार्ट दिखें। हांलाकि पार्लर जाकर लड़कों को मेकअप करना पसंद भी नहीं होता। लेकिन अगर आपको पार्लर जाकर मेकअप करना पसंद नहीं है तो आप घर पर भी मेकअप कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही मेकअप के कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप अपने स्पेशल दिन को खास बना सकते हैं। जिससे कि आप अपनी शादी के दिन स्मार्ट और हैंडसम दिखें।

***पहला स्टेप***


सबसे पहले अपनी शादी के दिन दूल्हे को अपने चेहरे को क्लीजिंग मिल्क की सहायता से साफ करना चाहिए। जिससे कि फेस की गंदगी अच्छे से साफ हो जाए। इसके बाद अपनी स्किन टाइप का टोनर फेस पर अप्लाई करें। ताकि आपकी स्किन ग्लो करे। टोनर अप्लाई करने के बाद अच्छी क्वालिटी का चेहरे पर फेस सीरम लगाएं। बता दें कि विटामिन सी का सीरम लगाने से आपकी स्किन खिली-खिली रहेगी।

इसके बाद कलर करेक्टर का इस्तेमाल करें। जिससे कि आपके फेस पर अगर दाग धब्बे हों, तो वह छिप जाएं। वहीं आंखों के नीचे के काले घेरों को छिपाने के लिए कलर करेक्टर काम आएगा। शादी के दिन हर कोई अपनी खूबसूरत तस्वीरें खिंचवाता है। वहीं दूल्हे-दुल्हन के साथ हर कोई तस्वीर लेता है। इसलिए अपनी आइब्रो को शेप जरूर दें। इससे आपका लुक और भी अच्छा लगेगा। फेस को शेप देने के लिए कंट्यूरिंग जरूर करें। ना सिर्फ दुल्हन बल्कि दूल्हे का भी चेहरा सही करने की जरूरत होती है। स्किन टाइप और स्किन टोन के हिसाब से फेस पर बेस और फांउडेशन अप्लाई करें। फाउंडेशन बहुत ज्यादा नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी स्किन अजीब दिख सकती है।

आपके पूरे लुक को रूखे-सूखे होंठ खराब कर सकते हैं। इसलिए आप लिप बाम या फिर हल्के रंग की

# चेहरे पर नीम का तेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है।



नीम के औषधीय गुणों से हम सभी वाकिफ है। यही कारण है कि अक्सर हम नीम को अपने स्किन केयर रूटीन में जगह देते हैं। अमूमन इसके पत्तों को पीसकर इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके पास इतना समय नहीं होता है कि वे हर दिन इतनी मेहनत करें। ऐसे में वे नीम के तेल का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। मार्केट में नीम का तेल आसानी से मिल जाता है, जिसकी मदद से आप अपनी स्किन की कई प्रॉब्लम्स जैसे एक्ने आदि से निजात पा सकते हैं। हालांकि, इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

स्किन को करें क्लीन

अगर आप नीम के तेल से अपनी स्किन को पैम्पर करना चाहते हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन को जरूर क्लीन करें। चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी या मेकअप होने पर आपको नीम का तेल इस्तेमाल करने से वह लाभ नहीं मिलेगा, जो वास्तव में मिलना चाहिए।

कैरियर ऑयल में करें मिक्स

हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है।

कम मात्रा में लगाएं

यह सच है कि नीम का तेल स्किन के लिए बेहद लाभदायक हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप एकदम से बहुत अधिक मात्रा में तेल लगाएं। अगर आप पहली बार नीम के तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो शुरुआत हमेशा कम मात्रा से ही करनी चाहिए। एकदम से बहुत अधिक तेल लगाने से आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है।

करें पैच टेस्ट

नीम के तेल से आपकी स्किन को कोई प्रॉब्लम ना हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप इसे अपने पूरे फेस या स्किन पर लगाने से पहले एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि आपको नीम के तेल से एलर्जी है या नहीं। यदि आपको किसी तरह की रेडनेस, खुजली या जलन हो रही है तो आप इसे अवॉयड करें।

# शहनाज गिल जैसी खूबसूरत ग्लोइंग स्किन पाने के लिए फॉलों करें ये टिप्स, दमक उठेगा आपका चेहरा

कई लोग ग्लोइंग स्किन पाने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसका असर नहीं दिखने पर आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के ब्यूटी सीक्रेट को फॉलो कर सकती हैं। बता दें कि नेचुरल ब्यूटी पाने के लिए शहनाज गिल मेकअप के साथ कुछ खास रूटीन भी फॉलो करती हैं।



कई लोग ग्लोइंग स्किन पाने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स का भी कुछ खास असर नहीं दिख रहा है, तो आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के ब्यूटी सीक्रेट को फॉलो कर सकती हैं। बता दें कि नेचुरल ब्यूटी पाने के लिए शहनाज गिल मेकअप के साथ कुछ खास रूटीन भी फॉलो करती हैं। जिससे हर समय उनका चेहरा दमकता रहता है। आइए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन पाने के लिए शहनाज गिल क्या-क्या करती हैं।

***भरपूर पानी पिएं***

बता दें कि सुबह लेकर रात तक के रूटीन में शहनाज गिल लगातार थोड़ी-थोड़ी देर में पानी जरूर पीती हैं। इससे आपकी स्किन के टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और आपके फेस ग्लो करने लगता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपका शरीर हाइड्रेटेड रहता है। जिसकी वजह से एक्ट्रेस शहनाज हमेशा फ्रेश नजर आती हैं।

***विटामिन सी सीरम***

हर रात को सोने से पहले शहनाज अपनी स्किन पर विटामिन सी का सीरम जरूर से जरूर इस्तेमाल करती हैं। शहनाज गिल विटामिन सी सीरम अप्लाई करना कभी भी स्किप नहीं करती हैं। इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा से हाइपर पिगमेंटेशन की समस्या खत्म हो जाती है। साथ ही स्किन की फाइन लाइन्स और स्किन पोर्स के साइज को भी विटामिन सी की मदद से कम किया जा सकता है।

मॉइश्चराइज है जरूरी

एक्ट्रेस हर रोज मेकअप करने से पहले अपनी स्किन को मॉइश्चराइज करना नहीं भूलती हैं। मॉइश्चराइज करने से केमिकल वाले ब्यूटी प्रोडेक्ट्स का नुकसान आपकी स्किन पर कम से कम पड़ता है। इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन मुलायम, ग्लोइंग, और डाइड्रेटेडड भी बनी रहती है।

***फैटी फ्री फूड्स***

एक्ट्रेस शहनाज रोजाना अपनी डाइट में रोजाना फैट फ्री फूड्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे चेहरे की त्वचा पर पिंपल की समस्या नहीं होती है। साथ ही यह आपकी त्वचा को हेल्दी रखता है।

# दुल्हन के लिबास में दिखना है सबसे खूबसूरत, तो फॉलो करें ये ट्रेंडी ब्राइडल लुक



हर दुल्हन महीनों पहले से शादी की तैयारियां करना शुरू कर देती हैं। क्योंकि शादी के दिन दुल्हन का खास और सबसे खूबसूरत दिखना लाजमी होता है। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि शादी के सीजन में यह ब्राइडल लुक ट्रेंड में हैं।

इन दिनों शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। शादी के सीजन में हर तरफ शहनाइयों की गूंज सुनने को मिलती है। हांलाकि शादी में जो सबसे ज्यादा डिमांड में रहती है, वह है ब्राइडल यानी की दुल्हन। हर दुल्हन महीनों पहले से शादी की तैयारियां करना शुरू कर देती हैं। क्योंकि शादी के दिन दुल्हन का खास और सबसे खूबसूरत दिखना लाजमी होता है।

वहीं हर लड़की अपनी शादी से पहले फैशन और लुक्स को लेकर काफी एक्साइटेड होती है। तो कुछ लड़कियां लुक्स से लेकर लहंगे और मेकअप टिप्स इंटरनेट पर ढूंढती हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि शादी के सीजन में यह ब्राइडल लुक ट्रेंड में हैं।

***लहंगे को लेकर न हो कन्फ्यूज***

ब्राइडल लुक के लिए सबसे पहले अपने आउटफिट का खास ख्याल रखें। अगर आप ब्राइडल लहंगे में देसी टच देना चाहती हैं, तो आप गोल्डन या रेड कलर का लहंगा चुन सकती हैं। अपनी शादी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप अनारकली डीप लहंगा भी ले सकती हैं। क्योंकि अनारकली डीप लहंगे में जरी वर्क आपकी खूबसूरती को निखारने में मदद कर सकती है। वहीं इसके अलावा आप मैजेंटा, नियॉन, पिंक या ब्लश पिंक कलर को चुन सकती हैं।

लहंगे को दे सकती हैं अलग लुक

अगर आप अपनी शादी पर ट्रेडिशनल ब्राइडल लहंगा कैरी करने वाली हैं और उसको मॉर्डन लुक देना चाहती हैं। तो लहंगे के साथ आप बेल्ट भी कैरी कर सकती हैं। दुपट्टे को बेल्ट टाइट रखेगी और आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगी। बता दें कि आप जरी वर्क वाली फैब्रिक बेल्ट या ज्वेलरी बेल्ट कैरी कर सकती हैं। इन दिनों वेलवेट ब्राइडल लहंगा भी काफी ट्रेंड में हैं। जो आपको रॉयल और क्लासी लुक देने का काम करेगा।

***ऐसी रखें ज्वेलरी***

शादी से पहले होने वाली दुल्हन में चूड़ा को लेकर अलग ही क्रेज होता है। आप चाहे तो लहंगे से अलग कलर का चूड़ा भी कैरी कर सकती हैं। आप गोल्डन चूड़ा, बॉटल ग्रीन चूड़ा सेट और आइवरी व्हाइट चूड़ा आजकल डिमांड में है। इसके अलावा आप फ्लोरल ज्वेलरी भी कैरी कर सकती हैं। यह आपके लुक को निखारने में मदद कर सकता है। इन दिनों हल्दी और मेंहदी के लिए फ्लोरल ज्वेलरी भी काफी ज्यादा डिमांड में है।

***मिनिमल रखें मेकअप***

बता दें कि मिनिमल मेकअप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसलिए स्किन टोन के अनुसार मेकअप करें। इसके साथ स्मोकी आईज में आपका लुक निखर कर आ सकता है। इसके साथ ही आउटफिट्स से ट्विन करते हुए लिपस्टिक का कलर भी चुन सकती हैं।

# जुंटा विरोधी समूह का म्यांमार सैनिक शिविर पर कब्जा, भारत की सीमा लांघकर 29 जवानों ने ली मिजोरम में एंट्री

**शिविर**

**म्यांमार के सैनिक अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर दूर चिन राज्य के तुईबुल में अपने शिविर से भाग गए।**



**आईजोल।** पड़ोसी मुल्क म्यांमार में सैनिकों के शिविर पर जुंटा विरोधी समूह का कब्जा हो गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसके बाद लगभग 29 और म्यांमार सैनिक मिजोरम भाग आए हैं। उनके साथ, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के साथ हाल ही में हुई गोलीबारी के कारण कुल 74 म्यांमार सैन्यकर्मी मिजोरम भाग गए थे। हालांकि, इनमें से कई सैनिकों को वापस भेज दिया गया था।

**मिजोरम की ओर भाग रहे म्यांमार सैनिक**

पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) लालबियाकथांगा खियांग्ते ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, आज 29 और सैनिकों ने तियाउ नदी के पास चंफाई जिले के सैखुमफाई में पुलिस और असम राइफल्स से संपर्क किया। यह भारत और म्यांमार के बीच सीमा के रूप में कार्य करती है।

**कई सैनिकों की हुई देश वापसी**

म्यांमार के सैनिक अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर दूर चिन राज्य के तुईबुल में अपने शिविर से भाग गए। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने कहा कि इन 29 म्यांमार सैनिकों को अभी भी उनके देश वापस नहीं भेजा गया है। एक अधिकारी ने कहा कि कुल 45 सैनिक, जो पड़ोसी देश के चिन राज्य में दो सैन्य ठिकानों पर पीडीएफ के कब्जे के बाद मिजोरम भाग गए थे, उन्हें मंगलवार को म्यांमार की सैन्य सरकार को सौंप दिया गया।

भारत ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास म्यांमार की सेना और जुंटा विरोधी समूहों के बीच लड़ाई को रोकने का आह्वान किया है। दरअसल, इस झड़प के कारण मिजोरम में म्यांमार के लोगों की आमद बढ़ गई है।

**2021 में सत्ता पर सेना ने किया कब्जा**

फरवरी 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा करने के बाद से म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। म्यांमार की सेना अपने विरोधियों और सत्तारूढ़ शासन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष में शामिल लोगों के खिलाफ हवाई हमले कर रही है।

म्यांमार भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और नागालैंड और मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर की सीमा साझा करता है।

म्यांमार सैन्य शासन द्वारा पड़ोसी देश में तख्तापलट करने के बाद फरवरी 2021 से 31,000 से अधिक म्यांमार नागरिकों ने मिजोरम में शरण ली है।

# 'झूठ को उजागर कर सच्चाई बताना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भले ही हम प्रेस की स्वतंत्रता का जश्न मनाते हैं, लेकिन हम उन लोगों से आंखें नहीं मूंद सकते, जो हमारे राष्ट्र की भावना को कमजोर करना चाहते हैं। कहा कि एआई के युग में जहां प्रौद्योगिकी सूचना प्रसारित करने के तरीके को आकार देती है, वहां मीडिया के लिए सतर्क रहना अनिवार्य हो जाता है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऐसे व्यक्ति और मीडिया आउटलेट हैं, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ लगातार फर्जी प्रचार करते हैं।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोगों के झूठ को उजागर कर सच्चाई बताना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। अनुराग बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# समाज और देश की सुरक्षा के लिए वोट करें: रामेश्वर शर्मा

**संयुक्त नेतृत्व**

**छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने शुक्रवार को कहा कांग्रेस पार्टी संयुक्त नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है।**



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे थे। इस दौरान मध्य प्रदेश में भाजपा नेता रामेश्वर शर्मा ने लोगों से वोट करने की अपील की। जिसमें उन्होंने कहा बड़ी संख्या में वोट दें। समाज और देश की सुरक्षा के लिए वोट करें। देश के सम्मान, गौरव के लिए वोट करें और राम राज्य के विचार के लिए वोट करें।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने शुक्रवार को कहा कांग्रेस पार्टी संयुक्त नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को 70 सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि मेरा नाम सीएम पद के लिए कभी भी प्रोजेक्ट नहीं किया गया। हम संयुक्त नेतृत्व के तहत चुनाव लड़ रहे हैं और भूपेश बघेल आगे चल रहे हैं। कांग्रेस जीतने जा रही है और मेरी प्राथमिकता राज्य के लोगों की भलाई है। भाजपा सांसद सरोज पांडे ने छत्तीसगढ़ में चल रहे मतदान को लेकर कहा कि प्रत्येक वोट अहम है और यह राज्य के विकास के लिए जरूरी है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी राज्य के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों को दी गयी पार्टी की छह गारंटियां भी गिनायीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में खरगे ने लिखा कांग्रेस पार्टी तेलंगाना के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कटिबद्ध है। अपने पोस्ट में खरगे ने बीआरएस सरकार पर कमीशन राज चलाने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस पार्टी शुक्रवार को तेलंगाना में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। कमलनाथ ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा पुलिस, पैसे और प्रशासन की मदद ले रही है। यही अब उनके साथ हैं।

उन्होंने कल पूरे दिन पैसा और शराब बांटी है। पुलिस ने मुझे इसकी वीडियो भेजी है। मैं ये बात रिकॉर्ड पर बोल रहा हूं कि मुरैना के एसपी भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं।

# मुंबई के ग्रांट रोड इलाके के पास एक इमारत की 8वीं और 12वीं मंजिल पर लगी आग, दमकलकर्मियों ने लोगों को बचाया

**घायल**

**पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अमडंगा गांव में एक देसी बम विस्फोट हुआ, जिसमें एक पंचायत प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया।**



**मुंबई।** बताया जा रहा है कि मुंबई के ग्रांट रोड इलाके के पास एक इमारत की आठवीं और 12वीं मंजिल पर आग लग गई है। आग लगने की जानकारी मिलते ही अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। कर्मचारियों ने बताया कि यह लेवल दो की आग थी। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

आग आठवीं और 12वीं मंजिल पर बिजली के तारों, फर्नीचर, दरवाजे, घरेलू सामानों में लगी है। 21 वीं और 22वीं मंजिल पर फंसे लोगों को दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बचा लिया है और छत पर पहुंचा दिया है। वहीं, 15वीं मंजिल पर फंसे सात से आठ लोगों को दमकलकर्मियों ने बचाया।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला ग्रामीण पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को शाहपुर के पास बामने फाटा में हुई।

शाहपुर पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस अधिकारी के अनुसार, तकदीर मुक्ने (30) और उसके पीछे एक सवारी बैठा हुआ एक दोपहिया वाहन गलत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल से टकरा गया। हादसे में मुक्ने और दूसरी बाइक पर सवार सागर गोरे (32) की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दोनों दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अमडंगा गांव में एक देसी बम विस्फोट हुआ, जिसमें एक पंचायत प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया।

बारासात के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भास्कर मुखर्जी ने बताया कि घटना में पंचायत प्रधान रूपचंद मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल, अस्पताल ने कोई ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

बता दें, इस घटना से कुछ ही दिन पहले सोमवार सुबह पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक टीएमसी नेता की पहचान 47 वर्षीय सैफुद्दीन लश्कर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जयनगर के बामुनगाछी इलाके में उसे उस समय गोली मार दी गई, जब वह नमाज अदा करने के लिए निकला था। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद इलाके में झड़प शुरू हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए और एक घायल ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया था।

# बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव चक्रवाती तूफान मिधिली में बदला, कई जगह होगी भारी बारिश

**असर**

**चक्रवाती तूफान के असर से भारत में कई जगह भारी बारिश हो सकती है।**



**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव शुक्रवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया और अब यह सुंदरबन से होते हुए बांग्लादेश के तट से टकराएगा। इस चक्रवाती तूफान के असर से भारत में कई जगह भारी बारिश हो सकती है। जब यह चक्रवाती तूफान बांग्लादेश के तट से टकराएगा तो उस दौरान 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। भारतीय मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है।

**बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान**

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मिधिली 17 नवंबर की रात या फिर 18 नवंबर की सुबह बांग्लादेश के तट से टकराएगा। इस तूफान का केंद्र बंगाल की खाड़ी में पारादीप (ओडिशा) से 190 किलोमीटर पूर्व की तरफ, दिघा (पश्चिम बंगाल) से दक्षिण-दक्षिणपूर्व की तरफ से 200 किलोमीटर और खेपुपारा (बांग्लादेश) से 220 किलोमीटर दक्षिणपश्चिम की तरफ है। चक्रवाती तूफान उत्तर-उत्तरपूर्व की तरफ बढ़ रहा है और बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक ही यह तूफान तट से टकराएगा।

**भारत में इन जगहों पर होगी भारी बारिश**

बता दें कि इस तूफान का नाम मिधिली मालदीव द्वारा दिया गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से उठने वाले तूफानों से प्रभावित देश चक्रवाती तूफानों का नामकरण करते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मिधिली से ओडिशा में ज्यादा असर नहीं होगा और यह ओडिशा के तट से ऊपर से गुजर जाएगा। हालांकि तूफान के असर से ओडिशा के केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में शुक्रवार को भारी बारिश हो सकती है।

ओडिशा के स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ने सभी जिला कलेक्टरों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। चक्रवाती तूफान के चलते बंगाल के दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, पूर्वी मेदिनीपुर और कोलकाता में भारी बारिश हो सकती है।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

**हैदराबाद।** घोषणापत्र जारी करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी राज्य के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जोरों शोरों से प्रचार प्रसार में लगी हैं। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र जारी करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा था कि पार्टी राज्य के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों को दी गई पार्टी की छह गारंटियां भी गिनाईं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में खरगे ने लिखा, कांग्रेस पार्टी तेलंगाना के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कटिबद्ध है।

## मास्टरशेफ ऑस्ट्रेलिया के प्रतियोगी पॉल डगलस को 24 साल की जेल

**सिडनी।** मशहूर कुकिंग शो मास्टरशेफ ऑस्ट्रेलिया के प्रतियोगी पॉल डगलस को बच्चों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। अदालत ने पॉल डगलस को 24 साल जेल की सजा सुनायी है। पॉल पर आरोप है कि उन्होंने 10 साल से भी ज्यादा समय तक 11 बच्चों के साथ 43 बार यौन उत्पीड़न किया। सिडनी डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट की जज साराह हगेट ने गुरुवार को पॉल को सजा सुनायी। पॉल को साल 2019 में गिरफ्तार किया गया था और गिरफ्तारी के बाद चार साल तक मुकदमे की सुनवाई चली। पॉल पर आरोप है कि सिडनी साउथवेस्ट में स्विमिंग कोच रहते हुए पॉल ने यह अपराध किए। जांच में पता चला कि पॉल ने 1996 से लेकर 2009 तक बच्चों का यौन उत्पीड़न किया। सजा सुनाते हुए जज ने कहा कि आरोपी ने स्वीमिंग कोच रहते हुए बच्चों के बीच ऐसा माहौल बनाया, जिसमें वह बच्चों से खुलकर यौन संबंधी बातें और मजाक करता था।

# बाइडन के शी जिनपिंग को तानाशाह कहने पर विवाद, ब्लिंकन बोले- यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं

**मुलाकात**

**एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग के वार्षिक शिखर सम्मेलन में जो बाइडन और शी जिनपिंग की मुलाकात हुई।**



**वॉशिंगटन।** ब्लिंकन ने कहा राष्ट्रपति बाइडन ने हम सभी की तरफ से वह बात कही थी। राष्ट्रपति हमेशा खुलकर बात करते हैं और यही वजह रही कि उन्होंने हम सभी की तरफ से वह बात कही थी।

हाल ही में चीन के राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकात हुई थी। इस दौरान अपने एक बयान में बाइडन ने चीनी राष्ट्रपति को तानाशाह बता दिया था। जिस पर विवाद हो गया, चीन ने बाइडन के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। अब अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बाइडन के बयान का बचाव किया है और कहा है कि यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है।

**ब्लिंकन बोले- यह कोई गुप्त बात नहीं**

दरअसल पत्रकारों ने एंटनी ब्लिंकन से बाइडन के बयान को लेकर सवाल किया कि क्या यह अमेरिकी सरकार का स्टैंड है? इस पर ब्लिकंन ने सफाई देते हुए कहा खैर, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है। हम दोनों देश बिल्कुल अलग व्यवस्थाएं हैं। ब्लिंकन ने कहा राष्ट्रपति बाइडन ने हम सभी की तरफ से वह बात कही थी। राष्ट्रपति हमेशा खुलकर बात करते हैं और यही वजह रही कि उन्होंने हम सभी की तरफ से वह बात कही थी। ब्लिंकन ने कहा कि हम आगे भी ऐसी बातें करते रहेंगे, जो शायद चीन को पसंद ना आएं। ऐसे ही चीन भी ऐसे काम करता रहेगा, जो शायद हमें पसंद ना हो।

**चीन ने जताई थी नाराजगी**

बता दें कि एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग के वार्षिक शिखर सम्मेलन में जो बाइडन और शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। इस सम्मेलन से इतर भी दोनों नेताओं की बैठक हुई। यह मुलाकात अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुई, जिसकी मेजबानी राष्ट्रपति बाइडन ने की।

इस मुलाकात के बाद बाइडन ने अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका का हमेशा मानना है कि शी जिनपिंग एक तानाशाह की तरह चीन को चलाते हैं। बाइडन के इस बयान पर चीन ने नाराजगी जाहिर की। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन का बयान गलत और गैर जिम्मेदाराना है। चीन राजनीतिक हेरफेर का कड़ा विरोध करता है।

# यमनी नागरिक की हत्या की दोषी भारतीय नर्स को झटका, यमन के सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**हमला**

**निमिषा को बचाने की कोशिशें भी चल रही हैं और निमिषा की मां ने भारत सरकार से उन्हें यमन जाने देने की इजाजत मांगी है।**



**नई दिल्ली।** यमन के नागरिक की हत्या की दोषी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को एक और झटका लगा है। दरअसल यमन के सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा की मौत की सजा के खिलाफ वाली याचिका खारिज कर दी है। निमिषा साल 2017 से यमन की जेल में बंद है। निमिषा को यमनी नागरिक तलाल एब्दो माहदी की हत्या का दोषी पाया गया था। आरोप है कि निमिषा ने माहदी के पास जमा अपना पासपोर्ट पाने के लिए माहदी को बेहोशी के इंजेक्शन दिए थे लेकिन इन इंजेक्शनों की वजह से माहदी की मौत हो गई।

वहीं निमिषा को बचाने की कोशिशें भी चल रही हैं और निमिषा की मां ने भारत सरकार से उन्हें यमन जाने देने की इजाजत मांगी है। गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने भी केंद्र सरकार से कहा है कि वह निमिषा प्रिया की मांग की अपील पर एक हफ्ते में फैसला करे। बता दें कि निमिषा प्रिया की मां ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यमन जाने देने की मांग की थी। दरअसल साल 2017 में यमन में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से भारत सरकार ने अपने नागरिकों के यमन जाने पर रोक लगा दी थी। अब निमिषा की मां अपनी बेटी को बचाने के लिए यमन जाकर माहदी के परिजनों से उसकी बेटी को माफ करने की अपील करना चाहती हैं। साथ ही वह माहदी की मौत के बदले में उसके परिजनों को ब्लड मनी देने पर भी बातचीत कर सकती हैं। निमिषा का बचाने का फिलहाल यही एक तरीका है।


**यात्रा प्रतिबंध पर लगे बैन से बढ़ी परेशानी**

याचिकाकर्ता के वकील सुभाष चंद्रन केआर ने कहा कि निमिषा को बचाने का एकमात्र उपाय पीड़ित के परिजनों से बातचीत कर सुलह की कोशिश है। हालांकि इसके लिए याचिकाकर्ता को यमन जाने की जरूरत है लेकिन यमन की यात्रा पर लगे प्रतिबंध की वजह से निमिषा की मांग यमन नहीं जा पा रही हैं। केंद्र सरकार के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि सरकार जल्द ही यमन की यात्रा पर लगे प्रतिबंधों में थोड़ी ढील दे सकती है।

# भारत हमेशा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सहयोग-समावेश का समर्थक, संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज

**असफलता**

**भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि अगर हम लंबे समय से लंबित इन मुद्दों को नहीं सुलझाएंगे तो यह हमारे समर्पण और सुरक्षा परिषद के प्रारूप के लिए यह बड़ी असफलता है।**



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र की आम सभा के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारत हमेशा से सहयोग, समावेश और परामर्शात्मक दृष्टिकोण का समर्थक रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर कंबोज ने कहा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बहुपक्षीय सुधार की जरूरत है और भारत के इस रुख का बड़ी संख्या में अन्य देश भी समर्थन करते हैं।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि अगर हम लंबे समय से लंबित इन मुद्दों को नहीं सुलझाएंगे तो यह हमारे समर्पण और सुरक्षा परिषद के प्रारूप के लिए यह बड़ी असफलता है। कंबोज ने इस पर भी हैरानी और नाराजगी जताई कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज का प्रतिनिधित्व ही नहीं है! उन्होंने ये भी कहा कि इसमें देरी से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में देरी होगी।

**अफ्रीकी यूनियन का किया जिक्र**

भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई जी20 की बैठक में अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्य बनाने का जिक्र करते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि यह भारत का राजनीतिक समर्पण है और बेशक यह एक बड़ी उपलब्धि है।

कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधारों की जरूरत है और 2005 के विश्व सम्मेलन के दौरान भी एकमत से वैश्विक नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया था।

# भारत के साथ व्यापार वार्ता नहीं, निज्जर मामले में जांच प्राथमिकता, कनाडा की मंत्री ने किया स्पष्ट

**खटास**

**खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा-भारत के रिश्तों में आई खटास कम नहीं हो रही है।**



**टोरंटो।** सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग बैठक के इतर पत्रकारों से बात करते हुए कनाडा की अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी ने कहा कि अभी कनाडा का पूरा ध्यान जांच को आगे बढ़ाने पर है।

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा-भारत के रिश्तों में आई खटास कम नहीं हो रही है। हाल ही में लग रहा था कि व्यापार को लेकर दोनों देशों के बीच के हालात सही हो रहे हैं, लेकिन कनाडा की एक वरिष्ठ मंत्री ने संकेत दिया है कि कनाडा सरकार व्यापार वार्ता बहाल करने की बजाय खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत से सहयोग कराने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग बैठक के इतर पत्रकारों से बात करते हुए कनाडा की निर्यात संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी ने कहा कि अभी कनाडा का पूरा ध्यान जांच को आगे बढ़ाने पर है। एनजी के नेतृत्व में अक्तूबर में भारत में होने वाले टीम कनाडा व्यापार मिशन को भी रद्द कर दिया गया था।

एनजी से जब पूछा गया कि क्या व्यापार वार्ता फिर से शुरू हो सकती है, इस पर उन्होंने कहा, कनाडा की धरती पर एक कनाडाई को खुलेआम मार दिया जाता है। इसलिए, आपने मुझे और सरकार को कहते सुना होगा कि जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम ऐसा होने देंगे। हालांकि उन्होंने जांच और बातचीत में सहयोग को सीधे तौर पर नहीं जोड़ा, लेकिन कहा, हमारा ध्यान निश्चित रूप से इस जांच पर है।

कनाडाई प्रधानमंत्री ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्ता का आरोप लगाया था। इसके बाद भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था और इन्हें बेतुका व राजनीति से प्रेरित बताया था। इसके साथ ही दोनों देश एक दूसरे के एक-एक शीर्ष राजनीयिक निष्कासित कर चुके हैं। भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए अस्थायी रूप से वीजा सेवा भी निलंबित की हुई हैं।

गौरतलब है कि कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के दावे के समर्थन में अभी तक कोई सार्वजनिक सबूत नहीं दिया है।

## केरल के श्रीजू की दुबई में लगी 45 करोड़ की लॉटरी, जुड़वा बच्चों के पिता है 39 साल के विजेता

**दुबई।** यूएई में कई भारतीयों के लिए नवंबर धन वर्षा लेकर आया। इनमें से केरल के रहने वाले 39 साल के श्रीजू को लॉटरी में 2 करोड़ यूएई दिरहम (45 करोड़ रुपए) का प्रथम पुरस्कार मिला। इसी तरह कई अन्य भारतीयों को भी लाखों-करोड़ों के पुरस्कार लॉटरी में मिले। इनमें से अधिकतर गरीब व निम्न मध्यम वर्ग से हैं। दुबई में भारतीयों को सबसे ज्यादा लॉटरी खरीदने के लिए भी जाना जाता है।

गल्फ न्यूज के अनुसार, दुबई में 11 साल से काम कर रहे कंट्रोल रूम ऑपरेटर श्रीजू ने माहजूज सैटरडे मिलियंस लॉटरी का 154वां ड्रॉ जीता। इसकी घोषणा बुधवार को हुई थी। श्रीजू के 6 साल के जुड़वां बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि इस पैसे से वे भारत में एक अच्छा घर खरीदेंगे। वहीं, माहजूज ने कहा, साप्ताहिक ड्रॉ के जरिए अब तक 64 लोग करोड़पति बने हैं।

# साइबर, मिशन शक्ति और यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** आज बी0 सी0 मिश्रा प्रधानाचार्य विपिन चंद्रा इंटर कालेज नाननसई, नवाबगंज, प्रयागराज के नेतृत्व में आज विपिन चंद्रा इंटर कॉलेज परिसर में साइबर जागरूकता, मिशन जागरूकता और यातायात जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में थाना नवाबगंज टीम उपनिरीक्षक, आरक्षी और मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक, आरक्षी, साइबर टीम के उपनिरीक्षक, आरक्षी, यातायात टीम के निरीक्षक, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षिका सहित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों एवं बच्चियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में थाना नवाबगंज से उपनिरीक्षक कंबोध सिंह, उपनिरीक्षक हरिनंद सिंह, मिशन शक्ति टीम थाना नवाबगंज से कां0 म0 दीक्षा परासर, कां0 म0 प्रतिमा आर्या साइबर टीम से साइबर क्राइम ऑफिसर जय प्रकाश सिंह, यातायात टीम से निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय जिला अपराध निरोधक समिति से सेवानिवृत्ति लेखाधिकारी शिक्षा विभाग/ नगर पर्यवेक्षक अजीत सिन्हा, सर्किल प्रभारी सोरांव अंकित सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी नवाबगंज राम रूप, नरेंद्र कुमार, थाना कमेटी प्रभारी होलागढ़ छविनाथ शुक्ला, डीसीपीसी सदस्य नीतीश शुक्ला, संदीप सोनी सहित, प्रधानाचार्य बी0 सी0 मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफगण कक्षा 6 से कक्षा 12 तक प्रिय बालक और प्रिय बालिका उपस्थित रहे।

# फोर्ड स्कूल की जीत में अनुराग और आर्यन चमके

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अनुराग शुक्ला (121 रन, 119 गेंद, 18 चौके एवं दो विकेट) और आर्यन मिश्र (71 रन एवं एक विकेट) के हरफनमौला खेल के दम पर फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने एसके साहू क्रिकेट क्लब को 146 रन और तुलती क्रिकेट क्लब ने साई क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। शुक्रवार को फोर्ड स्कूल क्लब ने अपने मैदान पर 40 ओवर में 3 विकेट पर 255 रन (अनुराग शुक्ला 121, आर्यन मिश्र 71, शिवांश मिश्र 27, वंश गुप्ता 2/33) बनाकर एसके साहू क्रिकेट क्लब को 30.4 ओवर में 109 रन (वंश गुप्ता 31, अंश सिंह 23, अर्चित सिंह 3/40, अनुराग शुक्ला 2/01, आर्यन मिश्र 1/13) पर समेट दिया। मैच में रामचंद्र यादव व



अनुराग शुक्ला आर्यन मिश्र

पवन वर्मा अंपायर और प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। फाफामऊ मैदान पर साई क्रिकेट क्लब ने 36.1 ओवर में 130 रन (ओम मिश्र व ओम पांडेय 26-26, अर्श अध्योत जायसवाल 3/30, तन्मय श्रीवास्तव 2/19, प्रियांशु 2/31) बनाये। जवाब में तुलसी क्रिकेट क्लब ने 32.4 ओवर में 8 विकेट पर 134 रन (प्रियांशु 29, सार्थक सिंह 27, तन्मय श्रीवास्तव 24, ओम पांडेय 2/18, अभिषेक वर्मा 2/25, पुष्पेंद्र कुमार 2/31) बना लिये। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं खुर्शीद अहमद राईन स्कोरर रहे।

# स्कूली बच्चों ने जानी शुद्ध पेयजल की सप्लाई से लेकर आपूर्ति तक की प्रक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण प्रवीण कुट्टी व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों को जल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। यात्रा में स्कूली बच्चों ने शुद्ध पेयजल की सप्लाई से लेकर आपूर्ति तक की प्रक्रिया को अपनी आंखों से देखा। बच?चों को गंगा सफाई के प्रयासों की जानकारी देने के साथ उनको सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भ्रमण कराया गया। जल निगम की प्रयोगशाला में की जाने वाली जांच की उपयोगिता बताने के साथ ही उनको शुद्ध पेयजल सप्लाई से परिपूर्ण हर घर जल गांव घुमाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने नल से शुद्ध



पेयजल प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की और भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से मिले फायदे को जाना। जल जीवन मिशन की जल ज्ञान यात्रा का उद्देश्य स्कूली बच्चों को जल के प्रति जागरूक करना और पेयजल परियोजनाओं का सहभागी बनाना है। शुक्रवार को इस कड़ी में स्कूली बच्चों ने पेयजल परियोजनाओं का भ्रमण करते हुए भूजल और ग्रे वाटर ट्रीटमेंट सहित अन्य संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी हासिल की। स्कूली बच्चों को शाहबाजपुर मॉडल गांव का भ्रमण कराया गया। यहां बच्चों को जल संचयन और पानी की बचत के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों को शाहबाजपुर के फाफामऊ एसटीपी ले जाया गया। यहां उनको गंगा सफाई अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। जल ज्ञान यात्रा में स्कूली बच्चों को बताया गया कि हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवार किस तरह से लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही योजना लागू होने के पहले हो रही दिक्कतों और वर्तमान में फायदे का अंतर भी समझाया गया।

# समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी गंगापार इकाई घोषित



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी गंगापार के जिलाध्यक्ष खिन्नी लाल पासी ने आज जिला इकाई की घोषणा कर दी। नई कार्यकारिणी में फूलचंद्र वर्मा को जिला महासचिव एवं सूबेदार यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर सागर कोरी, धर्मेन्द्र सिंह कैंथवास, राजूपाल, बब्लू मौर्य, कौशल किशोर, शिवकुमार को मनोनीत किया गया है। कुल 20सचिव एवं सदस्यों को भी नामित किया गया है। विधानसभा फाफामऊ में राजाराम सरोज, सोराव में विनोद कुमार गौतम, फूलपुर में राधेश्याम, प्रताप पुर में घनश्याम वर्मा एवं हंडिया में बाबूलाल सरोज को विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। सभी 11ब्लाक अध्यक्ष की भी घोषणा कर दी गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल पाल, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी, राम अवध पाल, जगदीश यादव, नाटे चौधरी, संदीप कटका आदि मौजूद रहे।

## 16 इंस्पेक्टर समेत 587 पुलिसकर्मी पुलिस लाइन स्थानांतरित, किये गये कार्यमुक्त

**प्रयागराज।** लंबे समय से स्थानांतरणाधीन 16 इंस्पेक्टर समेत 587 पुलिसकर्मियों को बृहस्पतिवार को उनके मौजूदा तैनाती स्थल से पुलिस लाइन भेज दिया गया। साथ ही इन्हें नवीन तैनाती स्थल पर आमद कराने के लिए कार्यमुक्त भी कर दिया गया है। 16 इंस्पेक्टर में पांच मौजूदा थाना प्रभारी भी हैं। इन थानों में नए प्रभारियों की तैनाती की गई है। कुल 16 में 11 इंस्पेक्टर विभिन्न थानों/शाखाओं में तैनात थे। जिन थाना प्रभारियों को लाइन भेजा गया उनमें अनूप सिंह थाना नवाबगंज, अवनेन्द्र सिंह थाना कोतवाली, अश्वनी कुमार थाना खीरी, नरेंद्र प्रसाद थाना करछना, भानू प्रताप सिंह थाना सिविल लाइंस शामिल हैं। कुशलपाल सिंह को कार्यालय पुलिस उपायुक्त गंगानगर से नवाबगंज, ब्रजेश सिंह को प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रकोष्ठ से सिविल लाइंस, वीरेंद्र सोनकर को प्रभारी डायल-112 से कोतवाली, नितेंद्र शुक्ल को करछना व धीरेंद्र सिंह को खीरी का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

# भानु प्रताप, खेलगांव और चौधरी 'बी' विजयी

- विभव, आदित्य और अली खान चमके

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब, खेलगांव पब्लिक स्कूल और चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक हासिल किये। लीग में शुक्रवार को ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने 34.5 ओवर में 220 रन (दिव्यांशु यादव व रुद्र वंश त्रिपाठी 50-50, सुयश सिद्धार्थ सिंह 27, अवनीश कुमार 3/37, अमित सरोज 2/54) बनाकर भवम क्रिकेट क्लब को 33.5 ओवर में 204 रन (रोशन कुशवाहा 65, दिव्यांशु सिंह 36, सिद्धार्थ मिश्र व कुंवर योग 34-34, विभव कुशवाहा 5/18, हरिओम शुक्ला 4/39) पर समेट दिया। मैच



विभव कुशवाहा आदित्य प्रजापति मो. अली खान

में अभिषेक मिश्र व श्याम यादव अंपायर और अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर इलाहाबाद क्रिकेटर्स क्लब को 18.4 ओवर में 69 रन (विशेष यादव 41, आदित्य प्रजापति 5/26, देवांश तिवारी 2/01, अभिनव सिंह 2/16) पर समेटकर खेलगांव पब्लिक स्कूल ने 11.1 ओवर में एक विकेट पर 70 रन (आदित्य राज तिवारी 34 नाबाद, अमन सिंह 26 नाबाद, ओम आनंद 1/31) बना लिये। मैच में राहुल सिंह व अजय कुमार अंपायर और मो. सैफ स्कोरर रहे। केपी कॉलेज मैदान पर जमुना क्रिकेट क्लब के 27.5 ओवर में 84 रन (विकास सिंह 56, मो. अली खान 4/04, अमन पटेल 2/06, सचिन मिश्र 2/11) के जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर 88 रन (देवांश पाठक 52 नाबाद, अजय यादव 1/13) बना लिये। मैच में सुधीर सोनकर व मोहम्मद आरिफ अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बैंकिंग जागरूकता का आयोजन




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्टाफ वेलफेयर कमेटी द्वारा आज बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो आशिमा घोष ने अतिथियों के स्वागत एवं उद्बोधन से किया।कार्यक्रम में केनरा बैंक के डिवीसज़नल मैनेजर श्रवण कुशवाहा ने बैंकिंग परिचालन के विषय में जानकारी दी। अर्पित रंजन मार्केटिंग मैनेजर रिजनल ऑफिस ने हेफ़ा योजना के विषय मे विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ दीपशिखा बनर्जी, डॉ नंदिनी मुखर्जी, डॉ अजिता ओझा, डॉ रूपम मिश्रा एवं अन्य स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्टाफ वेलफेयर कमेटी के प्रभारी डॉ अनुज कुमार वर्मा ने किया।

### 20 नवंबर को होगा अखंड रामायण का पाठ

**प्रयागराज।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के द्वारा 20 नवंबर को जनकल्याण की मनोकामना को लेकर ज्ञान पुस्तकालय कीटगंज के प्रांगण में कार्तिक मास के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। 21 नवंबर को भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी बताया कि इस आयोजन में प्रयागराज जिले के सभी जनप्रतिनिधि एवं महानगर के सभी संभ्रांत व्यक्ति एवं भारतीय जनता पार्टी एवं विचार परिवार के सम्मानित वरिष्ठ नेता आमंत्रित किए जाएंगे।

### पन्द्रह दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु मॉगे गये आवेदन पत्र

**प्रयागराज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया है, कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा जनपद प्रयागराज को वित्तीय वर्ष-2023-24 में 25 माटीकला से जुड़े कामगारों/कारीगरों को पन्द्रह दिवसीय माटीकला प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, अनुवां, प्रयागराज से दिलाये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। प्रशिक्षण आवासीय होगा जिसमें रहने खाने की सुविधा रहेगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात रू-1,500.00 प्रशिक्षुवृत्ति भी सम्बन्धित के बैंक खाते में देय होगी। अतः इच्छुक माटीकला से जुडे कामगार/कारीगर निःशुल्क पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 30.11.2023 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन परिसर प्रयागराज से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते है।

### विपिन व आशीष के प्रदर्शन से जेएसपीएस को मिली जीत

**प्रयागराज।** विपिन पांडेय की अचूक गेंदबाजी (4 - 0 - 18 - 6) और आशीष सिंह के धमाकेदार अर्धशतकीय ( 61 रन, 26 गेंद, चार चौके एवं 5 छक्के ) पारी के दम पर जेएसपीएस ने अकहा को 53 रनों से जीत दर्ज किया है। गुरुवार को हाइकोर्ट मैदान पर रात्रिकालीन मैच में जेएसपीएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 189 रन ( आशीष सिंह 61, श्रीश चंद्रा 25, अभिजीत सिंह 23, यश टंडन 17 नाबाद, जैन अब्बास 17 रन, सैफ अहमद 3/44, अजय पांडेय 2/43, मुकेश सिंह व अंशुमान झा 1 -1 विकेट) पर बनाए। जवाब में अकहा की टीम ने 18.5 ओवर में 136 रन (नितिन सोनकर 62, अंशुमान झा 17, नीलेश त्रिपाठी 14 रन, विपिन पांडेय 6/18, अभिषेक श्रीवास्तव 1/17, यश टंडन 1/127) पर सिमट गई। मैच में विपिन यादव व अजय सिंह ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

### पहलवान प्रियांशु ने जीता स्वर्ण व कांस्य पदक

**जौनपुर।** जनपद के एक होनहार लाल ने पहलवानी में कांस्य पदक जीत करके परिवार, क्षेत्र सहित पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। इसकी जानकारी होने पर जहां परिवार एवं शुभचिन्तकों में खुशी की लहर दौड़ गयी, वहीं एक जनप्रतिनिधि ने अपने आवास पर उस होनहार को सम्मानित भी किया। बता दें कि धर्मापुर क्षेत्र के ग्रामसभा पौना निवासी पहलवान प्रियांशु यादव पुत्र बृजेश यादव ने 2023/2024 के 48 किलो भार वर्ग में जहां स्टेट में स्वर्ण पदक (मुजफ्फरनगर) जीता एवं 67वें नेशनल स्कूल गेम 2023/2024 की फ्री स्टाइल बॉयज के 48 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक (विदिशा, मध्य प्रदेश) हासिल किया। इसकी जानकारी होने पर परिजनों, क्षेत्रीय लोगों सहित शुभचिन्तकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मेवा लाल यादव, बृजेश यादव, राकेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे जिन्होंने उक्त पहलवान को आशीर्वाद देते हुये उसके उज्वल भविष्य की कामना भी किया।

### छठ माता का पूजा केद्रो पर चला सफाई अभियान



**आजमगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश क्रम में विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में जहां-जहां छठ माता का पूजा होना है। जहां जहां बेदी के आसपास पूरे प्रांगण के नदी के किनारे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि संचारी रोग का बढ़ावा ना हो उसे निदान पाया जाए 17 नवंबर को ग्राम पंचायत हथिया में ग्राम प्रधान जी के देखरेख में हथिया पुल के नीचे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा टोली बनाकर साफ सफाई किया जा रहा है घास की कटाई करते हुए झाड़ू लगाते हुए कूड़ा हटाते हुए दवा का छिड़काव करते हुए। जिससे कि सरकार के मनसा अनुरूप ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन जगह-जगह करते हुए संचारी रोकथाम नियंत्रण के तहत साफ सफाई किया जा रहा है आज के सफाई अभियान में जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया सेक्टर प्रभारी वीरेंद्र कुमार, प्रमोद सिरमोद नोमानसा ओमप्रकाश परवीन बानो गीता देवी आशा केवली आदि लोग उपस्थित रहे।

# गांधी के सपनों को साकार कर रही हैं सरकार: राज्यमंत्री गिरीशचंद्र

**अवधनामा संवाददाता**

- ग्रामीण पंचायत भवन से जनता को मिलेगी सरकार द्वारा दी गई सुविधाए
- सरायख्वाजा मे आधुनिक पंचायत भवन का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के गांव में आधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सचिवालय से जनता को काफी सरकार द्वारा दी गई मिलेगी सारी सुविधाएं और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी जनप्रतिनिधि इसी सचिवालय पर मौजूद रहकर जनता का काम करेंगे। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया।

स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव ने सरायख्वाजा में ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह द्वारा बनाए गए आधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण किए। राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कहा कि गांव में सचिवालय आधुनिक पंचायत भवन बन रहे हैं जहां अधिकारी ग्राम पंचायत भवन मे बैठकर जनता का काम करें ।उन्हें मुख्यालय से लेकर लखनऊ दिल्ली तक न भटकना पड़े । आज पीएम मोदी मुख्यमंत्री योगी की सरकार महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रही है ।आधुनिक सचिवालय या पंचायत भवन का निर्माण कर रही है। जिसमें सप्ताह में क्रमवार ग्राम स्तर के अधिकारी व जनप्रतिनित बैठकर जनता का काम निबटाएंगे। यहीं से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। गांव मे जो मूलभूत सुविधाएं हैं जो सरकार विकास कर रही है। उन्होंने सदर विधानसभा में सड़कों के बिछाए गए जाल को प्रमुख विकास कार्य बताया और कहा कि अब गांव में सड़क ट्रांसफार्मर हैंड पंप का विकास हुआ है और आगे भी होगा । कहा कि सिद्धिकपुर से जमुआही मार्ग के लिए 18 करोड़ का बजट की मंजूरी मिल गई है यह सड़क जल्दी ही नए तरीके से बनेगी । इसके अलावा एक दर्जन सडके प्रस्तावित है। जिससे अब हर गांव में घर-घर से सड़के जुड़ जाएंगे। पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यो की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा सरका हर तरह की सेवाएं गांव के घर-घर तक उपलब्ध कराएगी। उन्होंने सराय ख्वाजा के ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह के द्वारा कराए गए विकास कार्य की जमकर सराहना की,कहा कि अब गांव शहर जैसे हो रहे हैं अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह ने कहा कि गांव को हम सभी सुविधाओं से परिपूर्ण कर प्रदेश का नंबर एक गांव बनाएंगे। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सिंह खर्चू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन खेतासराय मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य, ब्लॉक प्रमुख करंजाकला के प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, राजकेसर पाल, सूबेदार सिंह,वीडीओ सोधी जितेंद्र सिंह ,कंचन सिंह, दुर्गेश सिंह, हीरा सिंह ठाकुर, प्रशांत सिंह दीपक, संतोष सिंह, रामानंद यादव , राजाराम जायसवाल, अजीत यादव, राजकेशर मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## बार बालाओं के अश्लील डांस का वीडियो वायरल

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र में बार बालाओं के अश्लील डांस का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दीपावली के तीसरे दिन 14 नवंबर को नगर पालिका कमेटी द्वारा मुबारकपुर कस्बे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में आई बार-बालाओं ने फिल्मी गानों पर एक से बढ़कर एक अश्लील डांस किए। वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह से बार बालाएं डांस कर रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम को गोलू जायसवाल ने आयोजित कराया था। कार्यक्रम स्थल के बैकग्राउंड में ओम ट्रेडिंग कंपनी और पारस ज्वैलर्स की होर्डिंग लगी हुई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग भी शामिल हुए थे।

# चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल बैठ धरने पर



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोल्हुखोर जहानागंज में दो दिन पूर्व एक व्यक्ति द्वारा कर्मचारियों के साथ की गई बदसलूकी एवं एससी एसटी एक्ट के मुकदमे में फसाने की धमकी दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल के गेट पर धरने पर बैठ गये। हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती 'हम बीमारी से बचाते हैं, हमें गुण्डों से बचाईए' लेकर विरोध प्रकट किया।

स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि यदि अस्पताल में कर्मचारियों के साथ इस तरह की बदसलुकी होती रही तो हम विवश होकर इमरजेंसी सेवा के साथ-साथ अन्य सेवाएं भी देने में असमर्थ होंगे। जानकारी के अनुसार 15 तारीख की रात्रि करीब 7.20 बजे चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर धनंजय पांडेय थाने द्वारा भेजे गए आपसी झगड़े में घायल लोगों का इलाज एवं मेडिकल कर रहे थे और स्टाफ नर्स सुनीता प्रसव पीड़ित महिला का इलाज कर रही थी तभी एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में एक बीमार महिला को लेकर पहुंचा और स्टाफ नर्स सुनीता से उस महिला को जिला रेफर करने के लिए दबाव बनाने लगा। जब सुनीता ने चिकित्सा प्रभारी को इस बात की जानकारी दी तो उन्होंने कहा की महिला का कहां इलाज हुआ है उसका कोई पर्चा देखने के बाद ही रेफर कर पाएंगे। बस इतनी ही बात पर वह व्यक्ति भड़क गया और समस्त कर्मचारियों से गाली गलौज करने लगा। जब कर्मचारियों ने विरोध किया तो उनको हरिजन बनाम सवर्ण के मुकदमें में फसाने की धमकी देने लगा। शोर गुल सुन कर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर धनंजय पांडेय भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बदसलूकी कर रहे व्यक्ति को समझने का प्रयास किया तो वह उन्हें भी गाली देने लगा। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने 112 नंबर पुलिस को फोन करके बुलाया तो वह भाग निकला। स्वास्थ्य कर्मियों ने उस व्यक्ति के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी लेकिन दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई न किए जाने से आक्रोशित कर्मचारियों ने शुक्रवार को अस्पताल पहुंचकर 10.00 बजे से धरना आरंभ कर दिया। कुछ ही समय के बाद तमाम मरीज भी वहां उपस्थित हो गए।

# अस्तित्व बचाने के लिए लहलहाते तालाब को सौंदर्यीकरण की दरकार

- बारहों मास पानी से भरा रहता है एक एकड़ का तालाब

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खुटहन)** गौसपुर बाजार में दरगाह के बगल एक एकड़ से अधिक भूभाग में हमेशा पानी से भरा रहने वाला तालाब घास -फूस व झाड़ियों और जलकुंभियों से ढका रहता है। किनारों पर दीवार न होने के चलते तालाब लगातार अतिक्रमण का शिकार हो रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि तालाब के संरक्षण के साथ साथ इसका भी सौन्दरीकरण अवश्य कराया जाय।



पचासों वर्ष पुराना उक्त तालाब के पूरब तरफ गौसपुर बाजार है। इसके तीन अन्य दिशाओं में सैकड़ों घर बने हुए हैं। जिनसे निकलने वाला पानी सीधा तालाब में जाता है। इधर बाजार की भी नालियां तालाब की तरफ ही जाती है। हर दिशाओं से आने वाले पानी की वजह से यह बारहों मास लहलहाता रहता है। तालाब के भीतर कूरे कचरे का ढेर जमा हो गया है। चारों तरफ रिहायशी क्षेत्र होने के चलते इस पर अतिक्रमण भी हो रहा है। प्रधान प्रतिनिधि राजमहातिम यादव ने कहा कि तालाब का अस्तित्व बचाना है तो इसके संरक्षण के साथ साथ सौन्दरीकरण भी कराया जाय। इस संबंध में बीडीओ गौरवेंद्र सिंह ने कहा कि तालाब के सौन्दरीकरण का काम मनरेगा से ही होगा। इसके लिए बजट की कमी नहीं होगी। ग्राम प्रधान इस्टीमेट बनवाकर काम शुरू कराएं। अतिक्रमण की शिकायत हो तो उपजिलाधिकारी से मिल कर नाप कराकर काम शुरू करें।

## क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफनर्सिंग में नव प्रवेशित छात्राओं का हुआ स्वागत

**आजमगढ़।** क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग में जी एन एम0 आयुर्वेद तीन वर्षीय, ए एन एम0 द्वितीय वर्षीय कोर्स नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आई एन तिवारी रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि संस्था चाहे वह शिक्षक के क्षेत्र में हो या समाज सेवा में दोनो विषेश है।जिसकी उन्होंने सराहना की व भविष्य में भी सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र व छात्राओं का सहयोग लेने का भरोसा दिलाया। संस्था के प्रबंधक व निदेशक डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जनहित में चिकित्सा के जो भी कार्यक्रम किए जाएंगे उसमें अपने छात्र व छात्राओं का पार्टिसिपेशन का भरोसा दिलाया। बच्चों के ट्रेनिंग हेतु जो भी सरकारी अस्पताल का आवेदन किया गया है।

# नारकोटिक्स समन्वय (एन कोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0एवं रा0) राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय (एन कोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में नदियों के किनारे संवेदनशील निर्जन स्थानों, घाटो पर अप्रयुक्त स्नानघरो / निर्माणों, निष्प्रयोज्य बिल्डिंग / फैक्ट्रियों, रेलवे/बस स्टेशनों, पान की दुकानों, मेडिकल स्टोरो सहित ऐसे स्थान जहा भी मादक पदार्थो के सेवन की संभावना हो, वहां पर पुलिस, आबकारी, ड्रग एंव खाद्य सुरक्षा विभाग सहित यथावश्यक अन्य विभागो की संयुक्त टीमों द्वारा गहन चेकिंग की जाय। यदि चेकिंग के



दौरान भांग मुनक्का, पाया जाता है तो आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाय। जनपद में स्थित अस्पतालों, विद्यालयों एवं रेलवे / बस स्टेशनों के आस-पास नशीले पदार्थ युक्त गोलीयों, पान मसाला / गुटका बेचने वाली दुकानों की चेकिंग / जांच करने का निर्देश देते हुये अन्य ऐसे सार्वजनिक स्थानों जहा पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की सम्भावना होती है। वहाँ पर नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग व संयुक्त टीमों द्वारा सघन छापेमारी कर कड़ी कार्यवाही की जाय। इसके साथ ही उपर्युक्त स्थलों पर नशीले पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने के साथ ही जन सामान्य को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जाय। पान मसाला / गुटका / दोहरा के बडे / थोक दुकानों पर अनाधिकृत / प्रतिबंधित पदार्थो की ब्रिकी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा, औषधि निरीक्षक एंव एन0सी0बी0 के सहयोग से संबधित दुकानों की जांच कराकर यथावश्यक कडी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये।

# जलवायु परिवर्तन की दिशा में पहल करने वालों की सूची में आठ भारतीय, अजय बंगा और भाविश अग्रवाल को मिली जगह

**परोपकारी**

**टाइम 100 क्लाइमेट सूची में दुनिया भर के सीईओ, संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल**



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल सहित आठ भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों को टाइम पत्रिका की ओर से तैयार जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में पहल करने वाले दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं की पहली सूची में शामिल किया गया है। टाइम 100 क्लाइमेट सूची में दुनिया भर के सीईओ, संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह सूची 30 नवंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले जारी की गई है।

बंगा और अग्रवाल के साथ, द रॉकफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव जे शाह; बोस्टन कॉमन एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और अध्यक्ष गीता अय्यर, अमेरिकी ऊर्जा ऋण कार्यक्रम विभाग कार्यालय के निदेशक जिगर शाह; मनोज सिन्हा, हस्क पावर सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक; कैसर परमानेंट के पर्यावरण प्रबंधन की कार्यकारी निदेशक सीमा वाधवा और महिंद्रा लाइफस्पेस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित कुमार सिन्हा भी इस सूची में शामिल हैं। टाइम के अनुसार, जून में विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष के रूप में अपना पांच साल का कार्यकाल शुरू करने वाले 64 वर्षीय बंगा जलवायु परिवर्तन से लड़ते हुए गरीबी उन्मूलन की दिशा में संस्था के लिए एक नए मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। मोरक्को में 2023 विश्व बैंक समूह-आईएमएफ की वार्षिक बैठक में उन्होंने कहा, ÷यदि आप सांस नहीं ले सकते हैं और आप साफ पानी नहीं पी सकते हैं, तो गरीबी उन्मूलन का बहुत कम मतलब है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, और यहां सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को अपनाया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। पत्रिका ने कहा कि भारत की सड़कों पर करीब 70 प्रतिशत वाहन मोपेड और स्कूटर हैं और 38 वर्षीय अग्रवाल उन्हें इलेक्ट्रिक में बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस साल, ओला ने अपना अब तक का सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया, जिसकी कीमत 79,999 रुपये (लगभग 960 अमरीकी डॉलर) है। राजीव शाह का द रॉकफेलर फाउंडेशन यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि सभी पहल और निवेश रणनीतियों को जलवायु परिवर्तन को देखते हुए तैयार किया जाए। इस साल, रॉकफेलर फाउंडेशन ने कोल टू क्लीन क्रेडिट इनिशिएटिव लॉन्च करने के लिए ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपुल एंड प्लैनेट के साथ भागीदारी की। पत्रिका ने कहा कि इसका उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए एक नया कार्बन वित्त मानक विकसित करना है।

# ओकेएक्स ने पॉलीगॉन सीडीके के साथ बने नए जेडकेईवीएम लेयर-2 नेटवर्क एक्स1 को लॉन्च किया

**लखनऊ।** एक महत्वपूर्ण भागीदारी के तहत दुनिया भर में अग्रणी क्रिप्टो एक्सचेंज ओकेएक्स और वेब3 इकोसिस्टम व अग्रणी अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजी कंपनी पॉलीगॉन लैब्स ने आज एक्स1 के लिए टेस्टनेट के लॉन्च की घोषणा की है यह एक नया बढ़िया परफॉर्मेंस वाला और सुरक्षित एथेरियम-आधारित जीरो नॉलेज लेयर-2 नेटवर्क है जिसे पॉलीगॉन चेन डेवलपमेंट किट की मदद से बनाया गया है।

ओकेएक्स के चीफ इनोवेशन ऑफिसर जेसन लाओ कहते हैं एक्स1 हमारे यूजर्स को जानकारी देने और उन्हें चेन पर व वेब3 की दुनिया में लाने के हमारे प्रयासों का मुख्य आधार है यह स्केलेबल और ऐक्सेस में आसान नेटवर्क उन डेवलपर्स के लिए बेहतरीन है जो अन्य नेटवर्क और इकोसिस्टम के साथ पारस्परिकता को बनाए रखते हुए, एक्स1 पर निर्माण कर सकते हैं, ताकि उपयोग में आसान विश्व-स्तरीय कंज्यूमर वेब3 ऐप्लिकेशन दे सकें। हमें उम्मीद है कि पॉलीगॉन लैब्स के साथ सहयोग करके, हम वेब3 पर ज्यादा बिल्डर्स ला सकेंगे, यूज केसेज की संख्या बढ़ेगी और वेब को ज्यादा बड़े पैमाने पर अपनाया जाएगा। पॉलीगॉन के सह-संस्थापक संदीप नेलवाल ने कहा एक्स1 नेटवर्क डेवलपर्स को एक किफायती और उपयोग में आसान ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है जहाँ वे विकेंद्रीकृत ऐप्स बना सकते हैं व पॉलीगॉन और ज्यादा व्यापक एथेरियम इकोसिस्टम्स की ओकेएक्स कम्युनिटी को आसानी से जोड़ सकते हैं। पॉलीगॉन सीडीके टेक्नोलॉजी का उपयोग एक बहुत बड़े कदम का संकेत है यह डेवलपर्स को आसानी से एथेरियम पर जेडके एल2 समाधान डिजाइन और नियोजित करने की सुविधा देता है। भविष्य की सोचें, तो पॉलीगॉन सीडीके इकोसिस्टम के तहत, जेडके-संचालित एल2 के एक ज्यादा बड़े नेटवर्क में पॉलीगॉन सीडीके-नियोजित चेन्स इंटरऑपरेट कर सकती है और सह-अस्तित्व में बनी रह सकती है। हमें ओकेएक्सकी टीम के साथ मिलकर इस टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने और एक्स1 नेटवर्क को सफलता की दिशा में अग्रसर करने की बेहद खुशी है। डेवलपर्स को ध्यान में रखकर बनाया गया, एक्स1 सभी को अपने ऑन-चेन इकोसिस्टम पर निर्माण की सुविधा देता है। साथ ही, यह ओकेएस के 5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स को डेवलपर की भागीदारी के लिहाज से दुनिया के दो सबसे बड़े वेब3, पॉलीगॉन और एथेरियम की कम्युनिटीज से जोड़कर डेफी, एंटरप्राइज और अन्य वर्टिकल्स में बिल्डर्स को आकर्षित करते हुए वेब3 के भविष्य को गति देगा।

इसके अलावा, ओकेएक्स और पॉलीगॉन लैब्स की भागीदारी के तहत, ओकेएक्स, पॉलीगॉन सीडीके का एक प्रमुख योगदानकर्ता बन जाएगा व इंजीनियरिंग के पर्याप्त संसाधनों में निवेश करेगा, ताकि एथेरियम स्केलिंग समाधानों के लिए टेक्नोलॉजी की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।

# सोने में 540 रुपए का उछाल, चांदी 1200 रुपये मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 540 रुपये की तेजी के साथ 61,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 1,200 रुपये की तेजी के साथ 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख से सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों तेजी के साथ क्रमशः 1,984 डॉलर प्रति औंस और 23.86 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार करते दिखे।

गांधी ने कहा कि अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण श्रम-बाजार में कमजोरी बढ़ने के संकेत मिलने से फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों पर अंकुश लगाए जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

# गरिमा अरोड़ा एलिमिनेशन राउंड के लिए सीजन की सबसे कठिन चुनौती के साथ मास्टरशेफ इंडिया किचन में लौट आईं

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया के पिछले सीज़न की जज, शेफ गरिमा अरोड़ा, शो में विजयी वापसी करती हैं, लेकिन इस बार, एलिमिनेशन राउंड के लिए अतिथि जज के रूप में। शेफ गरिमा, एक बेहद प्रशंसित शेफ और मिशेलिन स्टार से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय महिला, अपने साथ सीजन का सबसे चुनौतीपूर्ण काम खाना पकाने की चुनौती लेकर आई हैं।

इस गहन चुनौती में, घरेलू रसोइयों को स्वादिष्ट महुआ आइसक्रीम तैयार करने में शेफ गरिमा अरोड़ा की बिजली की तेज गति से मेल खाने का प्रयास करते हुए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। शिकार? शेफ गरिमा द्वारा आइसक्रीम तैयार करने के बाद उनके पास अपनी रचना को बेहतर बनाने के लिए केवल पांच मिनट और हैं। समय के विरुद्ध इस दौड़ में घरेलू रसोइयों के सपनों को बनाने या तोड़ने की क्षमता है, जो प्रतिस्पर्धा को एक नए स्तर पर ले जाएगी। इस अवसर पर कौन आगे बढ़ता है और खाना पकाने की चुनौती के बाद किसकी पाक यात्रा समाप्त हो जाती है? जानने के लिए मास्टरशेफ इंडिया से जुड़ें।

निधि शर्मा ने हाई-स्टेक चैलेंज में भाग लेने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, कुक-अलोंग चैलेंज के दौरान शेफ गरिमा का मार्गदर्शन अमूल्य था। शांत और संयमित रहने की उनकी सलाह ने वास्तव में मेरे लिए अंतर पैदा किया। उनके प्रोत्साहन से मैं अपनी रचना तय समय में पूरी करने में सफल रही। यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन समृद्ध अनुभव था जिसने एक घरेलू रसोइया के रूप में मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाया।

प्रत्येक आगे बढ़ने वाले एपिसोड के साथ, घरेलू रसोइयों को मास्टरशेफ इंडिया रसोई में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक और स्वादिष्ट अनुभव का वादा करता है। पाक कला का जादू देखने के लिए सोनी लिव पर बने रहें, क्योंकि शेफ विकास खन्ना, रणवीर बराड़ और पूजा ढींगरा प्रतियोगियों को पाक उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करते हैं। मास्टरशेफ इंडिया को देखें, सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे, केवल सोनी लिव पर!

# जयपुरिया इंस्टिट्यूट में वार्षिक स्पोर्ट्स फ़ेस्ट मशाल 4.0 का आयोजन

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स टूर्नामेंट मशाल 4.0 का आरम्भ शुक्रवार को हुआ जिसमे लखनऊ तथा आस पास के विभिन्न हिस्सों से लगभग 24 कॉलेज इस भव्य खेल आयोजन में भाग ले रहे हैं, जिसमें विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में शहर के विभिन्न कॉलेजों से लगभग 600 छात्र भाग ले रहे हैं।

समावेशिता को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से, यह कार्यक्रम एथलेटिक कौशल और सौहार्द के एक दिलचस्प प्रदर्शन है। प्रत्येक वर्ष विविध खेल आयोजनों की एक श्रृंखला के साथ, जयपुरिया लखनऊ विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों को आमंत्रित करता है, जिसका लक्ष्य कौशल, जुनून और प्रतिस्पर्धा के रोमांच से भरा माहौल बनाना है। इस वर्ष भी छात्रों ने फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, शतरंज, कैरम, खो खो, टेबल टेनिस, पूल आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।



इस साल मशाल की थीम लिव, डेयर, ड्रीम है।

इस वर्ष मशाल खेल आयोजन में फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, खो-खो, टग ऑफ़ वॉर, कैरम, टेबल टेनिस, पूल जैसे खेलो में छात्र प्रतिस्पर्धा करेंगे। मशाल 4.0 एक ऐसा मंच है जो छात्रों को स्पोर्ट्स में अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपने साथियों के बीच शीर्ष प्रतिस्पर्धी के रूप में अपनी पहचान बनाने के कई अवसर देता है। जयपुरिया लखनऊ ने अलग-अलग स्थानों से आये सर्वश्रेष्ठ एथलीटों की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए मशाल के माध्यम से महत्वपूर्ण खेलो का आयोजन किया है।

मशाल 4 .0 की शुरुआत उद्घाटन के साथ हुई। जयपुरिया इंस्टिट्यूट की निदेशक डॉ. कविता पाठक ने छात्रों को खेलो के महत्त्व के बारे में बताया। डॉ. पाठक ने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य प्रबंधक सुश्री नेहा सैनी थीं; और श्री रवि प्रकाश शुक्ला, मुख्य प्रबंधक-क्रेडिट प्रोफाइल, लखनऊ थे। इस अवसर पर जयपुरिया इंस्टिट्यूट में प्रोफेसर तथा स्पोर्ट्स कमिटी के अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र गुप्ता ने कहा ÷ विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिभाशाली छात्रों के कौशल को देख हम सभी काफ़ी उत्साहित हैं। इस प्रकार के टूर्नामेंट न सिर्फ छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धा कर अपने कौशल का विकास करने के भी अवसर प्रदान करते हैं।

# अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को हवाई अड्डे पर रोका गया, रवाना हो रहे थे न्यूयॉर्क

**नई दिल्ली।** भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन को गुरुवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे उनके खिलाफ जारी एलओसी (लुक आउट सर्कुलर) के आधार पर रोक दिया गया। मामले से जुड़े सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दंपती न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो रहे थे। बता दें कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अनुरोध पर दोनों के खिलाफ एलओसी जारी किया गया था। इससे पहले जून में ईओडब्ल्यू ने दंपति और परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के खिलाफ धन के कथित गबन और भारतपे का संचालन करने वाली रेजिलिएंट इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड को 81 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी। एलओसी एक परिपत्र पत्र होता है जिसका इस्तेमाल अधिकारी यह जांचने के लिए करते हैं कि कोई यात्रा करने वाला व्यक्ति कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वांछित है या नहीं। जिस व्यक्ति के खिलाफ एलओसी जारी किया गया है, वह देश से बाहर यात्रा नहीं कर सकता।

दंपति टिप्पणी के लिए तुरंत उपलब्ध नहीं थे। इस हफ्ते की शुरुआत में, दिल्ली उच्च न्यायालय को एक स्थिति रिपोर्ट में, ईओडब्ल्यू ने कहा कि विक्रेता चालान में विसंगतियां थीं और कहा कि भारतपे से जुड़े कुछ मानव संसाधन (एचआर) परामर्श फिनटेक यूनिकॉर्न से धन निकालने के लिए स्थापित किए गए थे। जिन आठ एचआर कंसल्टेंसी पर सवाल उठाया गया है, वे फिनटेक कंपनी की पूर्व प्रमुख और सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन के रिश्तेदारों से जुड़े हुए पाए गए हैं।

ईओडब्ल्यू ने कहा कि जांच अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है। सूत्रों ने कहा कि दंपति को जांच में शामिल होने के लिए अगले सप्ताह ईओडब्ल्यू के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

# क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड का दूसरी तिमाही में राजस्व 38 प्रतिशत बढ़ा

Cressanda

**लखनऊ।** अत्याधुनिक आईटी, डिजिटल मीडिया और रेलवे कंसीयज सेवा प्रदाता कंपनी क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही के लिए उत्कृष्ट परिणाम की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में परिचालन से 19.49 करोड़ रूपये का राजस्व दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 2024 के पहली तिमाही में 14.13 करोड़ रूपये के राजस्व की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही 38 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 के पहली तिमाही में 12 लाख रूपये की तुलना में कई गुना बढ़कर 5.1 करोड रूपये हो गया है। बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बैठक में निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम ÷क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड÷ से बदलकर ÷क्रेसंडा रेलवे सॉल्यूशंस लिमिटेड÷ करने की मंजूरी दे दी है जो अनुमोदन के आधीन रहेगा। रणनीतिक रोडमैप और नए नाम के साथ परिचालन और वित्तीय मैट्रिक्स में सुधार, मध्यम से लंबी अवधि में कंपनी के लिए गेम चेंजर होगा। वित्त वर्ष 2023 के पूरे वर्ष के लिए कंपनी ने रु. 6.08 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में ही शुद्ध लाभ बढ़कर रु. 5.1 करोड़ हो गया है। कंपनी ने हाल के दिनों में कंपनी के विकास और भविष्य के रोडमैप के लिए कई रणनीतिक पहल की हैं। जिसके तहत कंपनी ने हाल ही में 9 नवंबर, को एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी क्रेसंडा रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (डब्ल्युओएस) को बनाया गया। इसके साथ ही कंपनी ने ईएमयू ट्रेनों में विज्ञापन के प्रावधान और जिसका प्राथमिक रखरखाव पूर्वी रेलवे द्वारा किया जाता है वह रेक के साथ संचालित मेल, एक्सप्रेस और प्रीमियम ट्रेनों में विज्ञापन के साथ-साथ कंसीयज सेवाओं के प्रावधान के लिए पूर्वी रेलवे, रेल मंत्रालय द्वारा मंगाई गई बोली हासिल की है। कंपनी ने 27 सितंबर, 2023 को मास्टरमाइंड एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है। क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड 1985 में स्थापित और बीएसई पर सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एक प्रमुख भारत-आधारित कंपनी है, जो भारतीय रेलवे के भीतर प्रतिष्ठित परियोजनाओं के लिए अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), डिजिटल मीडिया और आईटी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने में माहिर है। पिछले वर्ष में, महत्वपूर्ण अधिग्रहणों के परिणामस्वरूप, क्रेसंडा सॉल्यूशंस ने अपने क्षितिज का विस्तार किया है और अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ कॉर्पोरेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की स्थिति में है। इसके अलावा, कंपनी ने कई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों की स्थापना करके अपने प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए कदम उठाए हैं। कंपनी ने हाल ही में अरुण कुमार त्यागी को संयुक्त प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक, चंद्र प्रकाश शर्मा को कंपनी के स्वतंत्र निदेशक और अध्यक्ष, विजय सोलंकी को मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) और गैर-कार्यकारी निदेशक और राजकुमार दिनेश मसलिया को इसके निदेशक मंडल में कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल करने की घोषणा की है जो 7 अगस्त, 2023 से प्रभावी हो गये है। चार नए निदेशकों को शामिल करने के साथ, क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो के नवाचार, विस्तार और निर्बाध एकीकरण के उद्देश्य से एक रोमांचक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की है। जून 2023 के महीने में, कंपनी ने कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और कंपनी की विस्तार योजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अपना रु. 49.30 करोड़ का राइट्स इश्यू पूरा कर लिया है।

# उतार-चढ़ाव के बाद फिसला बाजार, सेंसेक्स 188 अंक टूटा, निफ्टी 19750 के नीचे



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को बाजार पर आरबीआई के नए दिशा-निर्देशों का असर दिखा और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार पर दबाव बना। निफ्टी में भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर तीन-तीन फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

घरेलू शेयर बाजार में पिछले दो दिनों की तेजी के बाद हफ्ते के आखिरी करोबारी दिन ब्रेक लग गया। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 187.75 (-0.28%) अंकों की गिरावट के साथ 65,794.73 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी सूचकांक 33.41 (0.17%) अंकों की गिरावट के साथ 19,731.80 के लेवल पर बंद हुआ।

शुक्रवार को बाजार पर आरबीआई के नए दिशा-निर्देशों का असर दिखा और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार पर दबाव बना। निफ्टी में भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर तीन-तीन फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। इससे पहले गुरवार को बीएसई सेंसेक्स 306 अंकों की गिरावट के साथ 65982 के लेवल पर बंद हुआ था।

# यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध और रेडविंग ने ड्रोन-आधारित हेल्थकेयर नेटवर्क रायगढ़ा, ओडिशा में लॉन्च किया

**ओडिशा।** समृद्ध हेल्थकेयर ब्लेंडेड फाइनेंस फैसिलिटी, एक मल्टी-स्टेकहोल्डर इनोवेशन और फाइनेंसिंग प्लेटफार्म, जो यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा समर्थित है और आईपीई ग्लोबल द्वारा कार्यान्वित, एक अग्रणी भारतीय स्टार्टअप, रेडविंग के सहयोग से, ओडिशा के रायगड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए एक पायलट ड्रोन नेटवर्क लॉन्च किया गया। यह पायलट कार्यक्रम ओडिशा के रायगड़ा जिले में अलग-अलग इलाकों में हवाई मार्ग से दवा और चिकित्सा उपकरण पहुंचाने के लिए रेडविंग के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ड्रोन का उपयोग करेगा।

रायगड़ा, जो मुख्य रूप से आदिवासी जिला है, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करता है। जिले के 3,234 गांवों में से 800 से अधिक गांवों तक पहुंचना कठिन है और 160 से अधिक को मौसमी कटौती का सामना करना पड़ता है, जिससे वे वर्ष की कुछ निश्चित अवधि के लिए अलग-थलग पड़ जाते हैं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक डायग्नोस्टिक्स, दवाओं और वैक्सीनओं की ड्रोन द्वारा डिलीवरी में सुधार करके, यह खर्च को कम कर देगी और बीमारियों के टेस्टिंग, डायग्नोसिस और उपचार के लिए कम समय लगेगा, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल वितरण में सुधार होगा।

स्वधा देव सिंह, आईएएस, जिला कलेक्टर, रायगड़ा ने कहा, रायगढ़ा में गुडरी और कल्याणसिंहपुर जैसे विभिन्न ब्लॉकों में कई दुर्गम क्षेत्र हैं। इन आंतरिक क्षेत्रों में बिजली, पहुंच और इंफ्रास्ट्रक्चर सम्बंधित चुनौतियां हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में ड्रोन आधारित मेडिकल डिलीवरी एक गेम चेंजर होगी। मरीज चाहे जिले में कहीं भी रह रहें हो अब उन्हें सर्वोत्तम डायग्नोस्टिक्स और ऑन-डिमांड चिकित्सा देखभाल तक आसानी से पहुंच प्राप्त होगी। हम रायगड़ा के लोगों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यूएसएआईडी/भारत स्वास्थ्य कार्यालय के निदेशक मिशेल लैंग-एली ने कहा, ÷संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत सबसे कमजोर लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए साझेदारी कर रहे हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो रिमोट क्षेत्रों में रहते हैं। ड्रोन डिलीवरी ग्रामीण, आदिवासी और दुर्गम स्थानों में स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों के लिए नए समाधान संभव बनाती है, जिसमें न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में प्रयोज्यता के साथ, दूरदराज के समुदायों तक देखभाल बढ़ाने और जीवन बचाने की क्षमता है। यह यूएसएआईडी और रेडविंग लैब्स द्वारा समर्थित पहले से ही सफल हेल्थकेयर ड्रोन मॉडल के विस्तार का भी प्रतीक है, जिसने भारत के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबरक्लोसिस डायग्नोस्टिक्स और कोविड-19 परीक्षण को गति दी है।

नम्रता चिंदारकर, एसोसिएट प्रोफेसर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, अहमदाबाद ने कहा, ÷अभी भी ग्रामीण भारत के कुछ हिस्से ऐसे हैं जहां डायग्नोस्टिक्स और टीके जैसी चिकित्सा सेवाओं तक समय पर पहुंच का अभाव है। ड्रोन द्वारा इस इस चुनौती से पार पाने की क्षमता है, लेकिन उनके प्रभाव को समझने के लिए साक्ष्य की आवश्यकता है। एक अकादमिक लेंस पॉलिसी मेकर्स को इस इंटरवेंशन की लागत-प्रभावशीलता, प्रतिकृति और मापनीयता को समझने में सक्षम बनाएगा और आईआईएमए एक सहयोगी बनकर प्रसन्न है।

# अमेज़न मिनीटीवी एक ही जगह पर हिंदी, तेलुगु और तमिल में डब किए गए हॉलीवुड के शोज़ के साथ ज़बरदस्त मनोरंजन प्रदान करेगा

**लुभावनी लिस्ट**

**इस मज़ेदार ख़बर की घोषणा करते हुए, अमेज़न मिनीटीवी ने दुनियाभर की फ़िल्मों की लुभावनी लिस्ट की एक झलक दिखाई है**




**मुंबई।** अमेज़न की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेज़न मिनीटीवी के साथ मनोरंजन का स्तर ऊँचा उठता चला जा रहा है, जो मिनीटीवी इम्पोर्टेड पर हिंदी, तेलुगु और तमिल में डब किए गए सबसे अच्छे अंतरराष्ट्रीय शोज़ पेश कर रही है। सपनों की दुनिया और दूसरी दुनिया के ड्रामा से लेकर साइंस फ़िक्शन आधारित एक्शन और तिलिस्मी थ्रिलर तक, अमेज़न मिनीटीवी ने एक पूरी की पूरी लाइब्रेरी पेश कर दी की है जिसकी शान हैं अंतरराष्ट्रीय शोज़ और फिल्में। जाने-माने के-ड्रामाज़ दिखाने और हमें कोरियाई संस्कृति की एक झलक दिखाने के बाद, यह स्ट्रीमिंग सेवा दुनिया की विभिन्न सांस्कृतियों से दर्शकों के सामने उनकी ही भाषा में निःशुल्क मनोरंजन के साथ अपने दायरे को बढाती जा रही है।

इस मज़ेदार ख़बर की घोषणा करते हुए, अमेज़न मिनीटीवी ने दुनियाभर की फ़िल्मों की लुभावनी लिस्ट की एक झलक दिखाई है, जो हॉलीवुड की फ़िल्मों को पसंद करने वालों का दिल जीत लेगी। चाहे रोमांटिक-डांस एंथोलॉजी हो, फैंटसी से भरपूर एक्शन हो, या वैम्पायर की प्रेम कहानी हो, इस स्ट्रीमिंग सेवा ने फ़िल्मों का पहला सेट निःशुल्क पेश किया है। यह सेवा सिनेमा पसंद करनेवाले लोगों के लिए सिनेमा की एक बेजोड़ पेशकश के साथ मनोरंजन किया जाना निश्चित बना देता है, जिसमें रेड, नाउ यू सी मी (1 और 2), द लास्ट विच हंटर, द स्पाई हू डंप्ड मी, रॉबिन हुड, पी2, वॉर, सहारा और बैंकॉक डेंजरस, सारी फ़िल्में शामिल हैं जिन्हें हिंदी, तेलुगु और तमिल में डब किया गया। इनके साथ-साथ, अमेज़न मिनीटीवी में चाहनेवालों की पसंदीदा ट्वाइलाइट सागा, लायंसगेट की जानी-मानी, द हंगर गेम्स फ्रेंचाइज़ी जैसे कि द हंगर गेम्स 1 और द हंगर गेम्स 2 कैचिंग फायर; स्टेप अप और स्टेप-अप 2 द स्ट्रीट्स को हिंदी में डब किया गया।

इस कॉन्टेंट की पेशकश पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, अमेज़न मिनीटीवी के कॉन्टेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने कहा, ÷पूरी दुनिया के टाइटल्स की लगातार बढ़ती लिस्ट के साथ, अमेज़न मिनीटीवी भारत की पसंद के तड़के के साथ दुनियाभर से मनोरंजन प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। हिंदी में डब किए गए के-ड्रामा को बेहद पसंद किए जाने के बाद, हम अपनी पेशकश में अंतर्राष्ट्रीय फिल्में शामिल करने और इन अंतर्राष्ट्रीय टाइटल्स के साथ

# आने वाले समय में खत्म हो जाएगा वेटिंग लिस्ट का चक्कर, सूत्रों का दावा- रेलवे कर रहा तैयारी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने आने वाले चार-पांच वर्षों में ट्रेनों में शून्य वेटिंग लिस्ट का लक्ष्य रखा है। रेलवे से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारतीय रेल तैयारी कर रहा है। अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक जनरल और स्लीपर क्लास सहित गैर-एसी कोचों में कुल यात्रियों का 95.3 प्रतिशत यात्रियों ने सफर किया, इस दौरान कुल 372 करोड़ यात्रियों ने सफर किया।

एक साहसिक कदम के तहत रेल मंत्रालय ने 4-5 वर्षों में प्रतीक्षा सूची को पूरी तरह से समाप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की घोषणा की है। मंत्रालय के सूत्रों ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक व्यापक योजना का खुलासा किया है। यह योजना विशेष रूप से सामान्य और स्लीपर क्लास कोचों के लिए है। सूत्रों के अनुसार अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक का डेटा यात्री वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक जनरल और स्लीपर क्लास सहित गैर-एसी कोचों में कुल यात्रियों का 95.3 प्रतिशत यात्रियों ने सफर किया, इस दौरान कुल 372 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 38 करोड़ यात्रियों की पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा किफायती यात्रा विकल्पों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर देता है।

सूत्रों ने आगे कहा कि इसके विपरीत, एसी कोचों में कुल यात्रियों के 4.7त्न को समायोजित किया गया, इनमें कुल 18.2 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। विशेष रूप से, यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.1 करोड़ यात्रियों की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

यात्रियों की कुल संख्या में 41.1 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, इनमें 92.5त्न गैर-एसी यात्री (सामान्य और स्लीपर क्लास के) हैं। यह बदलाव अधिक बजट-अनुकूल यात्रा विकल्पों की ओर यात्रियों के झुकाव को दर्शाता है।

# विद्यालयों में मानक के विपरित वाहन चली तो जिम्मेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति/जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक दौरान स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी विद्यालय में अनफिट/मानक के विपरीत वाहन चलने पर एआरटीओ, ट्रैफिक पुलिस व विद्यालय प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी।

उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में मानक के अनुरूप वाहन चल रहे हैं। इस बात का प्रमाण 15-20 दिनों में उपलब्ध कराएं, इसके लिए अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, तथा मानक के अनुरूप नही पाए जाने वाले वाहनों का पंजीकरण निरस्त करते हुए डिस्पोजल भी कराएं। बैठक दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक/प्रिंसिपल द्वारा सुझाव भी लिए गए साथ ही सभी विद्यालयों में यातायात समिति का गठन कर आवश्यक रूप से बैठक किए जाने का निर्देश दिए गए। बैठक दौरान एआरटीओ मो.



- डीएम की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अज़ीम ने कहा की विद्यालयों में चलने वाले वाहनों की गति अधिकतम 40 कीमी प्रति घण्टे का निर्धारण शासन द्वारा तय किया गया है, यदि किसी वाहन की गति अधिक है या चालक/परिचालक के सम्बन्ध में कोई शिकायत करनी हो तो इसके लिए शीघ्र कंट्रोल रूम के न0 से सभी को अवगत करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने गन्ना ढुलाई करने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर के साथ लाल कलर का कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाए जाने हेतु जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी मिलों से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, साथ ही गन्ना ढुलाई हेतु बड़ा ट्राला को पूर्ण रूप से बंद कराने सम्बन्धी आदेश पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला गन्ना अधिकारी को दिए।

### एक वर्ष में 662 घटनाएं, उल्लंघन पर 76 सौ वाहनों का हुआ चालान

बैठक दौरान प्रभारी अधिकारी यातायात द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए बताया गया कि विगत एक वर्ष में जनपद में कुल 662 घटनाएं हुईं। यातायात नियमों का उलनघन करने पर 7600 वाहनों का चालान किया गया, नो पार्किंग जोन अंतर्गत उलनघन किए जाने पर 5663 का चालान किया गया। इसके अलावे यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध में लगातार स्कूलों के वाहन चालकों को जागरूक किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने जागरूकता के क्रम में बच्चों में वाद विवाद प्रतियोगिता/निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**जिले में 31 ब्लैक स्पॉट है चिन्हित:**

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दौरान एआरटीओ द्वारा जनपद में 31 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाने की जानकारी दी गई। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया कि सभी ब्लैक स्पॉटों पर ज्वाइंट सर्वे कराते हुए क्या कार्यवाही की आवश्यकता है, और अभी तक क्या कार्यवाही हुई है। इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

## धूमधाम से किया गया फलों के राजा आम का विवाह



अवधनामा संवाददाता

**खैरटवा, कुशीनगर।** इस आधुनिक युग के काल खण्ड में लोग फैशन के तरफ रुझान बढ़ा रहे हैं जिसके चलते हमारी संस्कृति,सभ्यता पीछे छूटती जा रही है पहले के लोगों अपने सभ्यता से समझौता नहीं करते थे लेकिन समाज से अब संस्कृति बिछड़ रही है किन्तु अभी भी आस्थाओ की विगुल बजाते हुए अपनी संस्कृति को सहेजने में पीछे नही है। बता दें कि पहले लोग आम के जिस वृक्ष को लगाते थे उसका विधि विधान से विवाह कर के ही उसके फल का सेवन करते थे इसी क्रम में विकास खण्ड कप्तानगंज के सिंघाड़ी निवासी रामधारी धोबी पुत्र जगदेव ने शुक्रवार को अपने हाथों से लगाए गए आम के पेड़ों का विवाह बड़े धूमधाम से किया। बृहस्पतिवार को अखण्ड हरी किर्तन को आयोजित कर के शुक्रवार को पूर्णाहुति के पश्चात गाजा बाजा ढोल नगाड़ों के साथ बारात साज कर निकले और पुरोहित राजेन्द्र मिश्र (त्यागी बाबा) के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह को सम्पन्न कराया,जिसमे वैवाहिक रीति रिवाज और सभी रस्मों को बड़े शिद्दत से निभाया गया जैसे हल्दी रस्म, गीत मांगर, पाणिग्रहण, कन्यादान, चुमाई इत्यादि रस्मों को निर्वहन किया गया। इस मौके विनीता पत्नी लहरी ने यजमान की भूमिका निभाई तथा राहुल, गुलशन, आदित्य, रानू नगीना, गिरजा, सरोज, कुसुम, पवन, सुनील, आकाश, चम्पा, प्रियंका, उमेश, विशाल, सुनीता, आलोक, जानकी, इत्यादि लोग बाराती बने।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ का महापर्व

**अमेठी।** पूर्वांचल का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिले और बिहार प्रांत में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जिले में भी पूरी तरह फैल चुका है। नौकरी-पेशा और शादी विवाह के बाद यहां रह रहे परिवार विधि विधान से छठ पूजन करते हैं। जिसके लिए छठ घाट पर बेदी बनाने पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने के लिए होड़ लगी हुई है। आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रोचक होता है। नहाय खाय के साथ कार्तिक मास में अमावस्या के बाद चतुर्थी तिथि को छठ पूजा की शुरुआत होती है। दूसरे दिन खरना होता है। व्रती शाम को ठेकुआ आदि का प्रसाद ग्रहण करते है। षष्ठी को व्रत के साथ छठ घाट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य उसके बाद सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन होगा। नगर और ग्रामीण अंचल में भी कई परिवार छठ व्रत करते हैं। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छठ व्रतियों ने नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरुआत की है पर्व को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

## जिम क्लब के अंदर तीन युवक आपस में भिंड़े, मौके से पहुंची पुलिस

अवधनामा संवाददाता

- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी थे तीनों युवक, आपस में भीड़ गए

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र के नगर पंचायत मथौली बाजार में शुक्रवार की सुबह जिम क्लब के अंदर मामूली बात को लेकर तीन युवक आपस में भींड गए। इसमें दो युवक घायल हो गए जिन्हे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत मथौली बाजार के उत्तरी छोर पर स्थित जिम क्लब में एक नशेड़ी युवक सुबह 05:30 बजे पहुंचा। जिसका जिम में पंजीकरण भी नही था मशीनों पर व्यायाम करने लाग।

एक के बाद दूसरे मशीन पर गया जहां लक्ष्मीपुर गांव के दो युवक असरफ अंसारी (15) और सचिन सहानी (16) वर्षीय पहले से मशीन पर व्यायाम कर रहे थे। दोनों युवकों से उलझ गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था और नुकीले वस्तु से हमला कर दिया, जिससे दोनों युवकों को चोट लग गई। इसकी सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस आरोपी युवक को थाने लाई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

बताया जा रहा है आरोपी युवक व दोनों घायल एक ही गांव लक्ष्मीपुर के निवासी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने बताया कि एक युवक द्वारा दो युवकों से जिम में मामूली विवाद हो गया। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए युवक को तत्काल थाने लाई। तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के आधार पर अग्रिम कार्यवाई की जायेगी।

## बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, एक की मौत, पांच घायल

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तरयासुजान के बाक खास गांव के कुर्मी टोला में बृहस्पतिवार की देर रात बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडे व भाले निकल गए। मारपीट के दौरान भाला लगने से मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाकखास गांव के कुर्मी टोला में बृहस्पतिवार की रात धर्मनाथ यादव व शिव यादव के बच्चों में खेलने के दौरान विवाद हो गया। लोगों ने समझाकर दोनों को घर भेज दिया। कुछ देर बाद शिव यादव ने कुछ लोगों के साथ धर्मनाथ यादव के घर पर लाठी, डंडे और भाले के साथ धावा बोल दिया। हमले से धर्मनाथ यादव (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भाई रामानंद यादव, कुसुम देवी, धूमा देवी, अमरजीत तथा रामानंद की 14 साल की बेटी घायल हो गई। सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। एएसपी रितेश सिंह ने बताया कि भाला लगने से एक व्यक्ति की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है।

## अवैध शराब से भरी पिकप अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर पलटी

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर अनियंत्रित अवैध शराब लदी पिकप पलट गयी। जिसके कारण आलू प्याज के नीचे छुपाकर रखी गयी अवैध शराब की पेटियां सड़क के किनारे बिखर गयी। पिकप पलटते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गये तथा शराब की पेटियों को लेकर भागने लगे। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ग्रामीणों को खदेड़ा और शराब को इकट्ठा कराकर थाने लेकर चली गयी। वही बिहार पुलिस भी घटना स्थल पर पहुच मौका मुआना किआ। दूसरी तरफ पुलिस अवैध शराब को पकड़ने का दावा कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ स्थित पैठानी टोला के पास राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर आलू प्याज में छुपाकर



- आलू प्याज में छिपाकर बिहार भेजी जा रही थी अवैध शराब

बिहार प्रदेश जा रही अवैध शराब लदी पिकप संख्या बीआर 04 एफ 1668 अनियंत्रित होकर पलट गयी। पिकप के पलटने से अवैध शराब की पेटियां सड़क के किनारे बिखर गयी। पिकप पलटने से आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुच गये और शराब की पेटियों को लेकर भागने लगे। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस द्वारा ग्रामीणों को खदेड़ा गया। पुलिस शराब की पेटियों को इकट्ठा कराकर थाने भेज दी गयी। शराब लदी पिकप पलटने की जानकारी पर बिहार पुलिस भी मौका मुआयना की। वही दूसरी तरफ पुलिस अवैध शराब पकड़ने का दावा कर रही है। अवैध शराब की पेटिंयों की संख्या कितनी थी यह अस्पस्ट नही हो पाया। अवैध शराब लदी पिकप पलटने से यह बात साफ हो गयी कि शराब तस्करी जोरो पर चल रही है।

## छठ घाट की तैयारियों का चेयरमैन ने लिया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** आस्था का महापर्व छठ घाट की तैयारियां जोरों पर है। शुक्रवार को नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने छठ घाट की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कर्मचारियों को जल्द से जल्द साफ सफाई व वेदियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बता दें कि सूर्यषष्ठी का महापर्व छठ की तैयारियां चरम पर है। इसके लिए बाजारों में काफी चहल पहल है। कल डूबते हुए सूर्य को पहला अर्ध्य दिया जायेगा। इसी क्रम में नगर पंचायत मथौली के अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कस्बे के समस्त वार्डो में स्थित छठ घाट की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से साफ सफाई में तेजी लाने व वेदियों को दुरुस्त कर रंगाई कार्य करने व सीढ़ियों की सफाई जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि छठ घाट पर महिलाओं की सुविधा को देखते हुए तालाब के चारो तरफ टेंट, हाईमास्ट लाइट के साथ ही अतिरिक्त प्रकाश व्यस्था का इंतजाम किया गया है। इसके साथ ही छठ घाट पर पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम है। प्रशासन हर पहलुओं पर नजर रखेगी।

## 22 को प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन करेगा भाजयुमो

**देवरिया।** शुक्रवार, भाजपा कार्यालय औरा चौरी पर भाजयुमो के नेतृत्व में आगामी 22 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन की तैयारी बैठक संपन्न हुई । बैठक के मुख्य वक्ता शोध प्रमुख उत्तर प्रदेश भाजयुमो के संतोष जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्व नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लागू किया गया है जो महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाता है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार को महिलाओं के प्रति अत्यधिक समावेशी न्यायसंगत भविष्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस ऐतिहासिक निर्णय के संबंध में उत्तर प्रदेश 22 नंबर को प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन आयोजित कर रहा है। बैठक को जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजयुमो जिले से 200 युवितयों को मंडल व जिले स्तर से अधिवेशन में ले जायेगा। संचालन भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह विशेन ने किया।

## सूबे के प्रमुख शहरों के लिए अमेठी से होगा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन: दयाशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने शुक्रवार को नगर स्थित रामलीला मैदान से जनसभा को संबोधित करते हुए यहां एक तरफ अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाई तो वहीं आम जनमानस को आगाह कराया की नवंबर का महीना चल रहा है सर्दी आ गई है जनवरी से लोकसभा चुनाव का प्रारंभ होगा हम आपके बीच फिर आएंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जिताने और विपक्षियों की जमानत जप्त करने की अमेठी के मतदाताओं से अपील की।

शुक्रवार को नगर स्थित रामलीला मैदान में राघव राम सेवा संस्थान की ओर से कंबल एवं रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पधारे अतिथियों ने लाभार्थियों को सर्दी से बचने के उपक्रम में संस्थान की ओर से कंबल एवं रजाई का



वितरण किया। अपने वक्तव्य में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि पिछली सरकारों ने प्रदेश की शिक्षा स्वास्थ्य यातायात जैसी व्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया था।वर्तमान सरकार में प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा काफी चौकस है साथ ही प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर यहां बच्चो को ड्रेस मुहैया कराया गया है। कौशल विकास के रास्ते रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। गांव को सीधा ऑनलाइन के जरिए मुख्यालय से जोड़ दिया गया है। गांव में सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है जिससे लोगों को शहर आना न पड़े। चिकित्सा के लिए मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधा आपके जिले में भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने विकास का पूरा खाका खींचते हुए सरकार की खूबियां और उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपनी और केंद्र सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि अमेठी में आज चतुर्दिक विकास दिखाई दे रहा है। परोक्ष रूप से विकास के मुद्दे पर गांधी नेहरू परिवार को भी आड़े हाथों लिया। बताया कि गरीबों की सेवा सच्ची सेवा है राजेश अग्रहरि का यह कार्यक्रम हो रहा है जिससे गरीब लाभान्वित हो रहे हैं।उन्होंने उनकी जमकर तारीफ की। वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी से इलेक्ट्रिक बसों का शीघ्र संचालन होगा। अयोध्या काशी प्रयाग और लखनऊ के लिए यहां से इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। पत्रकारों को निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध है कहा कि उनके परिवारों के लिए भी निशुल्क यात्रा रोडवेज बसों में उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही अमेठी के जिला मुख्यालय गौरीगंज पर रोडवेज बस अड्डे का निर्माण होगा। जिसका शिलान्यास करने के लिए वह जल्द ही फिर आएंगे। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित विभिन्न मंत्रियों और एमएलसी विधायक सहित तमाम लोगों ने संबोधित किया।

- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अमेठी में किया लोक सभा चुनाव का शंखनाद

## तो क्या पुलिस के इशारे पर बिहार पहुंच रही है शराब की खेप

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** बिहार बार्डर से सटा इलाका शराब तस्करी के साथ-साथ खाकी के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। तस्कर पुलिस गठजोड का ही

- शराब लदी पिकप पलटने से खुली पुलिस का पोल

नतीजा है कि आला अफसरो की तमाम कोशिशों के बाद भी इन इलाकों में शराब तस्करी के धंधे पर रोक नही लग पा रही है। सूत्रों की माने तो बिना पुलिस की जानकारी एक शीशी अवैध शराब बिहार नही पहुच सकती। बार्डर पर तैनात वर्दीधारी अपनी ड्यूटी निभाने के बजाय लाल हरे नोटो के सहारे तस्करों को रोशनी दिखाने का कार्य कर रहे है। तरयासुजान थाने का अधिकांश हिस्सा बिहार सिमा से सटा है। इन रास्तों से शराब की खेप बिहार पहुच जाती है।

सीमावर्ती इलाके से शराब के साथ स्प्रिट की भी तस्करों जोरो पर है। सूत्रों की माने तो स्प्रिट से भरा टेंकर प्रत्येक दिन अच्छी खासी संख्या में बिहार प्रदेश को जा रहा है। बिहार में डिमांड के हिसाब से तस्कर माल उपलब्ध कराने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। यू तो जिले में कई थाने है और सभी की अपनी अलग अलग विशेषता है लेकिन



तरयासुजान और तनकुहीराज थाने की बात ही निराली है। शराब तस्करी का हब तरयासुजान व तमकुहीराज क्षेत्र बना हुआ है यहां प्रत्येक दिन लाखो की शराब की तस्करी बिहार प्रदेश को होती है। अवैध शराब तस्करी के लिए पूरा सिस्टम काम करता है। लतवा चट्टी व सलेमगढ़ हल्का के कुछ सिपाही पूरे खेल के मास्टरमाइंड है। यहां की थानेदारी पाने के लिए सभी दमदार कोशिश में लगे रहते है।

जितेद्र सिंह कालरा, क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने कहा कि तस्करी पर रोक लगाने को लेकर निरंतर प्रभावी कारवाई की जा रही है। तस्करी में पुलिस की संलिप्ता का आरोप निराधार है। अवैध शराब तस्करी किसी कीमत पर नही होने दी जायेगी

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का दिया संदेश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति फेज-4 के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट परिसर में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन कर कन्या भ्रूण हत्या रोकने एवं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश दिया गया। मृणाल सेवा संस्थान द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि बेटियां आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, बेटियां बोझ नहीं है । लिंग परीक्षण, भ्रूण हत्या न की जाये। बेटियों को समान अवसर प्रदान कर उन्हे शिक्षित किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नुक्कड़ नाटक गहरे से गहरे संदेशों को सहजता के साथ आमजन तक पहुंचाने का अत्यंत सशक्त माध्यम है। मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत प्रमुख स्थलों, ब्लॉकों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की प्रस्तुति मृणाल सेवा संस्थान के तरुण कुमार श्रीवास्तव, मनीष चौधरी, के के राजा, रविंद्र पटेल, राधा मिश्रा व नेहा तरुण श्रीवास्तव आदि द्वारा दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एसडीएम विपिन द्विवेदी, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर सहित महिला कल्याण विभाग कार्मिक सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## डीएम ने छठ को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रुप में किया नामित

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट अखण्ड प्रताप सिंह ने छठ पर्व के त्योहार को सकुशल शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई है तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि छठ पर्व के त्योहार के दृष्टिगत नगरीय क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी तथा निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित बीडीओ एवं एडीओ (पंचायत) प्रभारी होंगे तथा उनका यह दायित्व होगा कि अपने निकट पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेंगे।

प्रकाश, पेयजल, गहरे पानी में जाने से बचाव के लिए बैरीकेडिंग, साफ सफाई, जहां पर नदी में या उसके आस पास छठ का पर्व मनाया जाता है वहां



पर नाव एवं गोताखोर की व्यवस्था, सी0सी0टी0बी0 कैमरा/ड्रोन कैमरा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम (लोक सम्बोधन प्रणाली), फ्लेक्सी बैनर लगा हुआ पंडाल, जहाँ पर अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित होकर व्यवस्थाओं का पर्वेक्षण कर सके तथा पंडाल में लगे बैनर पर संबंधित अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए, स्वास्थ्य टीम मय एंबुलेंस और डाक्टर की व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। त्योहार सकुशल सम्पन्न हो इसके लिए तहसील सदर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0रा0), तहसील सलेमपुर व भाटपार रानी लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन, तहसील बरहज व रुद्रपुर के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जनपद के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने तहसील के अन्तर्गत पढ़ने वाले सभी छठ पूजा स्थलों के जोनल मजिस्ट्रेट/ जोनल पुलिस अधिकारी के रूप में प्रभारी होगे तथा मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात समस्त अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपने निर्देशन कार्य कराये। साथ में छठ पूजा में ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेटगण को निर्देशित किया है कि वे पूजा स्थल के संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस क्षेत्राधिकारी/ पुलिस प्रभारी निरीक्षण / पुलिस थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सूर्यषष्ठी /छठ पूजा का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। नगर पालिका परिषद देवरिया अन्तर्गत हनुमान मंदिर पोखरा हेतु तहसीलदार सदर, हाथीकुण्ड पोखरा देवरिया खास हेतु सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) सदर, अमेठी माई पोखरा एवं भुजौली कालोनी में चार पार्क हेतु अवर अभियंता बाढ खण्ड देवरिया, बेरमहिया पोखरा, देईया माई घाट, गायत्री मंदिर लच्छीराम पोखरा हेतु नायब तहसीलदार सदर, देवरही मंदिर पोखरा व सोमनाथ मंदिर पोखरा हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया, न्यू कालोनी छोटा पार्क, बीआरडी इंटर कालेज देवरिया, शिव मंदिर न्यू कालोनी देवरिया हेतु राज्य कर अधिकारी खण्ड-4 देवरिया, पुलिस लाइन मंदिर के पीछे व परमार्थी पोखरा हेतु जिला बचत अधिकारी, भटवलिया प्राइमरी विद्यालय के पीछे, भटवलिया हाइडिल परिसर, भटवलिया नाथ नगर लमुआं पोखरा हेतु जिला क्रीडा अधिकारी को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## भेल फैक्ट्री में स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया गया भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र लखनऊ के निर्देश पर जिला समन्वयक अजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के स्कूली छात्र-छात्राओं के भ्रमण कार्यक्रम के तहत 17 नवम्बर को विभिन्न विद्यालयों के 110 छात्र-छात्राओं को भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि0 जगदीशपुर में भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला समन्वयक अजय कुमार सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर0के0 आनन्द एवं संस्था के उप-महाप्रबन्धक यस0पी0 सिंह को बुके मोमेन्टो तथा बैज लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि आर0के0 आनन्द द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए इण्टर के बाद भविष्य निर्माण कैसे करें एवं कृषि के क्षेत्र में अपार सम्भावनाओं पर बल दिया गया। इसके साथ ही उप महाप्रबन्धक यसपी सिंह द्वारा बच्चों को संस्था में किये जा रहे विभिन्न प्रकार के कल-पुर्जो की जानकारी प्रदान की गयी। इसी क्रम में उप प्रबन्धक अचल श्रीवास्तव द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से संस्था की पूरी कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया एवं समन्वयक बाल विज्ञान कांग्रेस गरिमा यादव द्वारा जिला विज्ञान क्लब छात्र-छात्राओं में विज्ञान में अभिरूचि उत्पन्न करने का महत्वपूर्ण स्थान है का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि0 जगदीशपुर के सभी प्रमुखों द्वारा फैक्ट्री का भ्रमण कराया गया।

# सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखें विभाग: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिनन विभागों की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सी, डी व ई रैंक वाले विभाग प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रत्येक दशा में मासान्त तक सुधार लाना सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाय। आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि डिफाल्टर व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाय। शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि असंतुष्ट श्रेणी के सन्दर्भों की संख्या न्यून से न्यूनतम रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले सन्दर्भ को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में न रहे। डीएम ने सी, डी व ई रैंक से सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया कि सर्वप्रथम रैंक खराब होने के कारणों को ज्ञात कर उसका स्थायी समाधान करा दें इससे रैंक का ग्राफ स्थिर होने के बाद इसमें सुधार परिलक्षित होने लगेगा। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त चिकित्सालयों पर मानक के अनुसार दवाओं की उपलब्धता बनाये रखें ताकि आने वाले मरीज़ों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने के साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाय। डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में संचालित की जा रही एकमुश्त समाधान योजना व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराएं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। मिशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये जाने का प्रयास करें। इसके लिए अभिभावकों का जागरूक भी किया जाय। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण से सम्बन्धित रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। डीएम ने जिला व ब्लाक स्तरीय समिति में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण करें ताकि शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान एम.ओ.यू. करने वाले उद्यमियों से समन्वय कर इकाईयों की स्थापना का प्रयास करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि श्रम विभाग की योजनाओं के सत्यापन के लिए शहरी क्षेत्रों में एसडीएम व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बीडीओ को दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह में सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करा दें। निर्माण कार्यों के सत्यापन के लिए नामित समिति के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि परियोजनाओं के निरीक्षण की आख्या समय से उनके कार्यालय को प्रेषित की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित विभाग शासन की मंशानुरूप समय से तैयारी पूर्ण कर लें ताकि निर्धारित तिथियों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाय।

# सलमान को धमकाने वाले शेरा पर एक और मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** अभिनेता सलमान खान को वर्ष 2018 में फोन पर धमकाने वाले अपराधी शेरा के खिलाफ पुलिस ने एक और मुदकमा लिखा है। दो साल पहले धमकी वाला आडियो मिलने पर पुलिस ने पीड़ित जीशान की शिकायत पर करेली थाने में एक और मुकदमा दर्ज कर लिया। हाल ही में पुलिस ने शेरा पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इसके बाद से वह फरार है। किया निवासी जीशान जाकिर ने पुलिस को बताया कि रानी मंडी अतरसुइया निवासी बदमाश शेरा ने दो साल पहले उसे मोबाइल पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी। अतीक अहमद का नाम बताकर बम मारकर हत्या की धमकी दी थी। यह भी कहा था कि वह अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील का खास गुर्गा है। उसने डॉन के नाम पर रंगदारी मांगी। जीशान ने उसकी बातें मोबाइल में रिकार्ड कर ली। शेरा की धमकी के कारण उस वक्त जीशान पुलिस से शिकायत नहीं कर सका था। अब पुलिस पर उसे भरोसा है इसलिए मुकदमा करा रहा है। जीशान ने बताया कि 10 नवंबर को वह घर से निकलकर मस्जिद जा रहा था। रास्ते में नाले के पास शेरा मिला। उसने धमकाया तो जीशान ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही। शेरा ने तमंचा से उस पर फायर कर दिया। गोली मिस होने से उसकी जान बची। इस दौरान शेरा के गुर्गो ने उसकी पिटाई कर दी।

# कांग्रेसियों जताया शोक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व ट्रेड यूनियन नेता एवं शहर उपाध्यक्ष शिव जी मिश्रा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. वी.के. दीक्षित की धर्मपत्नी सरोज दीक्षित के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में हुई शोक सभा में आयकर विभाग यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव जी मिश्रा को ईमानदार, समर्पित और जुझारू नेता बताया गया। इसी प्रकार सरोज दीक्षित को आदर्श और धार्मिक गृहणी निरूपित किया गया। पार्टी जनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखने के साथ ईश्वर से परिजनों को धैर्य व साहस प्रदान करने की प्रार्थना की

शोक व्यक्त करने वालों में यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, फुज़ैल हाशमी, अल्पना निषाद, तस्लीमउददीन, रघुनाथ द्विवेदी, परवेज़ सिद्दीकी, अजेंद्र गौढ़, नयन कुशवाहा, डा.सत्या पांडेय, भोले सिंह, विनय पांडेय, रिजवाना बेगम, पूनम यादव, अरविंद पांडेय, लल्लन पटेल, राकेश श्रीवास्तव, शादाब अहमद, प्रदीप द्विवेदी, सलीमउददीन, केशव पासी, अजय श्रीवास्तव, संजय सिंह, आदि थे।

## जनपद के आरिफ और सईद कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस में करेंगे अंपायरिंग


**सुल्तानपुर।** अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आरिफ नियाज निवासी लाला का पुरवा थाना नगर कोतवाली और मोहम्मद सईद 18 नवंबर से 21 नवंबर 2023 हैदराबाद के फायरफॉक्स खेल प्रांगण में आयोजित होने वाली कॉमनवेल्थ मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में कार्य करेंगे। कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस संघ द्वारा जारी पत्र में आरिफ नियाज और मोहम्मद सईद से उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रतिभा करने को आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता भारत में होने वाली सबसे बड़ी टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी। जिसमें 50 टेबल पर प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# जनपद में ढह रहा भाजपा का किला, मंडल अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन

- भाजपा की कथनी व करनी को देश की जनता समझ चुकी है: अभिषेक सिंह राणा, जिलाध्यक्ष
- भाजपा देश की जनता को सिर्फ करती है गुमराह: पंकज

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के पहले जनपद में भाजपा का किला धीरे-धीरे ढहने लगा है। धनपतगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत विसांवा निवासी पंकज मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा पीपर गांव ने जनपद स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पहुंचकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समिति दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा पीपर गांव पंकज मिश्रा को फूल माला पहनकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी को देश की जनता समझ चुकी है। देश की जनता का रुझान अब कांग्रेस के प्रति बढ़ता जा रहा है जिसका असर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में देखने को



मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पंकज मिश्रा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलकर जनपद में कांग्रेस को अत्यधिक मजबूती प्रदान करेंगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ झूठ की राजनीति करती है देश की जनता को गुमराह कर उनसे वोट ले लेती है और बाद में नजर अंदाज कर देती है। देश की बोली भाली जनता अब इनके बहकावे और झूठे जुमले में नहीं फंसने वाली है, मैं भी बीते कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम किया और मंडल अध्यक्ष पीपर गांव बनाया गया लेकिन कोई सम्मान नहीं मिला। वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनपद में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला महासचिव काली सहाय सिंह वरिष्ठ नेता पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर, योगेश सिंह, योगेश पांडे, तेजबहादुर पाठक, सुरेंद्र शुक्ला, हौसला भीम,पवन मिश्रा नन्हे, धनपतगंज ब्लॉक अध्यक्ष अयजेंद्र पांडे (विभु) समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अजेय हत्याकाण्ड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (सिरकोनी)।** स्थानीय क्षेत्र के गद्दीपुर गांव में 11 नवंबर की देर रात लगभग 29 वर्षीय कोचिंग संचालक अजेय कुशवाहा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार की देर रात को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप गुप्ता ने बताया कि थाना प्रभारी किशोर कुमार चौबे को सूचना मिली की अजेय हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाराणसी लखनऊ मार्ग पर गद्दीपुर मोड़ पर आने वाले हैं। थाना प्रभारी चौबे, इंस्पेक्टर क्राइम हरि नारायण पटेल, राजेश सिंह, विपुल राय, पवन सिंह, अरविंद सिंह आदि तत्काल मौके पर पहुंच गये जहां थोडी देर बाद दो युवक आते दिखाई दिये। पुलिस ने घेराबन्दी करते हुये उन्हें दबोच लिया। गुप्ता ने बताया कि पकड़े गये युवक दर्शन उर्फ अनुज मौर्य पुत्र कमलेश मौर्य निवासी गद्दीपुर व विजय शंकर उर्फ सूरज मिश्र पुत्र अनिल मिश्र निवासी फरीदपुर के हैं। दर्शन के पास एक 32 बोर की पिस्टल, एक जिंदा कारतूस मिला। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गद्दीपुर गांव के धीरज मिश्र के घर पथराव करके भाग रहे थे। उसी समय अजेय उर्फ पूना ने उन दोनों को देख लिया। वह दोनों को गाली देने लगा जिस पर उसे गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में किशोर कुमार चौबे प्रभारी निरीक्षक जफराबाद एवं हरि नारायण पटेल निरीक्षक अपराध थाना जफराबाद के अलावा हे0का0 पवन सिंह, हे0का0 अरविन्द सिंह, हे0का0 राजेश सिंह सेंगर, हे0का0 संजय यादव, हे0का0 विपुल राय व का0चा0 प्रदीप यादव शामिल रहे।

# बाजारया नगर के मार्ग सभी हुए जाम डाला छठ पर रौनक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ।** जनपदनगर के मुख्य चौक पर फ्ल की दूकान बाकायदा टेंट लगाकर सजाई गई है हर फ्ल व्यवसाय करने वाला अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से दुकानों को सजा विभिन्न प्रकार के फ्ल छठ मईया की पूजा में लगने वाले सभी फ्ल सहित अन्य सामान अपनी दुकानों पर सजा लिए है कुम्हार अपने मिट्टी के बर्तन के साथ बैठा है पूरे नगर में छठ पूजा से संबन्धित दूकान सज गई है मोड़ पर आम आदमी को खासकर वाहन स्वामियों को वाहन घुमाने में दिक्कत हो रहो है नगर के मुख चौक के बगल नागा बाबा सरोवर पोखरे की सफ्ई आज भी नगर के सफ्ई कर्मी कर रहे है स्थानीय पुलिस प्रशासन हर चौक पर होमगार्ड पी आर डी पुलिस के जवान रात्रि में तैनात कर दिए है थाना प्रभारी फूलपुर निहार नन्दन हमराह सिपाहियों संग सरकारी वाहन से नदी घाटों आवागमन के रास्तों अन्य जगहों का भ्रमण कर स्थान चिन्हित कर रहे पूजा के अवसर पर समस्यावो के समाधान की चर्चा कर निदान में लगे है। प्रभारी मिरीक्षक निहार नंदन ने कहा की छठ पूजा शान्ति पूर्वक सम्पन्न हो इसके प्रवास में मै और मेरा जवान सदैव तात्पर्य रहेंगे खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला आरक्षी घाटों पर मुस्तैद रहेगी। चोर उचक्को मनचलों पर विशेष नजर होगी और ऐसे तत्वों पर कठोर कार्यवाजो की जाएंगी। सब मिलकर प्रशासन शान्ति पूर्ण त्योहार सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कमर कश कर लगा है। कितना सफ्ल होगा यह तो उन्नीस बीस नवंबर को पता चलेगा।

# बेंगलुरु बेल्लारी की ब्रांच ने जिले में खोला लस्सी डे कैफे का नया मॉडल शाप

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले में पहली बार ग्राहकों को शुद्ध नेचुरल युक्त पिलाने के लिए लस्सी डे कैफे वर्गर पाव का उद्घाटन इलाहाबाद रोड बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने किया गया। मिलावटखोरों से दूर रहकर ग्राहकों के लिए खास सहूलियत यह है कि तत्काल ताजा, सेहतमंद 5 मिनट में 10 प्रकार की लस्सी देने की सुविधा उपलब्ध है। लस्सी डे कैफे वर्गर साप का उद्घाटन बृहस्पतिवार को इलाहाबाद रोड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल , डॉ एके सिंह, डॉक्टर सुभाष, डॉक्टर ए एन सिंह, डॉक्टर सुधाकर सिंह, डॉक्टर अमित कौशल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। ग्राहकों को तत्काल सुविधा



देने के लिए लस्सी डे कैफे बर्गर पाव की संचालिका रिचा सिंह बताती हैं कि 5 मिनट में 10 प्रकार के नेचुरल युक्त लस्सी बनाकर सर्व करने वाली जिले में पहली (शॉप) दूकान है। इस कैफे का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राहकों को 5 मिनट में शुद्ध व 10 प्रकार की ताजा लस्सी अलग-अलग फ्लेवर में तैयार मिलेंगे।इसके सेवन से बेहतर सेहत तथा मिलावटखोरी से बचा जा सकता है। जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर जे पी सिंह के पुत्र मलय सिंह ने बताया कि लस्सी डे वर्क शॉप का कुशल नेतृत्व रिचा सिंह ही करेंगी। यह कैफे जिले में जल्द ही तेजी से आगे बढ़ते हुए बाहरी मिलावटी दूध दही से हटकर एडवांस मशीनों के द्वारा क्वीक सर्विस मॉडल के रूप में पहला शाप होगा। मलय सिंह बताते हैं कि यह जिले की पहली ब्रांच है, इस कैफे का मेंन ब्रांच बेंगलुरु बेल्लारी में है जहां से अपने मशीन व प्रोडेक्ट के क्विक सर्विस का संचालन करता है।

# संविधान महोत्सव में होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रयागराज।** डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, प्रबुद्ध फाउंडेशन और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के पावन अवसर पर 26 नवम्बर को हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर संविधान मेला व संविधान महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया है। इस मेला में एक ओर जहां संविधान के साथ संविधान प्रदत्त अधिकारो की रक्षा हेतु विचार गोष्ठी होगी तो वहीं दूसरी ओर बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण, संबर्धन और उसके विकास के साथ रंगमंच के पुनरस्थापत्य के लिये सतत कार्य कर रही प्रयागराज की एक मात्र संस्था डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज के निर्देशन में भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा लिखित लाइट एण्ड साउण्ड पर आधारित नाटक- अंगुलिमाल की भी प्रस्तुति की जाएगी।

# 40वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** देश के युवा पुलिस जवानों को खेल की प्रति जागरूक करने की सरकार की मन्सा को चरितार्थ करते हुए 40 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता ( महिला / पुरुष ) लखनऊ जोन का शुभारंभ बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशिक्षण बिद्यालय कैंपस स्थित बैडमिंटन हॉल में किया गया। तीन दिवस तक चलने वाले महिला पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक अजय आनन्द ने स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। युवा महिला



- अपर पुलिस महानिदेशक अजय आनन्द ने पुलिस प्रशिक्षण कैंपस में एस पी सोमेन वर्मा को किया स्मृति चिन्ह भेंट

पुलिस अधिकारियो को सेहतमंद बनाने मे खेल का अपना महत्व है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 तारीख तक यह खेल प्रतियोगिता चलेगा। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर सोमेन बर्मा ने बताया कि यह बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है जो 3 दिन तक चलेगा। खेल में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) बृजेश कुमार मिश्र ने कहा कि बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला पुरुष खिलाड़ियों की सुविधा को पहले से ध्यान में रखा गया है। उनको प्रोत्साहित करने के साथ साथ अन्य जनपदों से आए युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए हाल व्यवस्थित करवा दिया गया है। इस मौके पर सीओ ट्रैफिक / लाइन रमेश, सीओ प्रशिक्षण करन सिंह, आर.आई. आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर कार्यालय क्विज प्रतियोगिता में अभिजीत और उज्जवल विजेता

**प्रयागराज।** सीएजी की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग 16 से 23 नवंबर तक ऑडिट सप्ताह मना रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज में स्थित सभी सीएजी के अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उनके परिवारों के लिए अंतर कार्यालय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को प्रधान महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हक़दारी) के सभागार में किया गया। कार्यालय के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार तिवारी के अनुसार प्रतियोगिता में प्रधान निदेशक (केंद्रीय) कार्यालय के अभिजीत सेन गुप्ता एवं उज्जवल गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे। क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान के नितिन सिंह एवं अभिषेक कुमार जायसवाल द्वितीय स्थान पर तथा प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी)द्वितीय कार्यालय के जलालुद्दीन एवं दीपांशु चौरसिया तृतीय स्थान पर रहे। दर्शकों में वरुण, सुमित, सौरभ, प्रतीक, हर्षवर्धन एवं राजीव विजेता रहे। निर्णायक मंडल धनलक्ष्मी, वरि. उपमहालेखाकार, राजेन्द्र प्रसाद, निदेशक, के जयकार बाबू, उपनिदेशक एवं राजकुमार, उपमहालेखाकार द्वारा विजेताओं का चयन किया गया।

# जिले में 19 नवम्बर से आयोजित होगी 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत जनपद में ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आगाज़ 19 नवम्बर 2023 से होगा। ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। एथलेटिक्स सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 वर्ष, जूनियर व सीनियर वर्ग के लिए 20 वर्ष, वॉलीबाल सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 वर्ष, जूनियर के लिए 18 वर्ष तथा सीनियर वर्ग हेतु ओपेन एज ग्रुप, कबड्डी सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 से 17 वर्ष, जूनियर के लिए 18 से 20 वर्ष तथा सीनियर वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 20 वर्ष निर्धारित है। सब जूनियर बालक वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100 व 800 मी. दौड़, जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 45, 48, 51 व 55 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल तथा सब जूनियर बालिका वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100 व 800 मी. की दौड़, हाई जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 40, 43, 49 व 53 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल, जूनियर बालक वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 1500 मी. की दौड़, हाई व लांग जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 57, 61, 65 व 70 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल तथा जूनियर बालिका वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 800 मी. की दौड़, हाई जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 50, 53, 55 व 57 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी। सीडीओ ने बताया कि जनपद में ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता हेतु ब्लाकवार प्रतियोगिता स्थल एवं तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। विकास खण्ड जरवल हेतु रामलीला मैदान जरवल में 19 व 20 नवम्बर 2023 को तथा मिहींपुरवा हेतु ग्रामीण स्टेडियम सेमरहना में 20 व 21 नवम्बर, चित्तौरा हेतु रामादीन इण्टर कालेज चिलवरिया, फखरपुर हेतु ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया, पयागपुर हेतु वी.आर.सी. स्टेडियम पुरानी तहसील तथा हुजूरपुर हेतु चिरैय्याटांड स्टेडियम हुजूरपुर में 21 व 22 नवम्बर, तेजवापुर हेतु मिनी स्टेडियम मरौचा, नवाबगंज हेतु जू.हा. चौगड़वा नवाबगंज, रिसिया हेतु सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया, विशेश्वरगंज जय भारत ल.मा.वि. रेलवे स्टेशन विशेश्वरगंज तथा कैसरगंज हेतु परमहंस डिग्री कालेज कैसरगंज में 22 व 23 नवम्बर तथा बलहा हेतु सआदत इण्टर कालेज नानपारा व महसी हेतु राजा भईया मेमोरियल स्कूल राजी चौराहा में 24 व 25 नवम्बर को प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जबकि जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि 03 व 04 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है।

# नहाय खाय के साथ आस्था के महापर्व छठ पूजा का आगाज



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** आस्था के महापर्व छठ पूजा का आगाज शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है शुक्रवार को व्रतियों ने लौआ भात का भोग लगाकर तीन दिन तक चलने वाले इस कठिन व्रत का शुरुआत कर दिया गया बताते चलें कि शनिवार को सायं गुण के खिर का भोग लगाया जायेगा जिसे खरना भी कहा जाता है वहीं रविवार को सायं डूबते हुए सूर्य को व्रतधारी पहला अर्घ देंगे तथा रविवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर इस कठिन व्रत का समापन किया जायेगा। शुक्रवार को एसडीएम ओबरा प्यारे लाल मौर्या के निर्देश पर नायब तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता दोपहर बाद छठ घाट पर पहुंचे जहां उन्होंने पूरे घाटों का निरीक्षण कर तैयारी के बाबत चेयरमैन उस्मान अली से जानकारी प्राप्त की 7 नायब तहसीलदार ने लोगों के आने-जाने के लिए रास्ता, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था के अलावा नदी में वैरीकेटींग के लिए रस्सी बंधवाने के लिए निर्देशित किया वहीं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाट पर आने वाले लोगों के लिए रास्ते के बारे में जानकारी ली साथ ही जगह जगह वाहनों के लिए स्टैंड भी बनवाने की बात कही ताकि घाट पर आने वाले व्रतियों को ट्रैफिक को लेकर किसी प्रकार की असुविधा न हो सके।

ग्राम पंचायत-गोन्हाताल पूर्वी वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.11.2023 से 11.11.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 11.11.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रशांत कुमार राय
सचिव
ग्रा.पं. गोन्हाताल पूर्वी

सत्यवती
प्रधान
ग्रा.पं. गोन्हाताल पूर्वी

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 27 नवंबर 2023 को जनपद में आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 27 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राठ व कुछेछा में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को पूरे भव्यता के साथ आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सभी कार्य शासनादेश में दी गई व्यवस्था एवं मानक के अनुसार संपादित किए जाएं। कार्यक्रमों के भव्य आयोजन में संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी की सामूहिक जिम्मेदारी रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई ,पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखी जाए इसके लिए पूर्व से ही तैयारी कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल पर पात्र जोड़ों को समय से बुलाएं। सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही अपने संबंधित दायित्व को भली-भांति अवगत करा दिया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गरीब लोगों की कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की शिथिलता/ लापरवाही न बरती जाए। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 51000 की सहायता राशि का प्रावधान है, जिसमें से 35000 लड़की के खाते में तथा 10000 के सामान जिसमें कपड़ा ,बिछिया ,पायल बर्तन दिया जाता है तथा रु0 6000 का कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रावधान होता है। ज्ञात हो कि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 27 नवंबर 2023 को मुख्यालय के कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा राठ स्थित बीएनवी इंटर कॉलेज में आयोजित होंगे । दोनों स्थानों को मिलाकर 500 जोड़ो के सामुहिक विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पात्र जोड़ो के चयन हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को पूर्व में ही लक्ष्य दे दिया गया था। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव ,पीडी साधना दीक्षित , समस्त बीडीओ, समस्त ईओ नगर पालिका/ नगर पंचायत ,समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दीवारी नृत्य प्रतियोगिता में महोबा नें मारी बाजी

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** बुण्देलखण्ड की युद्ध कौशल कला दिवारी नृत्य प्रतियोगिता में महोबा ने बांदा की अपेक्षा अधिक आकर्षित किया जिसके चलते महोबा टीम को प्रथम पुरस्कार दिया गया और बांदा दूसरे तथा हमीरपुर तीसरे स्थान पर रहे।

हर साल की तरह इस साल भी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकरांव में बुण्देलखण्ड स्तरीय दिवारी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन समाज सेवी अंकित यादव और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया जिसके मुख्य अतिथि राठ के भूपेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन कालपी अरविंद यादव रहे। दिवारी नृत्य प्रतियोगिता बुण्देलखण्ड की संस्कृति की पहचान है जिसमें एक विशेष तरह की पोशाक पहनकर युवाओं द्वारा लाठी से युद्ध कौशल दिखाया जाता है।जिसमें मौदहा टीम के किशोरों की नृत्य कला देख सभी आकर्षित हुए और उन्हें पुरस्कार के साथ ही आशीर्वाद देकर उनका उत्साह बढ़ाया।दिवारी नृत्य प्रतियोगिता में महोबा की टीम पहले स्थान पर रही जबकि बांदा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा और हमीरपुर की दिवारी टीम तीसरे नंबर पर रही।बताते चलें कि बेतहाशा बढ़ रही मंहगाई की मार के चलते दिवारी नृत्य भी फीका पड़ता जा रहा है क्योंकि इसकी तैयारियों और वस्त्रों के साथ ही ट्रेनिंग और लाठियों पर भी मंहगाई की मार पड़ रही है और धीरे धीरे बुण्देलखण्ड का सांस्कृतिक दिवारी नृत्य कला भी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है।

## आज से बुण्देलखण्ड खण्ड महोत्सव शुरू

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बुंदेली कला की पहचान एवं निखार लाने के उद्देश्य से कस्बे में बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के तीन दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव का आगाज आज शाम को भजन सम्राट पवन तिवारी की भजन संध्या से होगा। महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन तिवारी ने बताया कि बुंदेली कलाकारों की प्रतिभा एवं हुनर दिखाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 18 नवंबर से 20 नवंबर तक होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ 18 नवंबर को भजन सम्राट पवन तिवारी के कार्यक्रम से होगा। 19 नवंबर को मशहूर लोकगीत गायक जयप्रकाश पटैरिया अपनी प्रस्तुत देंगे।

# किसान यूनियन ने अनशन कर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**




**हमीरपुर।** भाकियू (अरा.)ने जिले के किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में अनशन कर जिलाधिकारी से सम्बोधित 8 सूत्री मांगो का ज्ञापन अतिरिक्त अधिकारी को सौपा है। भारतीय किसान यूनियन अरा. के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद की अगुवाई में दिए ज्ञापन में कहा कि जिले में स्थित नदियों से खनन माफियाओं द्वारा पोकलेण्ड मशीनों से जलधारा को प्रभावित कर मोरम की निकासी की जा रही है जिससे जलस्तर दिन प्रतिदिन घटता चला जा रहा है। अति शीघ्र मोरम खदानो में पोकलेण्ड मशीनों को वर्जित किया जाए। बिजली की अघोषित कटौती को बंद किया जाए जिससे किसानों को पलेवा में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। कहा कि सुमेरपुर, मुंडेरा, टोलामाफ भैंसमरी,टिकरी बुजुर्ग होते हुए बाँदा चित्रकूट के लिए पूर्व में बस संचालित की गई थी। किन्तु कुछ प्रभाव शाली लोगों के चलते बस सेवा को बंद कर दिया था।इस मार्ग पर बस सेवा संचालित की जाने सहित 8 सूत्री मांग की है। इस मौके पर सूखा सिंह, राजपूत, रसीद, रामस्वरूप तिवारी, रामकिशुन सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# नदी सरोवरों में स्नान कर नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ पर्व

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** छठ पूजा के प्रथम दिन नहाय खाय की परंपरा में प्रसाद के रूप में कद्दू चना की दाल सब्जी, चावल आदि बनाए गए। सभी प्रसाद सेंधा नमक और घी से तैयार होता है। इसी प्रसाद को खाकर अगले दिन की तैयारी की जाती हैं।

हिन्दू धर्म में छठ पर्व का विशेष महत्व है और यह प्रदेश के पूर्वांचल व बिहार प्रान्त में सर्वाधिक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को नहाय खाय के साथ हुई। अपने नाम के अनुसार ही छठ व्रती को नहाय के नियमों का पालन करना होता है। व्रतियों ने तालाब या नदी में स्नान करके व्रत का संकल्प लिया। बिहार प्रांत के निवासी राजन चौबे, घासीराम, मोनू सिंह, कृपाराम आदि ने बताया कि इस दिन भोजन प्रसाद में कद्दू चने की दाल सब्जी, चावल, सरसों का साग आदि बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किये जाते हैं।बताया कि यह सभी प्रसाद सेंधा नमक और घी से तैयार होता है। व्रती के प्रसाद ग्रहण करने के बाद घर के अन्य सदस्य भी इस सात्विक प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन पूरा परिवार साफ स्वच्छ होकर वस्त्र धारण करके सूर्यदेव व माता षष्ठी के गीत गाकर पर्व मानते हैं। इसी के साथ शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई है।

# सवारी से भरी प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर पलटी, दर्जनों यात्री जख्मी

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/गुरमा।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग से यात्रीयो से भरी प्राइवेट सिध्दार्थ बस चोपन थाना क्षेत्र के सलखन बाजार मे शुक्रवार के तकरीबन दो बजे दोपहर बस का अगला चक्का फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार जा पलटी इस घटना से बस मे सवार यात्रीगण चिख- पुकार करने घटना के बाद सलखन बाजार मे हडकंप मच मौके पर भीड एकत्रित हो गयी सभी स्थानिय बजार के निवासी तत्काल चोपन पुलिस को सूचना देते हुए सभी सवार को बस मे बचाव राहत अभियान चलाकर एक एक बाहर निकालने लगे तकरीबन दर्जनो यात्री घायल हालत मे मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह हमराही जवानो के साथ एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय उपचार हेतू भेजे जहा उपचार बाद सभी जख्मीयो की हालत सामान्य बताई गयी शेष यात्रीयो को दुसरे बस से उनके गतन्य स्थान पर भेजे गए। इस घटना मे राबर्ट्सगंज की तरफ जा रही एक स्विप डिजायर कार भी चपेट मे आने से क्षतिग्रस्त हो गयी उसमे भी संजोग रहा की सवार बाल बाल बच गए घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह भी मौके से पहुंचे मौका मुआयना कर बचाव राहत कार्यो के लिए प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सभी सभी बस पर यात्री को उनके गतयन्त स्थान पर भेजने के बाद क्रेन मंगाकर पलटी बस को खड़ी कराकर यातायात प्रारम्भ हुआ।

## डेंगू से बचाव के लिये नगरपालिका ने करायी फागिंग दो नये मरीज भर्ती

**बाँदा।** जिला चिकित्सालय (पुरूष) बांदा से 2 डेगू धनात्मक केस रिपोर्ट किये गये है जनवरी 2023 से आज दिनांक 17.11..2023 तक कुल 361 डेगू धनात्मक केस रिपोर्ट किये गये है। डेगू धनात्मक केसों के सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय बांदा श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि निरोधात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत हाउस इण्डेक्स सर्वे, जल भराव वाले स्थानों पर लार्वा निरोधक दवा का छिडकाव एवं नगर पालिका के सहयोग से फॉगिंग का कार्य तथा डेगू से संक्रमित होने से बचाने के लिये जनमानस को पम्पलेट्स के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा दी जाती है। कार्यवाही का विवरण- दिनांक 17.11.2023 को कैलाश पुरी , बंगाली पुरा, कुशवाहा नगर बांदा में निरोधात्मक कार्यवाही की गई।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए तथा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में मिड डे मील प्राप्त करने वाले छात्रों के प्रतिशत में गत माह की अपेक्षा गिरावट पाए जाने पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/ योजनाओं की प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें। जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विभागों यथा उद्योग विभाग ,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ,विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यटन, पंचायती राज ,बेसिक शिक्षा, पशुपालन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते हुई प्रगति में सुधार करने के निर्देश दे।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण कर दिए निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण वर्ग चार सत्र में हुआ। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला के जिला संयोजक/जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया।

प्रथम सत्र प्रदेश व केन्द्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजना एवं शत प्रतिशत क्रियान्वयन को सम्बोधित करते हुये भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, मुद्रा ऋण योजना का लाभ लोगो को दिलाये। जन सरोकार और राष्ट्रभक्ति भाजपा का मूलमंत्र है। इसी मंत्र पर आप सभी काम करे। इस सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने किया।

द्वितीय सत्र पार्टी का इतिहास, विचारधारा एवं जनभागीदारिता को सम्बोधित करते हुये जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वंचितों के लिए काम कर रहे है जो पार्टी आम लोगो के लिए कर रही है उसके विजय रथ को रोक पाना नामुमकिन है कहा कि भाजपा दुनिया की एकमात्र राजनैतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कराती है। जनसंघ से अब तक के भाजपा के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला। एकात्म मानववाद तथा राष्ट्रवाद की विचारधारा से पार्टी आज जिस मुकाम तक पहुंची है, भारतीय जनता पार्टी के प्रति एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक सहकर्मी वरिष्ठ नेताओं और पार्टी के नेता और सरकार मे सम्बंधो को अच्छा बनाये रखने के लिए प्रयासरत रहना और उनके साथ मधुर सम्बंध बनाये रखना चाहिए यही पार्टी के लिए अच्छी नीति होगी। इस सत्र की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामशकल ने किया।

तीसरा सत्र कुशल जनप्रतिनिधि, कार्यालय, जनसम्पर्क, प्रवास एवं सोशल मीडिया को संम्बोधित करते हुये क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा काशी क्षेत्र के शारदा खरवार ने बताया कि जनसम्पर्क, प्रवास और अच्छे कार्यालय से कैसे एक कुशल जनप्रतिनिधि की भूमिका निभा सकते है, उन्होंने जनप्रतिनिधि कैसे सोशल मीडिया का सदुपयोग करे इस पर व्यापक चर्चा किया। इस सत्र की अध्यक्षता अशोक कुमार मौर्या ने किया। चौथे और समापन सत्र सफल कहानियां, अनुभव एवं प्रश्नोत्तर में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने विस्तार से प्रकाश डाला।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया है शुभारंभ**
- **विकासित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग अपने अनुभव "मेरी कहानी मेरी जुबानी" किये साझा**
- **केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को किया जा रहा है लाभान्वित जनमानस का हो रहा है विकास**

**सोनभद्र।** विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसोई व पनारी गांव में किया गया, ग्राम पंचायत परसोई व पनारी में आयोजित कार्यक्रम को दीप प्रज्जवलित कर मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकाी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी, जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान व जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर,2023 को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाये, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाये, उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि सबको विकास के पथ पर अग्रसर किया जाये, इसके लिए केन्द्र सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु यह योजना बनायी गयी है, इस ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के माध्यम से गांवों में पात्र व्यक्तियों को क्या लाभ हुआ है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार लगातार जनमानस के कल्याण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसमें अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को साईकिल व स्कूल ड्रेस की सुविधा, अनुसूचित जनजाति बन्धन योजना समूहों के गठन का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, जिसमें- मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, एलपीजी गैस कनेक्शन,निःशुल्क खाद्य सामग्री, घरौनी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एनआरएलएम समुह की महिलाओं चेक, मनरेगा जॉबकार्ड का वितरण व समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित योजना के तहत साईकिल व वृद्धापेंशन प्रमाण-पत्र आदि का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को जनमानस ने देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

# छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद की समस्त शिक्षण संस्थानों से मांगे आवेदन

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बांदा श्री अभिषेक चौधरी ने बताया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण की पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य/प्रधानाचार्य / छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि पूर्वदशम (कक्षा 9-10) कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं हेतु संशोधित समय-सारणी निर्धारित की गयी है। जिसमें विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस की कार्यवाही दिनांक 09 नवम्बर, 2023 से 17 नवम्बर, 2023 तक पूर्ण की जायेगी, सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दिनांक 09 नवम्बर, 2023 से 05 दिसम्बर, 2023 तक उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता एवं स्वीकृत सीटों की संख्या को सत्यापित किया जाना है। छात्र छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल https://scholarship.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 08 दिसम्बर, 2023 तक किया जाना है, विद्यालयों द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2023 से 15 दिसम्बर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित किया जाना है। छात्रों के बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग कराना अनिवार्य होगा (संबंधित शिक्षण संस्थाएं आधार नम्बर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 मैपिंग की सूचना की सूचना अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्य चस्पा करें)। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं ऑनलाइन अग्रसारित करने में आ रही समस्या से सम्बन्धित सोशल सेक्टर के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराये ताकि समस्या का निराकरण कराया जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात यदि छात्र-छात्राए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से वंचित होते है तो इसकी सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों का होगा।

# चित्रगुप्त मंदिर में भव्य झांकी देख भावविभोर हुए लोग

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सोनभद्र के ओबरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर अपने ईस्ट देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को कलम की पूजा करने के एक दिन बाद ओबरा के कायस्थ समाज द्वारा भव्य झांकी के साथ जागरण और भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कायस्थ परिवार उपस्थित रहे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्वांचल प्रान्ती युवा उपाध्यक्ष एव सभासद राहुल ने कहा कि इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में कायस्थ और नगर के बुद्धजीवी वर्ग भी शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिए जिसके लिए हम सभी का आभार प्रकट करते है। वही डॉक्टर अमरनाथ ने कहा कि चित्रगुप्त भगवान हम सभी कायस्थों के आराध्य देव हैं वह ज्ञान के देवता हैं सभी के कर्मो के आधार पर जीव को दंड या मुक्ति देने में कोई समस्या न हो, इसलिए चित्रगुप्त भगवान हर व्यक्ति के कर्मो का लेखा-जोखा लिखते है। इस मौके पर शशि कांत, अग्निवेश सक्सेना, अमित, नवीन, हिमांशु, रक्षित सहाय, शिवम सिन्हा, अनुराग, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रानमती देवी, समाजसेवी रमेश सिंह यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज भाटिया, सभासद अमित गुप्ता, राजू साहनी, अजित कनौजिया, रोहित एवम कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अभिभावकों को सोशल मीडिया के दुष्परिणामों से सतर्क रहने की आवश्यकता

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद शाहजहांपुर के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षा गृह में शुक्रवार को विद्यार्थी एवं स्मार्टफोनः सोशल मीडिया का प्रयोग, सार्थकता, दुष्प्रभाव एवं बचाव विषय पर कार्यशाला मुख्य अतिथि सौम्या अग्रवाल, आयुक्त,बरेली मंडल, बरेली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया । बच्चों ने श्रीमती सौम्या अग्रवाल को बुके देकर सम्मानित किया। ऑडिटोरियम में उपस्थित छात्रों तथा उनके अभिभावकों को स्मार्टफोन के अधिक उपयोग करने से होने वाली हानि के विषय में जानकारी दी गई। ऑडिटोरियम में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों तथा मनोचिकित्सकों द्वारा इस संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि अभिभावकों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के अतिशय उपयोग के दुष्परिणामों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक स्कूल में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के गठन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन तथा अभिभावक मिलकर ही इस समस्या से निपट सकते हैं। इस समस्या से सामूहिक रूप से ही निपटा जा सकता है । इसके लिए व्यापक जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहर को सेफ सिटी बनाने में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने कहा कि इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा को जमीनी स्तर पर उतारने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली डॉ राकेश सिंह ने कहां की हमें मोबाइल तथा इंटरनेट के सदुपयोग पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे चैट जी पी टी इत्यादि के कारण बच्चों में क्रिएटिविटी समाप्त होती जा रही है, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा की बच्चों पर मोबाइल तथा इंटरनेट के गंभीर नकारात्मक प्रभाव पडते हैं। डीएम ने कहा कि अत्यधिक इंटरनेट के इस्तेमाल के कारण बच्चों में मौलिक विचारशीलता खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस संबंध में अनुशासित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि काम के प्रति ईमानदार व्यक्ति कभी किसी लत का शिकार हो ही नहीं सकता। पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर अशोक कुमार मीणा ने कहा कि हमें मोबाइल तथा इंटरनेट के दोनों पहलुओं पर विचार करना चाहिए। एक तरफ जहां इसके दुष्परिणाम है तो दूसरी तरफ इसका उपयोग कई सकारात्मक कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने प्रिडिक्टिव साइकोलॉजी तथा साइबर बुलिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय दिया ।उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को सोशल मीडिया के एडिक्शन से बचाने की जरूरत है। सोशल मीडिया तथा मोबाइल उपयोग के एडिक्शन के दूरगामी परिणामों की भी चर्चा उन्होंने की ।इससे बचाव के उपाय के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि घर में डिवाइस डाइवर्सिटी तथा जीवन में एक्टिविटी डाइवर्सिटी को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में या संभव नही की मोबाइल तथा इंटरनेट के उपयोग को बिल्कुल बंद कर दिया जाए, हमें चाहिए कि टाइम बाउंड तरीके से इनका उपयोग करें।

इस संबंध में डॉक्टर अभिषेक चक्रधर तथा डॉक्टर पूनम यादव ने भी अपने सुझाव दिए। डॉ पूनम यादव ने बच्चों को सामाजिक स्किल सीखने की हिदायत दी। डॉ अभिषेक चक्रधर ने मस्तिष्क के रिवॉर्ड सिस्टम के विषय में बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार मस्तिष्क में स्रावित होने वाले डोपामिन से सोशल मीडिया तथा मोबाइल उपयोग करने की लत पड़ जाती है। इस विषय पर ऑडिटोरियम में एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

# मुख्यमंत्री ने प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सम्बन्ध में की समीक्षा

- प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए
- उ.प्र. इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह तैयार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सम्बन्ध में आज विभागवार व जनपदवार समीक्षा की। इस सम्बन्ध में विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के साथ अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रीगण के नेतृत्व में सम्बंधित विभागों को प्राप्त प्रत्येक औद्योगिक निवेश प्रस्ताव की तत्काल समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 10-12 फरवरी को यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कण्ट्री के 04 मंत्रीगणों, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25,000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन राज्य की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं तथा युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो के आयोजन सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरान्त तीन दिवसीय यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 1.10 करोड़ नौकरी व रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## संगीत नाटक अकादमी का स्थापना दिवस 20 नवम्बर को

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के संगीत नाटक अकादमी का स्थापना दिवस 20 नवम्बर को है। इस अवसर पर अकादमी की ओर से परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर का आयोजन गोमती नगर स्थित अकादमी परिसर के संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह में किया जायेगी। शाम छह बजे होने वाले इस यादगार कार्यक्रम में कोलकाता से पटियाला घराने की विदुषी कौशिकी चक्रवर्ती को आमंत्रित किया गया है। गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में संस्कृति एवं पर्यटन के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने समारोह का पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर समारोह का विवरण देते हुए अकादमी के निदेशक डॉ.शोभित कुमार नाहर ने बताया कि ख्याल से लेकर ठुमरी तक को प्रभावी रूप से पेश करने वाली लोकप्रिय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय गायिका कौशिकी चक्रवर्ती हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पदम्मभूषण पंडित अजॉय चक्रवर्ती की बेटी हैं। कौशिकी की सांस्कृतिक संध्या के प्रवेश टिकट को बुक माई शो के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

# संचारी रोगो की रोकथाम के लिए क्षेत्रों का मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

## मंत्री ने क्षेत्र में कार्यरत सफाईकर्मियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया

- जोन 04 में स्थित बड़े नाले (गोमती नगर ड्रेन) को रि-डिज़ायन करने व बॉयो रेमेडिएशन के दिए निर्देश
- स्थानीय निवासियों से क्षेत्र की परेशानियों के संबंध में वार्ता की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संचारी रोगो की रोकथाम के लिए लखनऊ नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासो एवं नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए 16 नवम्बर को स्थलीय भ्रमण किया।

उन्होंने सर्वप्रथम जोन-4 के राजीव गांधी द्वितीय वार्ड स्थित राम भवन के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव इत्यादि कार्यो का पर्यवेक्षण किया गया। क्षेत्र में स्थित बड़े नाले (गोमती नगर ड्रेन) का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नाले को रि-डिज़ायन करने एवं बॉयो रेमेडिएशन किए जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय पार्षद अरुण तिवारी एवं स्थानीय निवासियों से वार्ता कर क्षेत्र के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी की। साथ ही वहां पर कार्यरत सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन भी किया। तत्पश्चात नगर विकास मंत्री जी द्वारा जोन-1 स्थित राजा राम मोहन राय वार्ड स्थित नानपारा हाउस में डेंगू से पीड़ित 19 वर्षीय युवक श्री वैभव गुप्ता के निवास पर भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। साथ ही क्षेत्र में संचारी रोगो की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यो में सफाई, फागिंग, एंटी लार्वा इत्यादि की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी परेशानियों के संबंध में वार्ता की तथा वहां पर कार्यरत सफाई कर्मियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।निरीक्षण के समय नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनजाति संस्कृति की विशेष पहचान केवल क्रियाकलापों से है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर लखनऊ में चल रहे जनजातीय भागीदारी उत्सव के तहत आयोजित संस्कृति और विकास गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पदम्मश्री विद्या बिन्दु सिंह ने कहा कि जनजाति संस्कृति की विशेष पहचान केवल लोकनृत्य से नहीं है बल्कि उनसे जुड़ी हर गतिविधि एवं क्रियाकलापों से है। जनजातीय समुदाय की सहज जीवन शैली ही इनकी विशेषता है। आज पूरा विश्व जनजातीय संस्कृति की ओर सहज ही आकर्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि देवी देवताओं एवं प्रकृति के क्षेत्र में न केवल इनका भय बल्कि विश्वास दोनों ही शामिल हैं। जहां ये एक तरफ प्रकृति को नुकसान करने से डरते हैं वहीं भगवान से उम्मीद करते हैं कि वह दिव्य शक्ति उनकी प्राकृतिक आपदाओं से उनकी रक्षा करेगा। जनजाति समुदाय के लोग वीरता को खासा महत्व देते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि कोरोना के बाद पूरे विश्व की सोच में बदलाव आया। आज लोग लौटकर पुन- प्रकृति की ओर आ रहे हैं। लोगों ने प्रकृति के महत्व को समझा और अनुभव किया कि प्रकृति हमें आक्सीजन व जल आदि प्रदान करती है। इस अवसर पर जनजाति समाज से दर्जा प्राप्त मंत्री ट्रसजेन्डर वेलफेयर बोर्ड देविका देवेन्द्र एस. मंगलामुखी ने कहा कि संस्कृति का ही भाग है आध्यात्म। इस अवसर पर बीज वक्तव्य तथा गोष्ठी का संचालन प्रो. ओम प्रकाश भारती ने किया।

# बूथ स्तर से लोगों को जोड़ बैठकें सुनिश्चित की जाएं: अजय

- हर आदमी हर दिन 5 नये सदस्यों को जोड़े



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संगठन अपनत्व की भावना से चलता है। हर नेता को चाहिए कि हर कार्यकर्ता से अपनत्व का भाव रखे और उसके हर सुख-दुख में खड़ा हो। तभी संगठन पर उसका विश्वास कायम रहेगा। बूथ स्तर से लोगों को जोड़ कर संगठन की बैठकें सुनिश्चित की जाएं और हर मोहल्ले, ग्रामसभाओं, ब्लाक स्तर पर बैठक कर आम जनता के बीच जा उनकी समस्याएं सुन निवारण पर काम करें। श्री राय ने कहा कि हर आदमी हर दिन 5 नये सदस्यों को जोड़े, जिससे संगठन धरातल पर और अधिक प्रभावी हो सके। श्री राय शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में लखनऊ में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता हमारे वंदनीय हैं, क्योंकि वे विषम परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ खड़ा रहा है। आज हमें एक बार फिर एकजुट होकर सड़कों पर उतरने की जरूरत है, क्योंकि 2024 की लड़ाई हम आपके साहस, संकल्प और अथक प्रयासों से हीतेंगे। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव चुनौती के तौर पर सामने हैं। हमें एकजुटता से संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है, ताकि देश से जनविरोधी भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकने में कामयाब हो सकें। बैठक का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर ने किया। बैठक में पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, इन्दल रावत, डॉ. सी.पी. राय, डॉ. उमाशंकर पाण्डेय, मुकेश सिंह चौहान, अनीस अंसारी, नरेश बाल्मीकि, आशुतोष मिश्र, अंशू त्रिपाठी, राजेश सिंह काली, संजय शर्मा, डॉ. रिचा कौशिक, मेहताब जायसी, डॉ. शहजाद आलम, परवेज मंसूरी, रियाज मुन्ना, शहाना सिद्दीकी, अमित त्यागी, वीरेन्द्र पाल, शब्बीर हाशमी, सुषमा मिश्रा, किरन शर्मा, राशिदा, आसिफ मुस्तफा, विनोद मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विपक्ष के लिए परिवार प्रथम, भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम: डॉ. राजेश्वर सिंह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तरह से कमर कस ली है। अंत्योदय से राष्ट्रोदय की दिशा में कार्य करने वाली भाजपा ने तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सत्ता हासिल करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी अपने विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मजबूत कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र के सभी मंडल पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों, सेक्टर संयोजकों और नगर पदाधिकारियों के साथ बैठक की और आगामी चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने का आवाहन किया। आशियाना आवास पर आयोजित हुई इस बैठक में केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने तथा भाजपा को पूर्ण मतों से विजयी का संकल्प लिया।

# नीतीश कुमार ने पसमांदा मुसलमानों के साथ नाइंसाफी की: वसीम राईन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जातीय जनगणना करवाकर चर्चा में आये बिहार राज्य के सीएम नीतीश कुमार ने पसमांदा मुसलमान के साथ नाइंसाफी की है धोखा दिया है। जनगणना के अनुसार राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या मुस्लिम आबादी की है और मुसलमानों ने हर जाति समुदाय से आगे बढ़कर साथ व विश्वास किया है उसका सिला यह कि बिहार सरकार में महज 5 ही मुस्लिम मंत्री बनाये गए हैं जबकि आबादी के हिसाब से इनकी संख्या आधी से अधिक होनी चाहिए।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने हाल ही में जो जातीय जनगणना करवाई उसके अनुसार उस राज्य की मुस्लिम आबादी 17 फीसदी से अधिक है जबकि यादव समाज 14 फीसदी आबादी के साथ दूसरे नम्बर पर है। अब इस राज्य सरकार के मंत्रिमंडल पर नजर डाली जाए तो कुल 33 मंत्रियों में महज 5 मुस्लिम व इतने ही दलित मंत्री बनाये गए हैं और सबसे ज्यादा मंत्री पिछड़े समुदाय से हैं। यहां भेदभाव खुदबखुद जाहिर हो रहा है। 13 करोड़ से अधिक आबादी वाले इस राज्य में 17 फीसदी से अधिक आबादी मुस्लिम समाज की है जिसमे सर्वाधिक संख्या पसमांदा मुसलमान की है इसके बावजूद सरकार में महज 5 ही मुस्लिम चेहरे शामिल किए गए हैं। उपेक्षा और हिकारत के भला इससे बड़ा उदाहरण और क्या होगा।

## एलडीए ने अवैध व्यवसायिक कॉम्पलेक्स को किया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शुक्रवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने मड़ियांव में एक अवैध व्यवसायिक कॉम्पलेक्स सील कराया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि महेश कुमार की ओर से मड़ियांव के सीतापुर रोड स्थित गौरभीट गांव के अंदर जाने वाले मार्ग पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से 15 दुकानों का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार ने शुक्रवार को अवैध कॉम्पलेक्स को सील कराया।

# आईईसी वैनों को देश की बड़ी जनजातीय आबादी वाले दूरस्थ इलाकों से किया रवाना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली 5 विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गई। इसी तरह की आईईसी वैनों को देश भर के बड़ी आदिवासी आबादी वाले 68 जिलों से राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जम्मू-कश्मीर में इस संकल्प यात्रा को क्रमशः राजौरी और बांदीपोरा जिलों के बुद्धल और गुरेज इलाकों से रवाना किया गया। समुद्र तल से 8,000 फीट की ऊंचाई पर सर्द हवाओं के बीच स्थानीय लोग, युवा, पंचायत राज संस्थान और सरकारी अधिकारी इस शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी पटनायक (सेवानिवृत्त) ने निचला सुबनसिरी जिले के जाइरो में आईईसी वैनों को हरी झंडी दिखाई। इस औपचारिक शुभारंभ समारोह में पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने भाग लिया। ये आईईसी वैन निचला सुबनसिरी, तवांग और पूर्वी कामेंग जिलों में यात्रा करेंगी और जमीनी स्तर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता फैलाएंगी।

# लखनऊ मंडल से चलने वाली तीन दर्जन ट्रेनें एक दिसम्बर से 29 फरवरी के बीच रहेंगी निरस्त



### छठ पर 71 स्पेशल ट्रेनों का किया संचालन

**लखनऊ।** छठ पर यात्रियों के लिए उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 71 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। इन ट्रेनों से करीब एक लाख यात्री छठ पर अपने घरों तक पहुंचेंगे। जिसमें उत्तर रेलवे की 8 जोड़ी और पूर्वोत्तर रेलवे की 63 जोड़ी ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों से चलाई गईं हैं। शुक्रवार को उत्तर रेलवे के डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि बिहार और पूर्वांचल क्षेत्रों की ओर 39 जोड़ी ट्रेनों का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे के एडीआरएम एडीआरएम ऑपरेशन विक्रम कुमार ने बताया कि यात्रियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। अफसरों और कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है, ताकि यात्रियों को यात्रा में कोई दिक्कत न हो। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे के अफसर स्टेशन पर निरीक्षण करते नजर आये। शुक्रवार को उत्तर रेलवे के डीसीएम व स्टेशन निदेशक सिद्धार्थ वर्मा ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ मिलकर अभियान चलाया। इस दौरान जीआरपी इंस्पेक्टर संजय खरवार ट्रेनों के भीतर और बाहर से यात्रियों की परेशानी को देखते हुए उन्हें सीटें उपलब्ध कराई।

### इन ट्रेनों के फेरे घटे

ट्रेन नम्बर 12226 कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस दो दिसम्बर से, ट्रेन नम्बर 12225 कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस तीन दिसम्बर से, ट्रेन नम्बर 15909 अवध असम एक्स दो दिसम्बर से, ट्रेन नम्बर 15910 अवध असम एक्सप्रेस पांच दिसम्बर से, ट्रेन नम्बर 15026 आनन्द विहार मऊ चार दिसम्बर से, ट्रेन नम्बर 11123 ग्वालियर बरौनी मेल चार दिसम्बर से और ट्रेन नम्बर 11124 बरौनी ग्वालियर मेल पांच दिसम्बर से और ट्रेन नम्बर 15035 मऊ आनन्द विहार तीन दिसम्बर कम फेरों में चलेगी।

### बिरसा मुंडा ने किसानों को एकत्रित करके गोरिल्ला सेना बनाई

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन मंडल अध्यक्ष संपत राम मीणा ने बिरसा मुंडा को याद करते हुए बताया की बिरसा मुंडा ने किसानों को एकत्रित करके गोरिल्ला सेना बनाई और उन्हें अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। आदिवासी जनजाति गौरव दिवस के मौके पर पूर्वोत्तर रेलवे ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन की ओर से लखनऊ मंडल कार्यालय और सभी शाखाओं पर बड़े धूमधाम से कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान आदिवासी नायक स्वतंत्रता सेनानी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की शपथ मौजूद लोगों को दिलाई गई। कार्यक्रम में एडीआरएम संचालन विक्रम कुमार, सीनियर डीएफएम डॉ. राकेश भारती, डीपीओ बसंत लाल, सीनियर डीओएम अमिताभ कुमार, मंडल यांत्रिक इंजीनियर रमाशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल से चलने और गुजरने वाली तीन दर्जन ट्रेनें एक दिसम्बर से 29 फरवरी 2024 के बीच निरस्त रहेंगी। वहीं दर्जन भर ट्रेनों फेरे कम कर दिये गये हैं। इससे उन यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है जिन्होंने पहले से कन्फर्म टिकट लिए थे। ऐसे में रेलवे यात्रियों के टिकट का रिफण्ड करेगा। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि यात्रियों से अनुरोध है कि निरस्त ट्रेनों की जानकारी के लिए रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 और पूछताछ वेबसाइट पर ट्रेनों की जानकारी ले सकते हैं। ट्रेन नम्बर 14524 हरिहरनाथ एक्सप्रेस दो दिसम्बर से 27 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14523 हरिहरनाथ एक्सप्रेस चार दिसम्बर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14674 शहीद एक्सप्रेस पांच दिसम्बर से 27 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14673 शहीद एक्सप्रेस सात दिबम्सर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14004 मालदा टाउन तीन दिसम्बर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14003 मालदा टाउन पांच दिसम्बर से दो मार्च तक, ट्रेन नम्बर 14235 बनारस बरेली एक्स एक दिसम्बर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14236 बरेली बनारस एक्सप्रेस दो दिसम्बर से एक मार्च तक, ट्रेन नम्बर 14229 प्रयागराज संगम योगनगरी तीन दिसम्बर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 14230 योगनगरी प्रयागराज संगम चार दिसम्बर से एक मार्च तक, ट्रेन नम्बर 18103 टाटानगर अमृतसर जलियांवाला बाग चार दिसम्बर से 28 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 18104 अमृतसर टाटानगर जलियांवाला बाग छह दिसम्बर से एक मार्च तक, ट्रेन नम्बर 15058 आनन्द विहार गोरखपुर छह दिसम्बर से 28 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 15057 गोरखपुर आनन्द विहार सात दिसम्बर से 29 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 04651 जयनगर अमृतसर तीन दिसम्बर से एक मार्च तक, ट्रेन नम्बर 04652 अमृतसर जयनगर एक दिसम्बर से 28 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 12538 बापूधाम एक्सप्रेस चार दिसम्बर से 28 फरवरी तक, ट्रेन नम्बर 12537 बापूधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस चार दिसम्बर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी।

## गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण




**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने मुख्यालय से आये मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एससी.श्रीवास्तव, मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार और अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन विक्रम कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति राघवेन्द्र कुमार व कई शाखाधिकारियों के साथ गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया और मण्डल कार्यालय में समीक्षा बैठक की। निरीक्षण में महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने गोमतीनगर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं लेआउट प्लान के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रेल भूमि विकास प्राधिकरण आरएलडीए के अधिकारियों की ओर से गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंधक ने अधिकारियों को गोमतीनगर स्टेशन पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिये। मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में समीक्षा बैठक में मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने पावर पॉइंट के माध्यम से मंडल की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं, माल यातायात आय, यात्री परिवहन, यात्री सुविधाओं, संरक्षा एवं सुरक्षा, भौगोलिक क्षेत्र, ट्रेन परिचालन, राजस्व अर्जन, कर्मचारी कल्याण एवं गतिशक्ति के अंतर्गत विकास परियोजनाओं तथा महत्वपूर्ण गतिविधियों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। बैठक को सम्बोधित करते महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने कहा कि संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संरक्षा की जानकारी सभी रेल कर्मियों को होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, माल लदान, राजस्व वृद्धि, गाडियों का समय पालन, गाड़ी संचलन एवं कर्मचारी कल्याण भी हमारी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मण्डल में विशेष छठ पूजा पर्व पर स्टेशनों व ट्रेनों पर रेलवे के सभी विभाग की तरफ से संयुक्त रूप से विशेष निगरानी की जाये। माथुर ने सभी अधिकारियों को अपने सामर्थ्य, ज्ञान तथा अनुभव को लक्ष्य आधारित प्रयासों के लिए उपयोग करने का सुझाव दिया।

# 'एक शाम ज़ेबा अल्वी के नाम' कार्यक्रम आयोजित

- पाकिस्तान से आये शायर का हुआ सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दुबई एवं लखनऊ स्थित प्रसिद्ध एनजीओ बज़्म-ए-उर्दू के सौजन्य से 16 नवम्बर 2023 को भारत आयी, प्रसिद्ध शाएरा एवं अफ़्साना निग़ार ज़ेबा अलवी के सम्मान में ''एक शाम ज़ेबा अल्वी के नाम'' के उनवान से यहां, तालीमग़ाह-ए-निस्वा इण्टर कालेज के प्रांगण में अपरान्ह एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उर्दू की मशहूर अफ़साना निग़ार आएशा सिद्दीकी ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ असमा मतलूब के तिलावत-ए-कलाम पाक से हुआ। तदोपरान्त डा. इशरत नाहीद ने अपना अफ़्साना पढ़कर सुनाया। इस क्रम में डा. साबरा हबीब ने अपने स्तर पर लिखे अफ़्साने ''चट्टान'' से सामईन का मनोरन्जन किया। जिसके पष्चात् मुख्य अतिथि ने स्वयं अपनी नज़्म और अफ़्साने से आये हुए लोगों को भाव विभोर कर दिया, साथ ही उन्होनें लखनऊ वालों के खुलूस और एखलाक़ की दिल खोल कर प्रशंसा की। कार्यक्रम में उर्दू-हिन्दी के प्रसिद्ध मज़मून निग़ार मो. क़मर ख़ाँ जिन्हें विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था, दुबई एवं लखनऊ स्थित 'बज़्म-ए-उर्दू' की स्थापना एवं उसके कार्य-कलापों पर प्रकाश डाला, साथ ही स्थानीय लामार्टीनियर गर्ल्स कालेज में कक्षा-5 से कक्षा-7 तक इस एन.जी.ओ. के सहयोग से जारी उर्दू शिक्षा के विस्तार पर चर्चा की। अन्त में डा. परवीन शुजाअत द्वारा समस्त आगन्तुकों के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।